हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित






मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 23 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 74 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 62, 730 | ₹75,000 |



## आज का इतिहास

- 2014 : डेल अर्नहार्ड, जूनियर ने अपनी दूसरी डेटोना 500 रेस जीत ली, अपनी पहली जीत के 10 साल बाद, एक दौड़ में भारी बारिश से घंटों के लिए स्थगित कर दिया।
- 2013 : कनाडा की सुरक्षा खुफिया सेवा का मानना है कि देश में अल-कायदा संबद्ध समूहों की उपस्थिति संभावित हमलों का कारण बन सकती है।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार प्रीमियर लीग के पूर्व संयोजक के ठिकानों पर छापेमारी

**पटना (नि.सं.)।** पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र के लोहानीपुर स्थित एक अपार्टमेंट में गुरुवार को केन्द्रीय एजेंसी की टीम ने रेड मारी। जानकारी के मुताबिक, यह छापेमारी बिहार प्रीमियर लीग के पूर्व संयोजक ओमप्रकाश तिवारी के ठिकानों पर की जा रही है। एजेंसी की कार्रवाई ओमप्रकाश तिवारी के आवास और कार्यालय दोनों जगहों पर जारी है। सूत्रों के अनुसार पटना नगर निगम में फर्जी तरीके से लाखों रुपए की उगाही के आरोप में यह छापेमारी चल रही है। फिलहाल सीबीआई दस्तावेजों को खंगालने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, पटना में बिहार प्रीमियर लीग कराने वाले खेल आयोजक और शिव सेना के प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश तिवारी के ठिकानों पर केंद्रीय एजेंसी ने पटना नगर निगम, बुडको और रेलवे से फर्जी तरीके से धन उगाही के मामले में दबिश दी। करीब एक दर्जन से अधिक अधिकारी ओम प्रकाश तिवारी के कदमकुआं के लोहानीपुर की विंध्यवासिनी स्ट्रीट में दीपमाला अपार्टमेंट स्थित कार्यालय और आवास में छापेमारी की।

### बिहार में धान की खरीद में हुई गड़बड़ी

**पटना (नि.सं.)।** नीतीश सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि धान की अधिप्राप्ति में गड़बड़ी की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि धान की खरीद कम हुई तो कौन सत्ता में थे। मंत्री प्रेम कुमार गुरुवार को विधान परिषद में विभागवार बजट पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने सहरसा में धान अधिप्राप्ति में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने विपक्ष के विभिन्न विभागों की जांच के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने यह भी कि उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से राज्य के गरीब और वंचित लोगों को विकास कार्यो से जोड़ा जा रहा है। किसानों की आय बढ़ी है।

### हिमाचल में बनीं 14 समेत देश की 46 दवाओं के सैंपल फेल

**शिमला (हिमाचल प्रदेश) (ए.)।** हिमाचल प्रदेश की 14 समेत देशभर की 46 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। प्रदेश की जिन 14 दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, उनमें सिरमौर की तीन, कांगड़ा की एक और सोलन जिले की 10 दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं। केंद्रीय औषधी मानक नियंत्रण संगठन ने जनवरी के ड्रग अलर्ट में ये दवाएं मानकों पर सही नहीं पाई गई हैं। इन दवाओं में त्वचा में होने वाले संक्रमण, जीवाणु संक्रमण, भूख बढ़ाने वाली दवा, एलर्जी, गर्भाशय से अनियमित रक्त स्राव, एनीमिया, एसिडिटी एलर्जी, शुगर और दर्द की दवाएं शामिल हैं। जनवरी में देश में कुल 932 दवाओं के सैंपल लिए गए थे, जिनमें 886 पास हुए और 46 फेल हुए।

भवन निर्माण विभाग के 132 योजनाओं का उद्घाटन

# 1555.30 करोड़ की लागत से पूरे बिहार में बनेगा भवन, 132 योजनाओं का उद्घाटन

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को 'संकल्प' में भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम द्वारा क्रियान्वित 18 विभागों की 1555.30 करोड़ रुपये की 132 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया एवं 16 विभागों के 1321.13 करोड़ रुपये की 110 योजनाओं का शिलान्यास किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य में कई आईकॉनिक बिल्डिंग्स बनाए गए हैं। बिहार संग्रहालय, सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र, सरदार पटेल भवन, महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र गया, बिहार सदन नई दिल्ली, प्रकाश पुंज, ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय दरभंगा, 2000 क्षमता के मोतिहारी एवं बेतिया में सभागार, प्रशासनिक प्रशिक्षण केंद्र गया, नियोजन भवन, ओपी साह सामुदायिक भवन, बापू परीक्षा परिसर, वरीय पदाधिकारी आवास, परिवहन परिसर जैसे कई महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पूर्ण किया गया है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत आज बक्सर अभियंत्रण महाविद्यालय के उद्घाटन के साथ ही कुल 31 अभियंत्रण महाविद्यालय भवनों की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गयी है। भोजपुर एवं जहानाबाद पॉलिटेक्निक भवनों का भी आज उद्घाटन किया जा रहा है जिसके साथ ही सभी 15 पॉलिटेक्निक भवनों का लक्ष्य भी हासिल कर लिया गया है। कार्यक्रम में भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चैधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।



### कैमूर जिले के तीन प्रखंडों में बनेंगे तीन छात्रावास

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जिले के तीन प्रखंडों के लिए तीन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इसमें मोहनियां प्रखंड के भटौली में अजा-अजजा आवासीय विद्यालय सह छात्रावास का निर्माण होगा। यह 720 बेड का होगा। इसके निर्माण कार्य पर कुल 45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जहां आवासीय विद्यालय सह छात्रावास का निर्माण होने वाला है वहां पहले अतिक्रमण था, लेकिन अतिक्रमण हटा दिया गया है। इसके बाद शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा जिले के चैनपुर व कुदरा प्रखंड में अजा-अजजा छात्रावास का निर्माण होगा। दोनों प्रखंडों में सिर्फ छात्रावास का ही निर्माण होगा और सौ-सौ बेड के छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक छात्रावास पर लगभग पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### सीएम ने मनेर शरीफ दरगाह पर चादरपोशी की

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को मनेर शरीफ स्थित सूफी संत हज़रत सुल्तानुल मख़्दूमीन सय्यिदुना शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी रहमतुल्लाह अलैह के 755वें उर्स मुबारक के मौके पर बड़ी दरगाह स्थित उनकी मजार पर चादरपोशी की और राज्य में सद्भाव, समृद्धि, अमन-चैन और खुशहाली कायम रहने की दुआयें मांगी। मनेर शरीफ खानकाह पहुँचने पर मुख्यमंत्री ने मनेर शरीफ खानकाह के गद्दीनशीं सैयद शाह तारिक ऐनायतुल्लाह फिरदौसी से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को टोपी और रूमाल भेंटकर उनका अभिनन्दन किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने आस्तान-ए-हज़रत सुल्तानुल मख़्दूमीन सय्यिदुना मखदूम शाह कमालुद्दीन अहमद याहिया मनेरी की मजार पर चादरपोशी की एवं दुआयें मांगी।

# बीपीएससी ने टीयर-1 में 584 अभ्यर्थियों पर से बैन हटाया, अब अभ्यर्थी दे सकेंगे परीक्षा

निज संवाददाता | पटना

बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक भर्ती परीक्षा में रिजल्ट से असंतुष्ट अभ्यर्थियों के लिए शिकायत पोर्टल बनाया गया था। यहां पर तमाम अभ्यर्थियों ने अपनी अपनी शिकायतें की थी। इसके लिए आयोग ने कई तरह का दिशा निर्देश दिया था। लेकिन जिन अभ्यर्थियों ने इस दिशा निर्देश का पालन नहीं किया। उन्हें 2 से 3 वर्षों के लिए आयोग द्वारा बैन कर दिया गया था। अब आयोग ने नोटिस जारी कर कल 584 अभ्यर्थियों से लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया है। आयोग ने आज नोटिस जारी करते हुए लिखा है कि विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर्गत प्रकाशित परीक्षाफल से संबंधित अच्छा ऑनलाइन पोर्टल पर बिना शपथ पत्र के शिकायत आपत्ति करने वाले प्रतिबंधित अभ्यर्थियों की सूची 25 दिसंबर 2023 को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी। अब तमाम अभ्यर्थियों द्वारा भेजे गए स्पष्टीकरण और माफी नामा को देखते हुए आयोग ने यह निर्णय लिया है कि (i) एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित 171 अभ्यर्थियों एवं (ii) तीन वर्षों के लिए प्रतिबंधित 413 अभ्यर्थियों कुल 584 अभ्यर्थियों को इस चेतावनी के साथ प्रतिबंध से मुक्त किया जाता है। आयोग की ओर से जारी किया गया पत्र। इसके साथ ही आयोग ने आगे चेतावनी देते हुए यह भी कहा है कि अगर भविष्य में इन तमाम अभ्यर्थियों की ओर से फिर से कोई गलती की जाती है तो एक बार इन्हें फिर से परीक्षाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

## 2.27 लाख नियोजित शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा का भरा फॉर्म

निज संवाददाता | पटना

बिहार में सक्षमता परीक्षा का एक तरफ नियोजित शिक्षक विरोध कर रहे हैं, वहीं आंकड़े कुछ और कह रहे हैं। आज आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है। शिक्षा विभाग ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि कुल 2.27 लाख आवेदन अब तक आ चुके हैं, जो कि कुल नियोजित शिक्षकों की संख्या का लगभग 70 प्रतिशत है। जिन नियोजित शिक्षकों ने अभी तक आवेदन नहीं भरा है, उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं, शिक्षा विभाग आंकड़े पर शिक्षक संघ ने आपत्ति जताई है। शिक्षक संघ का कहना है कि कन्हैया प्रसाद ने जो आंकड़ा जारी किया है, वह 100 फीसदी गलत है। शिक्षक संघ ने कहा है कि पत्र में 2.27 लाख शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा फॉर्म भरने की बात कही गई है। जो सरकार की एक बड़ा चाल है। हमारी एकजुटता को खंडित करने के लिए। अभी तक लगभग 70 हजार के आसपास आंकड़ा है। आधे से ज्यादा शिक्षक हड़बड़ाहट में या किसी के बहकावे में आकर फॉर्म तो भर दिए, लेकिन वे परीक्षा का बहिष्कार करेंगे। परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन 26 फरवरी से लेकर 13 मार्च तक किया जाएगा। समिति ने 13 फरवरी तक आवेदन करने वाले नियोजित शिक्षकों का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। परीक्षा में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके लिए दो घंटे 30 मिनट का समय दिया जाएगा। एग्जाम सेंटर पर अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधे घंट पहले ही पहुंचना होगा। कक्षा छठी से आठवीं के शिक्षकों के लिए भाषा में 30, सामान्य अध्ययन में 40 और संबंधित विषय में 80 प्रश्न होंगे। कक्षा 9वीं से 10वीं तक के शिक्षकों के लिए भाषा में 30, सामान्य अध्ययन में 40 और संबंधित विषयों में 80 प्रश्न होंगे।

# दुनिया की सबसे सरल और मधुर भाषा है मगही : डॉ. भरत सिंह

- इस अवसर पर डा. राजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा लिखित 'भ्रमर गीत का सौंदर्यशास्त्रीय अनुशीलन' पुस्तक का हुआ लोकार्पण
- मगही भाषा को संविधान के 8वीं अनुसूची में शामिल करने की गई मांग।

निज संवादाता | पटना

जनेश्वर विकास केंद्र एवं साहित्य संवाद के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय श्री कृष्णा सिंह स्मृति भवन में 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। उक्त समारोह लेखक एवं संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संस्था के सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मगध यूनिवर्सिटी हिंदी के विभागाध्यक्ष डा भरत सिंह, प्रगतिशील मगही समाज बिहार महामंत्री राम सिंहासन सिंह, साहित्य महापरिषद गया के महामंत्री राजीव रंजन ,कवि कुमार कांत, डॉ. रामरेश यादव ,डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, शिवनारायण सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित कर संयुक्त रुप से किया गया। जनेश्वर विकास केंद्र अध्यक्ष रामजी सिंह और संयोजक लालदेव प्रसाद के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्रमृ एवं पुष्पमाला देकर सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र में डा राजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'भ्रमर गीत का सौन्दर्यशास्त्रीय अनुशीलन' का लोकार्पण आगत अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद लेखक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने विषय प्रवेश के माध्यम से अपनी पुस्तक एवं उसकी लेखन प्रक्रिया में होने वाले अनुभवों को साझा किया। मंचस्थ अतिथियों ने विरह गीत परंपरा एवं इसके साहित्यिक अवदानों पर सम्यक प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में 'मगही भाषा का हलई, अब का हो गेलइ 'बिषय पर संगोष्ठी की शुरुआत की गई, जिसका विषय- प्रवेश शिक्षक रमेश कुमार सिंह ने कराते हुए कहा कि मगही भाषा का इतिहास गौरवशाली रहा है। परन्तु वर्तमान में इसके लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। मुख्य अतिथि तथा मगही भाषा विद्वान डा भरत सिंह ने कहा कि मगही भाषा दुनिया की सबसे सरल एवं मधुर भाषा है। यह भाषा कभी मौर्य साम्राज्य की राजभाषा हुआ करती थी। बोल चाल एवं काम काज की यही प्रमुख भाषा था। परन्तु आजकल मगही भाषा भाषी लोग ही इसे उपेक्षा कर रहे हैं। इसे पुनः गौरवशाली जगह दिलाने हेतु मगध के लोगों को ही आगे आना होगा। राम सिंहासन सिंह,राजीव रंजन ,कुमार कांत, रामरेश यादव ने भ्रमर गीत के लेखक की प्रशंसा करते हुए लेखन के क्षेत्र में यशस्वी होने की कामना की। इसके साथ ही सबों ने मगही भाषा के विकास के लिए बुद्धिजीवियों को प्रतिबद्ध होने हेतु आह्वाहन किया।

# पूमरे के महाप्रबंधक ने रेलवे बोर्ड के 'सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर' के रूप में संभाला पदभार

निज संवाददाता | हाजीपुर



पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने 20 फरवरी 2024 को रेल मंत्रालय में सदस्य इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड और भारत सरकार के पदेन सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा के 1987 बैच के अधिकारी श्री खंडेलवाल एमएनआईटी, जयपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और आईआईटी, रूड़की से एम.टेक है। 35 वर्षों से अधिक के अमूल्य पेशेवर अनुभव के साथ, श्री खंडेलवाल ने भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में भारतीय रेल की कई महत्वपूर्ण निर्माण परियोजनाओं को पूरा किया गया है। उन्होंने दक्षिण मध्य रेलवे के चुनौतीपूर्ण नक्सली क्षेत्र में सहायक अभियंता/बेल्लमपल्ली के रूप में अपनी रेलसेवा शुरू की। उन्होंने दक्षिण मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे, रेलवे बोर्ड, उत्तर रेलवे, यूएसबीआरएल परियोजना में विभिन्न पदों पर भूमिकाएँ निभाईं। विदित हो कि अनिल कुमार खंडेलवाल ने 30.10.2023 को पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। श्री खंडेलवाल ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक प्रोजेक्ट के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण के रूप में कार्य करते हुए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जमीन की जमाबंदी को कराना होगा आधार कार्ड से लिंक : उप मुख्यमंत्री



निज संवाददाता | पटना

जमाबंदी को आधार लिंक करने के कार्य को गति दिए जाने को ले सरकार नई टेक्नोलॉजी के साथ काम करेगी। इस वर्ष के अंत तक सभी जमाबंदी को आधार कार्ड से जोड़ दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार में विधानसभा में आए एक प्रश्न के जवाब में यह बात कही। यह जानकारी दी गई कि सूबे में 4.8 करोड़ जमाबंदी में अब तक मात्र 84.36 लाख जमाबंदी को ही आधार से जोड़ा जा सका है। खजौली के विधायक अरुण शंकर प्रसाद ने इस प्रश्न को उठाया था। यह कहा गया कि जमाबंदी के आधार से जुड़ जाने के बाद भू माफियाओं पर अंकुश लगाना संभव हो सकेगा। इसके अतिरिक्त जमीन से जुड़े अपराध की संख्या में भी कमी आएगी।

# बिहार डीएलएड परीक्षा का डमी एडमिट कार्ड जारी

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने आवेदन फॉर्म में संशोधन के लिए डमी एडमिट कार्ड के जरिए आवेदन फॉर्म में संशोधन का मौका दिया है। बीएसईबी ने डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2024 फॉर्म में संशोधन की विंडो ओपन की है। बिहार डीएलएड 2024 में भाग लेने को इच्छुक अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट deledbihar.in पर जाकर अपने एडमिट कार्ड में सुधार कर सकते हैं। बिहार बोर्ड डीएलएड 2024 के प्रवेश पत्र उन सभी अभ्यर्थियों के लिए जारी किए गए हैं जिन्होंने अपने आवेदन फॉर्म ठीक से जमा कराए हैं और आवेदन शुल्क जमा कराया है। डीएलएड एडमिट कार्ड डाउनलोड करने का विंडो 22 फरवरी से 26 फरवरी 2024 तक ओपन रहेगा। यानी अभ्यर्थी आज से आगामी चार दिनों तक एडमिट कार्ड में सुधार करा सकते हैं। बीएसईबी ने अभ्यर्थियों से कहा है कि डमी एडमिट कार्ड में दी गई सूचनाओं को ध्यान से पढ़ लें और यदि इसमें कुछ सुधार की जरूरत हो तो एडमिट कार्ड विंडो के जरिए जरूरी संशोधन करा सकते हैं। जो भी अभ्यर्थी अपनी कैटेगरी में बदलाव चाहते हैं वे आवेदन शुल्क के साथ कैटेगरी में बदलाव करा सकते हैं। जब तक अभ्यर्थी जरूरी आवेदन शुल्क जमा नहीं कराते हैं उनके ओरिजनल एडमिट कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। बोर्ड ने आगे कहा कि आवेदन में संशोधन के लिए अतिरिक्त शुल्क नहीं जमा कराने वालों के एडमिट कार्ड भी जारी नहीं किए जाएंगे। 26 फरवरी के बाद आवेदन में किसी प्रकार का सुधार नहीं कराया जा सकेगा।

# इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन आज से, रिजल्ट होली के पहले

निज संवाददाता | पटना

राज्यभर में इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन आज से शुरू होगा। मूल्यांकन कार्य चार मार्च तक पूरा करा लेने का लक्ष्य है। उम्मीद है कि होली के पहले 20 मार्च तक रिजल्ट भी जारी हो जाएगा। उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्याकंन के लिए पटना में सात केंद्र बनाये गये हैं, वहीं पूरे राज्य में 200 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। इस बर इंटर व मैट्रिक की उत्तरपुस्तिकाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया जल्द समाप्त हो जाएगी। संबंधित विषयों में शिक्षकों की संख्या बढ़ी है। नये शिक्षकों को भी मूल्यांकन कार्य में लगया गया है। इस बार लगभग 25 हजार शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया है।

इस बाबत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं। मूल्यांकन कार्य एक ही पाली में नौ बजे से शाम पांच बजे तक किया जाएगा। जो सह परीक्षक, प्रधान परीक्षक आवंटित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समयावधि में नौ से पांच बजे तक पूर्ण नहीं करेंगे, उन्हें उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शाम छह बजे तक पूर्ण करना होगा। मूल्यांकन कार्य में लगे सभी कर्मियों को आठ बजे तक निर्धारित केंद्र में प्रवेश करना होगा। मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को 23 फरवरी को ही योगदान देना होगा। वहीं मूल्यांकन समाप्त होने के बाद अंकों का सत्यापन करना होगा। इसके बाद टॉपर का इंटरव्यू भी आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार के बाद फाइनल रिजल्ट पर मुहर लगेगी। मूल्यांकन केंद्रों पर प्राप्तांक की ऑनलाइन इंट्री करायी जाएगी। मूल्यांकन केंद्र की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से होगी।

# पटना समेत बिहार के 11 जिलों में बारिश, 27 में अलर्ट, आकाशीय बिजली की भी संभावना

निज संवाददाता | पटना

मुंगेर, अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा, भागलपुर और बेतिया समेत कई जिलों में सुबह-सुबह तेज बारिश हुई है। इसके साथ ही औरंगाबाद, समस्तीपुर, सासाराम, नालंदा, बेगूसराय में भी बूंदाबांदी हुई है। कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 27 जिलों में बारिश, मेघगर्जन को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, खगड़िया, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, बांका, मुंगेर और भागलपुर शामिल है। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ के दस्तक देने के साथ ही राजस्थान और उत्तरी बांग्लादश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से बिहार के मौसम का मिजाज में बदलाव देखने को मिल रहा है। पटना की न्यूनतम तापमान में करीब 5 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिली है। यहां का न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस सर्च किया गया है। वही अधिकतम तापमान में भी एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग की तरफ से किसानों को चेतावनी देते हुए कटी हुई फसलों को खुले स्थानों में न रखने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की तरफ से 3 दिन तक यह भी कहा गया है की बारिश ओले गिरने तेज हवाओं के साथ मौसम में बदलाव होगा। इस की वजह से वायुमंडल में आद्रता बढ़ाने की संभावना है। ऐसे में फसलों को पानी और नमी से नुकसान हो सकता है।

### क्या बोले मौसम वैज्ञानिक



मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव अगले 1 से 2 दिनों तक ही रहेगा। एक हफ्ते के भीतर ठंड की विदाई शुरू हो जाएगी। दिन का तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच तो रात का तापमान 14 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। पूरब हवा भी चलेगी।


BAYC Institute
स्थापित : 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई पूर्ण योजनाओं का किया उद्घाटन

**नवादा**। जिला अन्तर्गत नव निर्मित भवन का उद्घाटन एवं परियोजनाओं के शिलान्यास का कार्यक्रम नीतीश कुमार, माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के कर-कमलों द्वारा ऑनलाईन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दोपहर 12:30 बजे में किया गया। भवन अन्तर्गत-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कौआकोल नवादा, अनुसूचित जाति छात्रावास योजना अन्तर्गत रजौली प्रखंड में 720 आसन वाले राजकीय अम्बेडकर बालक उच्च विद्यालय का उद्घाटन किया गया जिसका स्वीकृति की राशि 3483.00 लाख रूपया है। अनुसूचित जाति अन्तर्गत सिरदला प्रखंड में 720 आसन वाले आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया गया जिसका स्वीकृति की राशि 5100.00 लाख रूपया है। रजौली प्रखंड में 100 आसन वाले बालक छात्रावास भवन का उद्घाटन किया गया जिसका स्वीकृति की राशि 665.25 लाख रूपया है। नवादा सदर प्रखंड बुधौल में 100 आसन वाले बालक छात्रावास भवन का उद्घाटन किया गया जिसका स्वीकृति की राशि 665.25 लाख रूपया है। भवन अन्तर्गत कुल राशि 11290.50 लाख रूपया है। शिलान्यास अन्तर्गत-नवादा जिला अन्तर्गत अकबरपुर प्रखंड के तेयार में 520 आसन वाले एक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस 02 उच्च विद्यालय का निर्माण कार्य किया गया जिसका स्वीकृति की राशि 4635.28 लाख रूपया है। नवादा जिला अन्तर्गत पकरीबरावां में 100 आसन वाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य जिसका स्वीकृत की राशि 490.62 लाख रूपया है। नवादा जिला अन्तर्गत नारदीगंज में 100 आसन वाले राजकीय कल्याण छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य जिसका स्वीकृति की राशि 490.62 लाख रूपया है। शिलान्यास अन्तर्गत कुल राशि 5616.52 लाख रूपया है। आज इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में श्री आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा, श्री दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त नवादा, श्री संजय कुमार जिला कल्याण पदाधिकारी नवादा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल नवादा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 500 लीटर महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार, बाइक जप्त

**नवादा**। जिले के अकबरपुर व रोह पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर छापामारी कर 500 लीटर महुआ शराब के साथ तीन को गिरफ्तार किया है। इस क्रम में शराब ढोने के उपयोग में लाये जा रहे बाइक को जप्त किया है। इस बावत उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अकबरपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने गुप्त सूचना के तहत पैजुना गांव के पास छापामारी कर रजौली के जंगल से मोटरसाइकिल से शराब पहुंचाने आ रहे तस्कर को गिरफ्तार किया। मोटरसाइकिल की तलाशी में 480 लीटर महुआ शराब बरामद होते ही तस्कर को मोटरसाइकिल व शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के बजबातरी गांव के लल्लू यादव के रूप में की गयी है। इस बावत उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रोह थानाध्यक्ष वसंत कुमार ने 20 लीटर महुआ शराब के साथ दो बिक्रेता को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। इस बावत उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### रसोई यों व सहायकों के प्रशिक्षण का हुआ आगाज

**नवादा**। जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत रसोईया-सह-सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आगाज हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के रजौली अनुमंडल अंतर्गत सभी प्रखंडों से आए 5-5 रसोईया को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मो0 मजहर हुसैन, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना, मनीष कुमार जिला कार्यक्रम समन्वयक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नवादा सदर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में डीपीओ के द्वारा सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने आए हुए रसोईया-सह-सहायकों को मध्याह्न भोजन योजना के बारे में विघालय में खाना बनाने के दरम्यान साफ-सफाई, सावधानी, गुणवत्ता आदि के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में एक वीडियो क्लीप (लधु फिल्म) दिखाया गया। मास्टर ट्रेनर बीआरपी विजय शंकर व अखिलेश कुमार, मास्टर ट्रेनर रसोईया राधा देवी, मध्य विद्यालय भदोखरा व संगीता देवी मध्य विद्यालय बुधवारा के द्वारा सभी प्रशिक्षु रसोईया को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड साधन सेवी आलोक कुमार चंचल, शंकर कुमार, संजय कुमार, संजय पासवान, अशोक पासवान, उदय पासवान, किरण कुमारी, ताजउद्दीन उपस्थित थे।

### लोहार संघर्ष मोर्चा के अधिकार रैली को लेकर हो रही तैयारी

**नवादा**। अधिकार रैली का आयोजन मिलर हाईस्कुल पटना में होगा पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में 24 फरवरी को लोहार अधिकार रैली का आयोजन किया गया है। रैली में मुख्य अतिथि के केन्द्रीय मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री सहित उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद एवं विधान पार्षद उपस्थित रहेगें। उमेश विश्वकर्मा ने बताया कि लोहार अधिकार रैली की तैयारी पूरे जोर से चल रहा है, राज्यभर से अपने अधिकार के लिए लाखों की संख्या में लोग मिलर हाई स्कूल मैदान में अपने अधिकार के लिए लोहार समाज के लोगों का जुटान है। आगे विश्वकर्मा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगा। इस रैली को लेकर पूरे प्रदेश में बैनर पोस्टर से पाट दिया गया है। आज तैयारी समिति की बैठक पटना में आयोजित की गई है। बैठक में जोरदार ढंग से तैयारी की समीक्षा की बैठक की अध्यक्षता उमेश विश्वकर्मा ने किया। बैठक में राजेन्द्र विश्वकर्मा, दीनानाथ विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, शंभू विश्वकर्मा, अरविन्द शर्मा, जर्नाधिर विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, डॉ सत्यनारायण शर्मा, राजाराम शर्मा (व्यास जी), पवन विश्वकर्मा, जय कुमार ठाकुर,अरविन्द विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### युवा चौपाल कार्यक्रम के तहत भाजपा युवा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**(बेगूसराय)**। प्रखंड क्षेत्र के रसीदपुर पंचायत के रसीदपुर गांव निवासी बछवाड़ा विधान सभा के पुर्व विधायक स्व मिठन चौधरी के आवास पर बुधवार को युवा चौपाल कार्यक्रम के तहत भाजपा युवा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी । बैठक में रसीदपुर पंचायत के भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा भाजपा उत्तरी मंडल के अध्यक्ष रौशन कुमार राय ने किया । बैठक के दौरान केन्द्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा एक से बढ़कर एक लाभकारी योजना चलाए जा रहे हैं जिसमें गरीब कल्याण अन्न योजना ,पीएम मोदी हेल्थ आईडी कार्ड, स्वामित्व योजना,आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना,स्वनिधि योजना, अन्त्योदय अन्न योजना,नेशनल एजुकेशन पॉलिसी योजना, अग्निपथ भर्ती योजना समेत राम मंदिर निर्माण के साथ साथ जनकल्याणकारी योजनाओं में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने व क्षेत्र में सांसद,विधायक के द्वारा किए जा रहे विकास कार्य पर चर्चा की गई । बैठक के दौरान युवाओं के द्वारा स्वरोजगार ,किसानो के अनाज का हो रहे कालाबजारी,गरीबों को आवास समेत अन्य समस्याओ पर विस्तार पुर्वक चर्चा किया गया. बैठक के दौरान पंचायत के लाल बाबू,राकेश चौधरी,रौशन चौधरी ,सुशील चौधरी,अशोक चौधरी,अंगद चौधरी,गौतम चौधरी समेत अन्य भाजपा युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

### एक न्यायालय वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार ,भेजा जेल

**बेगूसराय**। थाना क्षेत्र के कादराबाद पंचायत के हादीपुर गांव में छापेमारी कर बछवाड़ा थाना पुलिस ने एक न्यायालय वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर थानाध्यक्ष बछवाड़ा अमित कुमार कांत ने बताया कि कादराबाद पंचायत के हादीपुर गांव निवासी स्वर्गीय शिवजी सिंह के पुत्र राज किशोर सिंह उर्फ नंदकिशोर सिंह को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति महिला थाना बेगूसराय का नामजद प्राथमिकी अभियुक्त है । गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध महिला थाना बेगूसराय में महिला उत्पीड़न व मारपीट का मामला दर्ज है । न्यायालय से फरार रहने के कारण न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था जिसके तहत उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

# राधे बिगहा गांव में एनीमिया प्री टेस्ट कैम्प का आयोजन,60 महिलाएं हुई लाभान्वित

निज संवाददाता। **रजौली**




प्रखण्ड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के राधे बिगहा गांव के पानी टंकी के समीप गुरुवार को हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के द्वारा एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त बिहार को लेकर एनीमिया प्री टेस्ट कैम्प का आयोजन किया गया।जिसमें 60 महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सहायक प्रबंधक अजय कुमार चौधरी, फिल्ड कोडिनेटर जितेन्द्र कुमार एवं एमआईएस रितेश कुमार द्वारा किया गया।कार्यक्रम में अजय कुमार ने कैंप को संबोधित करते हुए एनीमिया एवं कुपोषण के कारण,लक्षण एवं बचाव पर जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दी।साथ ही कहा कि एनीमिया को ठीक होने में छः से नौ महीने का समय लगता है।एनीमिया के लक्षणों में कमजोरी और थकान,त्वचा का रंग सफ़ेद या पीला होना,त्वचा में रूखापन और आसानी से नील पड़ना,अनियमित दिल की धड़कन और सांस लेने में कठिनाई,जीभ में छाले होना,चक्कर आना या बेहोशी जैसा महसूस होना,हाथ और पैर ठंडे होना व सिर दर्द होता है।वहीं एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को चिप्स,अचार,मछली आदि जैसे मसालेदार,खट्टे और नमकीन चीजें खाने से बचना चाहिए।वहीं एनिमिया से महिलाओं को अनार, आंवला,संतरा,अंजीर,सेब, पालक,चुकंदर,टमाटर और गोभी जैसे फल और सब्जियां नियमित रूप से अपने डाइट में शामिल करना चाहिए।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को आयरन टैबलेट एवं सिरप के उपयोग की विस्तृत जानकारियां दी एवं सभी प्रतिभागियों को अपने-अपने पोषण क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने का अनुरोध किया।इस दौरान नर्स निर्मला कुमारी ने भी अहम भूमिका निभाई।

## एकंबा शेखाटोला में अष्टयाम महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा



निज संवाददाता। **छौड़ाही बेगुसराय**

प्रखंड क्षेत्र के एकंबा पंचायत के शेखाटोला ग्राम में गुरूवार को अखण्ड अष्टयाम संकीर्तन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ विशाल कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें 201 कन्याओं ने तालाब से कलश में जल भरकर गांव का भ्रमण कर विधिवत रूप से यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित किया। संगीतमय सीताराम नाम धुन अनवरत चलते रखने के लिए दूर-दूर से भजन जागरण कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। आज यानि शुक्रवार को 24 घंटे तक सीताराम नाम का जाप कर इस यज्ञ का समापन होगा। अनुष्ठान की सफलता के लिए अरूण सहनी, रामशक्ति सहनी, सुशील सहनी, तुपो यादव, डॉ संतोष राम, चुनो साह, अमरेंद्र साह, सहदेव साह समेत अन्य ग्रामीण सक्रियता से लगे हुए थे।

## ग्राम कचहरी के सफल क्रियान्वयन को लेकर बीडीओ ने ग्राम कचहरी सचिवों के साथ की गई बैठक

निज संवाददाता। **रजौली**

**दो सचिवों की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण**



प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम कचहरी के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री ने ग्राम कचहरी के सचिवों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान दो ग्राम कचहरी सचिव अनुपस्थित रहे।बीडीओ ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम कचहरी का सफल क्रियान्वयन है।उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल सभी ग्राम कचहरी सचिवों को ससमय अपना रिपोर्ट प्रतिवेदन जमा करने,नियमित रूप से दीवानी और फौजदारी मामलों की सुनवाई करने एवं ग्राम कचरही में निष्पादित मामलों के प्रचार-प्रसार करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।बीडीओ ने कहा कि पंचायत के लोगों के दीवानी और फौजदारी मामलों का निष्पादन ग्राम कचहरी में हो जाने से ग्रामीणों को थाना या अन्य जगहों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।जिससे पंचायत में ग्रामीणों के बीच आपसी सौहार्द बढ़ेगा।वहीं बैठक के दौरान ग्राम कचहरी सचिवों द्वारा बताया गया कि बहुत सारे मामलों को सरपंच द्वारा पंचायती करवाकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है।जिसके कारण वे मामले ग्राम कचहरी में नहीं आ पाते हैं।बीडीओ ने कहा कि ग्राम कचहरी के बाहर निष्पादित होने वाले मामलों को लेकर सरपंच एवं ग्राम कचहरी सचिवों के साथ आनेवाले दिनों में बैठक किया जाएगा एवं अन्य कमियों को दूर किया जाएगा।वहीं बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सचिवों महेश कुमार और प्रियंका कुमारी को स्पष्टीकरण किया गया है।साथ ही जिला मुख्यालय को पत्र लिखकर एक दिन के वेतन की कटौती करने की भी अनुशंसा करने की बात कही है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारी की सफलता के लिए बनी रूपरेखा

निज संवाददाता। **नारदीगंज**




जिला लोक समिति की बैठक गुरुवार को नारदीगंज प्रखंड के कहुआरा गांव स्थित संस्था कार्यालय परिसर में आयोजित की गई। अध्यक्षता लोक समिति के प्रदेश मंत्री नागेन्द्र कुमार सिन्हा ने की । इस दौरान समिति के प्रदेश मंत्री ने संगठन को सुदृढ़ बनाने व जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किये , कहा कि आगामी आठ मार्च 20 24 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। इस दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा,कार्यक्रम को लेकर अभी से हम लोगों को तैयारी करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपरेखा के तैयारी पर भी चर्चा किये । वही प्रदेश महामंत्री शिवजी सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा कि लोक समिति लोकनायक जय प्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय संगठन है । इस गैर दलीय संगठन ने गरीबों की आवाज व अधिकार दिलाने का काम सदैव करते आ रहा है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गाँधीवादी गिरजा सतीश जी हैं। कहा गया रचना व सामाजिक कार्य के क्षेत्र में पूरे देश में उनकी पहचान है।इसके अलावा युवाओं व मजदूरों को रोजगार , भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य पर चर्चा भी किये । उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग किये की पूरे देश में शराब बन्द कानून लागू हो । मौके पर श्रवण कुमार कुशवाहा,विजय प्रसाद, भगीरथ प्रसाद, धीरेंद्र कुमार, बविता देवी, बरनी देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

## सिमरिया महिला कृषि उत्पादक लिमिटेड बिक्री केंद्र का शुभारंभ



निज संवाददाता। **छौराही बेगूसराय**

प्रखंड कार्यालय से तकरीबन 100 मीटर की दूरी पर पश्चिम दिशा में प्रखंड कार्यालय अंबेडकर चौक बखड्डा पथ में संचालक पूर्व प्रखंड प्रमुख अवंतिका देवी के सौजन्य से कंपनी के प्रबंधक गौतम कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को शुभारंभ किया गया। प्रबंधक श्री कुमार ने बताया कि इस संस्था के द्वारा दुकानों की अपेक्षा सस्ते दर पर खाद्यान्न सामग्री का क्रैय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसका संचालन लघु कृषक व्यापार संघ के द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र का संचालन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी शिक्षाविद के हाथों सदस्यों के बीच क्रय किया गया। मौके पर कृषि सामान्य पवन कुमार राय अरविंद मोहन प्रखंड प्रमुख सतीश कुमार कुशवाहा सावत पंचायत मुखिया काजल कुमारी उदय दास सत्यनारायण पेंट बिंदेश्वरी महतो संजय कुमार अनिल कुमार महेश्वर सहनी पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी के हाथों किया गया।।

## आगामी लोकसभा चुनाव क़ो लेकर डीएम ने विभिन्न कोषांगों के अधिकारियों के साथ किया बैठक

निज संवाददाता। **नवादा**



आशुतोष कुमार वर्मा जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, नवादा की अध्यक्षता में आज डीआरडीए सभागार में लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के सफल संचालन के लिए सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, कोषांग के नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी, नवादा जिला के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सभी अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अधिकारी और कर्मियों के साथ बैठक कर चुनाव कार्यो को युद्ध स्तर पर करें। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को सफल संचालन के लिए 22 कोषांगों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा गठन किया गया है। जिसमें से मुख्य कोषांग- कार्मिक, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, प्रशिक्षण कोषांग, वाहन कोषांग, सामग्री कोषांग, विधि-व्यवस्था प्रबंधन कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, स्वीप कोषांग, मीडिया कोषांग आदि के साथ अन्य कोषांगों का गठन किया गया है। सभी कोषांगों में वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी के साथ लिपिक और अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति आवश्यकता के अनुरूप की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के पूर्व, मतदान के समय तथा मतदान के बाद सम्पन्न होने वाली क्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दिया। सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों से लोक सभा चुनाव 2024 के तैयारियों के बारे में बारी-बारी से फिडबैक लिया गया। उन्होंने कहा कि अधियाचना जारी होने में कम समय रह गया है। कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कोषांगवार दिये गये कार्यो को ससमय पूरा करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि निर्वाचन से संबंधित बैठक आयोजित करें एवं कोषांग में चल रहे कार्यो की गतिविधि के बारे में जानकारी हमें भी दें, जिसका प्रतिवेदन उप विकास आयुक्त, और उप निर्वाचन पदाधिकारी को अवश्य दें। सभी कोषांग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सुरक्षित कर्मियों को भी संरक्षित रखना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दायित्व का निर्वहन सभी अधिकारियों को करना है। सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने कोषांगों के लिए सामग्रियों का आकलन कर निर्वाचन से मांग पत्र दें। सभी नोडल पदाधिकारी अपने-अपने कोषांग के अधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण का पूर्ण कलेंडर भी तैयार करेंगे। मतगणना कार्य केएलएस कॉलेज, नवादा में होगा। उन्होंने कहा कि नवादा जिला का मतदान प्रथम चरण में ही होगा इसलिए आप सभी को ज्यादा एलर्ट रहना है और त्योहार के वातावरण में मतदान कराना है। उन्होंने कहा कि मतदान एक चुनौती है, हमें इसमें मन लगाकर काम करना है।

बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, सिविल सर्जन नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नवादा सदर, जिला कल्याण पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्त्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी कोषांगों के नोडल और सहायक नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## नुरुल्लाहपुर गांव में जलसा ए दसतार बनदी का आयोजन

निज संवाददाता। **बेगूसराय**




सागी पंचायत के नुरुल्लाहपुर गांव के मदरसा जामेसुफ्फा में गुरुवार को जलसा ए दसतार बनदी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में बखरी प्रखंड क्षेत्र के चकहमीद गांव निवासी मोहम्मद इरफान के पुत्र मोहम्मद नासिब जिया के द्वारा दरजा हिफज कोर्स पूरा करने के उपलब्ध में जलसा ए दसतार बन्दी का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में इमारतें सरिया, बिहार, उड़ीसा, पटना से मौलाना असदुल्लाह नीमवी एवं मौलाना रफी आलम के द्वारा हाफिज का सनद मोहम्मद नासिब जिया को दिया गया. इस जलसा में आसपास के मदरसा व मस्जिद के आलिम शरीक हुए. इस मदरसा के अध्यक्ष मोहम्मद कसिम उद्दीन, सचिव मोहम्मद अहसन रौनक, सदस्य मोहम्मद नईम अख्तर, मोहम्मद अखलाक, मोहम्मद फिरोज अख्तर उर्फ हेना, मोहम्मद नसरुद्दीन समेत कई गणमान्य व्यक्ति के अलावे क्षेत्र में विभिन्न गांवों से अनेक लोग शामिल हुए. इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद असदुल्लाह ने कहा कि ये छोटे छोटे मदरसे दीनी एवं दुनियावी शिक्षा के क्षेत्र में बड़े काम कर रहे हैं. मदरसे में दीन हीन बच्चे शिक्षा पाते हैं, जिनके खाने पीने की व्यवस्था की जाती है. अगर ये मदरसे नहीं होते तो सब बच्चे गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित रह जायेगें. वहीं मौलाना रफी आलम ने कहा कि मदरसों में दीनी तालिम के अलावे अंग्रेजी, हिन्दी, साईंस एवं कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है.

## भाकपा जिला परिषद की बैठक में 27-28 फरवरी को बेगूसराय और 03 मार्च को पटना रैली की तैयारी पर की गई चर्चा

निज संवाददाता। **बेगुसराय**



27,28 फरवरी को महागठबंधन नेता तेजस्वी यादव का बेगूसराय में रैली और रोडशो होना है जिसमें महागठबंधन के विभिन्न घटक दल भी हिस्सा लेंगे।सूचना के बाद से ही इस कार्यक्रम की तैयारी में हमारी पार्टी अंचल और शाखा स्तर पर तैयारी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही 03 मार्च को पटना में महागठबंधन की रैली होना तय हुआ जिस में हमारी पार्टी बेगूसराय से 20 हजार का जत्था पटना केलिए कूच करेंगे।उपर्युक्त बातें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सारा जिला परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिए जिला मंत्री अवधेश कुमार राय ने कहा। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक ताकतों से निपटने के लिए शाखा स्तर तक गठबंधन के सभी घटक दलों को गठबंधन का धर्म निभाकर मैदान में उतरने की जरूरत है। इसके लिए बेगूसराय की और पटना की रैली अपनी ताकत को दिखाएगी।ज्ञात हो कि 27 28 फरवरी को बेगूसराय में मां गठबंधन नेता तेजस्वी यादव का कार्यक्रम होना है और पटना में 03 मार्च को महागठबंधन की बड़ी रैली होना है जिसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव,तेजस्वी यादव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा,सीपएम नेता सीताराम येचुरी,भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य सहित कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन घटक दल के राष्ट्रीय स्तर के नेता शामिल होंगे। इसी तैयारी को लेकर आज दिनांक 22 फरवरी,2024 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बेगूसराय जिला परिषद की बैठक पूर्व विधान पार्षद उषा सहनी की अध्यक्षता में बेगूसराय कार्यानंद भवन में आयोजित की गई।

रोजगार ढूंढने के लिए निकले थे दो बाइक सवार युवक

# अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, एक की मौत, दुसरा घायल



निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)**। कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के सरियांव गेट के पास NH-30 पर सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा घायल है। दोनों बाइक सवार को आसपास के ग्रामीणों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया लाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे का प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। परिजनों के मुताबिक दोनों काम की तलाश में गए हुए थे। इसके बाद दोनों उधर से लौट कर घर आ रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। इससे दोनों लोग सड़क पर गिर गए थे। वहीं, मृतक मोहनिया थाना क्षेत्र के कौड़ीराम गांव के अनिल कुशवाहा का बेटा राजन कुमार(22) बताया जा रहा। घायल कौड़ीराम गांव का ही यीशु बरेठा का बेटा सुधीर कुमार(23) बताया जा रहा है। ग्रामीण यशवंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों लोग बाइक पर सवार होकर काम ढूंढने के लिए जा रहे थे। तभी सरियांव गेट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

इससे एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, दूसरा घायल हो गया है। उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया ग्रामीणों द्वारा लाया गया, जहां एक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मोहनिया थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हुई है। दूसरे की स्थिति गंभीर है। हायर सेंटर रेफर किया गया है। दोनों मोहनिया थाना क्षेत्र के कौड़ीराम गांव के रहने वाले हैं। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रेन से कट कर झारखंड की महिला की मौत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)**। सासाराम रेलवे स्टेशन के पश्चिम श्री शंकर कॉलेज के पास गुरुवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान इंदु देवी उम्र 42 साल के रूप में की गई है। पोस्टमॉर्टम के लिए आई महिला की बहन सीमा ने बताया कि वह हर रोज पूजा करने के लिए शिव मंदिर तकिया जाती थी। गुरूवार को भी जा रही थी, इस दौरान रेल लाइन पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गई। इसके पहले वह कई बार ट्रेन से बच चुकी है। वहीं जीआरपी ने बताया कि पंडित दीनदयाल-गया रेल खंड के पास से महिला का शव बरामद किया गया है। फिलहाल शव को सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। महिला झारखंड के गढ़वा जिला के टड़वा निवासी महेश पाल की पत्नी बताई जा रही है। यहां वह रहकर एस्कूटिव मजिस्ट्रेट के घर में भोजन बनाती थी।

## करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास के अमझोर थाना क्षेत्र के रंजीत गंज ग्राम के पहाड़ से सटे तलहटी में खेत में लगे बिजली के नंगे तार की चपेट में आकर कर एक महिला किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरिता देवी के रूप में हुई है। हादसा शुक्रवार की दोपहर हुआ है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे तिलौथू प्रखण्ड के बीडीओ संजय कुमार ने कहा कि परिजनों को पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार की राशि दी जाएगी। उधर, पुलिस को परिजनों ने शव देने से इनकार कर दिया और कहा कि कोई भी मामला दर्ज नहीं करना है। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने कहा कि करीब 8 सालों से पति के दिव्यांग हो जाने के बाद से वह लगातार चितौली निवासी स्वर्गीय बली सिंह से बटाई पर लिए गए खेत में काम कर रही थी। घटना की सुबह खेत मालिक के कहने पर ही घास काटने खेत में पहुंची थी तब यह घटना घटी। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवरों और नील गायों के डर से पूरे खेत में नंगे बिजली के तारों लगाने के कारण यह घटना घटी है आगे भी इस तरह की घटना हो सकती है। बीडीओ ने कहा कि अनुचित ढंग से बिजली के तारों को जोड़ने वाले किसानों की बिजली फिलहाल काट दी जाएगी।

## तेजस्वी यादव की यात्रा आज पहुंचेगी रोहतास दिनारा के मैदान में जनसभा को करेंगे संबोधित

निज संवाददाता



**दिनारा (रोहतास)**। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने जन विश्वास यात्रा के क्रम में शुक्रवार को रोहतास आ रहे हैं। शुक्रवार की दोपहर में बलदेव उच्च विद्यालय, दिनारा के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को लेकर उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार को दिनभर गहमा-गहमी रही। राजद के नेता, कार्यकर्ता मंच और मैदान को तैयार करवाने में लगे रहे। विधायक विजय मंडल, विधान पार्षद अशोक पांडेय, राजद के जिलाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर जिला महासचिव राजू यादव, विधायक प्रतिनिधि पप्पू यादव, राजद नेता संतोष यादव और अन्य कार्यकर्ता तत्पर दिखे। विधायक प्रतिनिधि पप्पू यादव द्वारा मंच को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बलदेव उच्च विद्यालय का पूरा मैदान बैनर और पोस्टर पटा है।

बड़ी संख्या जिले भर से लोग जनसभा में पहुंचेंगे। बता दें कि तेजस्वी एक सप्ताह में दूसरी बाद रोहतास में आने वाले हैं। 16 फरवरी 2024 को वो राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए सासाराम आए थे। यहां उन्होंने चेनारी के टेकारी में राहुल गांधी के साथ किसान महापंचायत को संबोधित किया था। अब एक सप्ताह बाद वो जन विश्वास यात्रा में रोहतास आ रहे हैं। 23 फरवरी को वो दिनारा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय हैं कि तेजस्वी यादव 20 फरवरी से जन विश्वास यात्रा पर है। जिस क्रम में वो यात्रा के चौथे दिन 23 फरवरी को रोहतास आ रहे हैं।

### पॉलीथिन का उपयोग करनेवाले 50 दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। नगर परिषद प्रशासन ने गुरुवार को पॉलीथिन के उपयोग को ले शहर में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान इसका उपयोग करनेवाले एकता चौक, सब्जी मंडी रोड, कलेक्ट्रेट पथ आदि के 50 से अधिक दुकानदारों पर जुर्माना लगाया। नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मियों ने दुकानदारों से 5000 रुपए आर्थिक दंड के रूप में वसूल की। इससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया और जिन दुकानों में प्लास्टिक के पॉलीथिन था, वह उसे हटाने लगे। शाम में उनके द्वारा ग्राहकों को प्लास्टिम में समान नहीं दिए गए और बोला गया कि घर से थैला लेकर आइए।

## मोबाइल झपट कर भाग रहे चोर को लोगों ने पिटा, पुलिस ले गई थाने

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। एक यात्री का मोबाइल झपट कर भाग रहे चोर को पब्लिक ने पकड़ा लिया और फिर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उसको बचाकर थाना ले गई। यह मामला गया पटना रेल खंड पर होरीलगज मोहल्ले की बताई जा रही है। यात्री की माने तो वह ट्रेन में के गेट के पास बैठा हुआ था और उसके हाथ में मोबाइल था। इस दौरान चोर ने लाठी से उसके हाथ पर मार दिया। इसके बाद यात्री का मोबाइल ट्रेन के नीचे गिर गया और उसने हल्ला करना शुरू कर दिया। तभी आसपास के लोगों ने उसके पीछा किया और कुछ दूर पर वह पकड़ा गया। उसके बाद मौके पर ही लोगों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। घटना की सूचना नगर थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। बता दे कि गया पटना रेल खंड पर राजा बाजार मोहल्ले के पास ऐसी घटनाएं होती रहती है। इसके कारण कई बार लोगों की जान जा चुकी है।

## जिले के सभी हाई स्कूलों में 11वीं के छात्रों को दिया जाएगा कंप्यूटर का प्रशिक्षण

निज संवाददाता

कैमूर (भभुआ)। कैमूर जिले के सभी हाई स्कूलों में कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को बेसिक कंप्यूटर नॉलेज भाषा संवाद कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि हाई स्कूलों में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालयों में प्रशिक्षण 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए कौशल विकास मिशन श्रम संसाधन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए गूगल फॉर्म में सभी सूचनाओं कौशल विकास मिशन श्रम संसाधन विभाग को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इस बारे में निदेशक माध्यमिक शिक्षा ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिले में कुशल युवा कार्यक्रम, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में स्वयं सहायता भत्ता का लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य के अनुरूप योजना का लाभ जिले के युवाओं को देने के लिए जिला पदाधिकारी, कैमूर सावन कुमार ने निर्देशित किया है। विकसित बिहार के सात निश्चय में से एक आर्थिक युवाओं के अंतर्गत युवा कार्यक्रम योजना का संचालन जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र पर किया जा रहा है। जिसके तहत अभ्यर्थियों को केवाईपी सेंटर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाता है। कुशल युवा कार्यक्रम योजना के लाभ हेतु अभ्यर्थियों को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र पर सत्यापन कराना अनिवार्य होता है। उसके बाद ही अभ्यर्थी केवाईपी सेंटर पर प्रशिक्षण हेतु नामांकित होते हैं। छात्रों को सत्यापन के लिए दसवीं का सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आवासीय प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो देनी होगी। जिले में 35 केवाईपी सेंटर संचालित हो रहे तीन कोर्स कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।बता दें कि सरकार के सात निश्चय के अंतर्गत आर्थिक हल युवाओं को बल कार्यक्रम में तीन योजनाएं संचालित हो रही हैं।कुशल युवा कार्यक्रम के जरिए युवाओं को केवाईपी सेंटर के जरिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### ऐच्छिक विषय की परीक्षा में छह परीक्षार्थी अनुपस्थित

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से जिले के भभुआ एवं मोहनियां अनुमंडल के परीक्षा केंद्रों पर गुरुवार को शांतिपूर्ण परीक्षा ली गई। परीक्षार्थियों ने मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा दो पालियों में ऐच्छिक विषय की परीक्षा दी। दोनों पालियों की परीक्षा के दौरान छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली की परीक्षा म 59 परीक्षार्थियों को शामिल, जिसमें 55 परीक्षार्थी शामिल हुए और चार परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली की परीक्षा में 29 परीक्षार्थियों की जगह 27 शामिल हुए और दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुमन शर्मा ने बताया कि किसी भी केंद्र से कदाचार की शिकायत नहीं मिली है और ना ही कदारचार के आरोप में किसी परीक्षा केंद्र से कोई परीक्षार्थी निष्कासित किए गए।

## लव अफेयर में युवक ने लड़की को लाया कैमूर, इंदौर पुलिस ने प्रेमी युगल को बरामद कर ले गई अपने साथ

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)**। कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के मझाडी गांव पहुंची इंदौर पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मोहनिया पुलिस के सहयोग से एक प्रेमी युगल को बरामद कर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि कैमूर के चांद थाना क्षेत्र के खराटी गांव का क्यामूदिन अंसारी का बेटा अजहर अंसारी नौकरी करने के लिए इंदौर गया था। जहां इंदौर में ही एक लड़की से उसका प्रेम प्रसंग हो गया। वह उसे लेकर फरार हो गया। कैमूर के मोहनिया थाना छेत्र के मझाड़ी गांव में छिपकर रह रहा था। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर जब इंदौर पुलिस को लोकेशन का पता चला तो मोहनिया पहुंचकर पुलिस का सहयोग मांगा। मोहनिया पुलिस के साथ छापेमारी करते हुए दोनों लड़का-लड़की को बरामद कर लिया गया है। मोहनिया थाना पहुंचकर कागजी कार्रवाई पूरा करने के बाद दोनों को इंदौर पुलिस अपने साथ लेकर चली गई।

जानकारी देते हुए इंदौर पुलिस ने बताया कि नौकरी करने के लिए इंदौर आए कैमूर के एक युवक इंदौर में पढ़ाई कर रही एक लड़की को लेकर भाग गया था। इसके बाद लड़की के पिता द्वारा इंदौर जिले के भंवर कुवा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके आलोक में तकनीकी अनुसंधान के आधार पर परिजनों के साथ कैमूर के मोहनिया पहुंच गया। मोहनिया थाना के सहयोग से थाना क्षेत्र के मझारी गांव में छुपकर रह रहे लड़का और लड़की को बरामद कर लिया गया। इसके बाद कागजी कार्रवाई करते हुए दोनों को अपने साथ इंदौर ले जाया जा रहा है। गिरफ्तारी युवक कैमूर के चांद थाना क्षेत्र के खराटी गांव का क्यामुदीन अंसारी का बेटा अजहर अंसारी है, जो इंदौर में नौकरी करने के लिए गया

## जहानाबाद में छात्र ने प्रिंसिपल पर फेंके ईंट-पत्थर, जांच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के एक स्कूल में एक छात्र ने प्रधानाध्यापक पर ईंट, पत्थर से हमला कर दिया। घटना घोसी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामगंज की है। स्कूल से नाम काटे जाने पर छात्र भड़क गया और हमला कर दिया। लोगों के बीच बचाव के कारण किसी तरह अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रधानाध्यापक वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को अपने कार्यालय में बैठे थे तभी पुटु कुमार आया और मेरे साथ दो दुर्व्यवहार करने लगा, गाली गलौज और ईंट पत्थर से हमला करने लगा। उन्होंने कहा कि छात्र 2020 में इसी स्कूल से मैट्रिक पास कर चुका है, लेकिन दोबारा जाली सर्टिफिकेट बनाकर 9 क्लास में नामांकन कर लिया। जब इसकी सर्टिफिकेट की जांच की गई तो वह जाली पाई गई। इसी के आधार पर इस स्कूल से इसका नामांकन रद्द कर दिया गया, लेकिन यह छात्र बार-बार नामांकन करने के लिए प्रधानाध्यापक पर दबाव बनाने लगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर प्रधानाध्यापक पर आरोप लगाया कि मेरा नामांकन रद्द कर दिया गया है। जब इसकी जांच की गई तो जांच में वरीय पदाधिकारी भी इसके नामांकन रद्द करने का आदेश निर्गत किया। इसके बाद छात्र और भड़क गए और विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापक और शिक्षक से मारपीट करने लगा। प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाना में की गई है।

### पूर्व विधायक की पुण्यतिथि पर फुटबॉल मैच होगा आयोजित

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। पूर्व विधायक व भूपेश गुप्त महाविद्यालय के संस्थापक रामलाल सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर 28 फरवरी को फुटबॉल मैच का आयोजन होगा। इसका निर्णय पुण्यतिथि के आयोजन के लिए कराई गई बैठक में खेल प्रेमियों ने लिया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक के पुत्र मिलन सिंह ने की। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को पूर्व विधायक की पुण्यतिथि है। इसको लेकर फुटबॉल मैच करने की तैयारी की जा रही है। क्योंकि पूर्व विधायक फुटबॉल के अच्छी खिलाड़ी थे और उनका खेल से काफी लगा था। मौके पर राम प्रसाद सिंह, बिरजू सिंह पटेल, वंशीधर सिंह, रमेश प्रसाद, मुकेश पटेल, निर्मल यादव, भीम यादव, संजय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राजू गद्दी सहित कई लोग मौजूद थे।

## व्यवहार न्यायालय ने 25 साल पुराने मामले में एमएलए और एमएलसी को किया बरी

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। पूर्व एमएलए सुनील पांडेय और उनके छोटे भाई पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय को सासाराम व्यवहार न्यायालय ने गुरुवार को 25 साल पुराने मामले में बरी कर दिया। चोरी की गाड़ी की बरामदगी से जुड़े 25 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया गया है।

एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने जदयू के पूर्व विधायक सुनील पांडेय और उनके भाई लोजपा नेता सह पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय, उनके सहयोगी मधेश्वर पांडेय को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम सह विशेष न्यायाधीश उमेश कुमार राय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए एमएलसी को बरी करने का आदेश दिया। सहायक अभियोजन पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 25 साल पुराने काराकाट और नासरीगंज थाने की पुलिस ने कछवां थाना क्षेत्र के घरवासडीह निवासी विजय कुमार तिवारी के घर के सामने एक चोरी की मारुति जिप्सी बरामद की थी। इसका उपयोग सुनील पांडेय और उनके सहयोगियों द्वारा किया जाता था। मामले की प्राथमिकी नासरीगंज के तत्कालीन थाना प्रभारी सकलदेव यादव द्वारा काराकाट थाना में कराई गई थी।

जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

फ्राई कैचिंग नेट आपूर्त्ति हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु निविदा के निम्न शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्ते www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 02.03.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 02.03.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 319937 (Fish)23-24*D

### पुल पार करने के दौरान फंसा ट्रक, आवागमन रहा बाधित

**रामपुर (कैमूर)(नि.सं.)**। प्रखंड मुख्यालय बेलांव स्थित पुल पार करने के दौरान एक ट्रक फंस गया, जिससे करीब आधा घंटा तक आवागमन बाधित रहा। इस दौरान पुल के इस पार व उस पार वाहनों की कतार लग गई। काफी मशक्कत व ट्रक चालक सुझबूझ एवं बाजार के लोगों की सहायता से ट्रक को निकाला गया। इसके बाद आवागमन सामान्य हुआ। इस पुल से चेनारी, भभुआ आदि जगहों के लिए छोटे-बड़े वाहन आते-जाते हैं। पुल के पास जगह के अभाव में बड़े वाहनों को पार करने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि जगह की कमी के कारण यहां अक्सर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए खरेंदा मोड़ के पास सोन उच्च स्तरीय मुख्य नहर पर नये सिरे से पुलिस निर्माण कराने की मांग काफी दिनों से की जा रही है। लेकिन, इस दिशा में अभी तक किसी जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी द्वारा पहल नहीं की गई है।

## चेन पुलिंग करने वाले 247 लोग तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 425 पुरुष यात्री हिरासत में

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब ना हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत पिछले एक सप्ताह में 15 फरवरी से 21 फरवरी तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 247 लोगों को हिरासत में लिया गया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् इन 07 दिनों में सर्वाधिक 156 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि सोनपुर मंडल में 52, समस्तीपुर मंडल में 19, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 15 तथा धनबाद मंडल में 05 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेषन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' मे तहत फरवरी के पहले सप्ताह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूमरे रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 425 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया। इनमें सर्वाधिक 269 लोग दानापुर मंडल में जबकि सोनपुर मंडल में 84, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 43, समस्तीपुर मंडल में 26 एवं धनबाद मंडल में 03 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

## चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक स्टेशनों पर गंदगी फैलाते हुए पकड़े गये 4264 यात्री

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)**। पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कदम उठा रही है और यात्रियों से ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपेक्षा करती है। फिर भी कुछ यात्रियों द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हैं। इसे रोकने हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा गंदगी फैलाने वाले यात्रियों से जुर्माना भी वसूल किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 तक कुल 4264 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 09 लाख 74 हजार 900 रूपये वसूल किये गये। जबकि केवल जनवरी माह में पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए 433 यात्रियों को पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 95 हजार 300 रुपये वसूल किये गये।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT
NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | | | | |
| 1 | 8 | UDD/NPB/ 23/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from dandila kalan main road land of kuttubuddin khan to house of imteyaj ansari. | 649453.00 | 12989.00 | 5000.00 | 45 days |
| 2 | 11 | UDD/NPB/ 29/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from house of tabarak ansari to house of naimuddin ansari. | 432968.00 | 8659.00 | 1000.00 | 45 days |
| 3 | 8 | UDD/NPB/ 30/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. road on kaccha road from Reliance Trends to house of Jahangir Khalifa. | 360807.00 | 7216.00 | 1000.00 | 45 days |
| 4 | 13 | UDD/NPB/ 31/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from ursula chowk to house of sitaram ram. | 302368.00 | 6047.00 | 1000.00 | 45 days |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 5 | 01-20 | UDD/NPB/ 36/2023-24 | Construction of Different Sizes of R.C.C. Slab in Nagar Parishad Bishrampur (Ward 01 to 20 ) | 612400.00 | 12248.00 | 5000.00 | 45 days |
| 6 | Date of Publication of Tender | | | 23.02.2024, 11:00 AM | | | |
| 7 | Starting Date of sale of BOQ | | | 23.02.2024, 11 :00 AM at **Office, Nagar Parishad, Bishrampur** | | | |
| 8 | Hard Copy Submission Date & Place | | | 01.03.2024, 11:00 AM to 03 :00 PM at **Police Station, Bishrampur** | | | |
| 9 | Date of Bid Opening | | | 01.03.2024, 04:00 PM | | | |
| 10 | Name & Address of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 11 | Contact No. of Procurement Officer | | | 9525633383, 9771761820 | | | |
| 12 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 7209778468, 6207635699 | | | |

NOTE: - 1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.


कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR.NO.319915 District(23-24):D

# शिक्षक के बंद घर में चोरी, मेन गेट का ताला काटकर घुसे चोर

निज संवाददाता। गया

गया के जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चांद बाजितपुर गांव में बुधवार की रात चोरों ने गुरारु प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक तनवीर आलम के घर को निशाना बनाया। जहां चोरों ने घर के मुख्य द्वार पर ताले को काटकर घर में दाखिल हो गए और तीन में से उन दो कमरों को ही निशाना बनाया जहां सोने चांदी के आभूषण और नगदी रखे थे और दोनों कमरों को खंगाल डाला। इसी क्रम में आलमारी तोड़कर उसमें रखा करीब पांच लाख रुपये के सोने व चांदी के आभूषण,समेत 33 हजार रुपए नकद समेत कीमती कपड़े आदि समान ले उड़े। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बेलागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चांद बाजितपुर गांव निवासी मोहम्मद तनवीर आलम गुरारु प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। पत्नी और बच्चों के साथ अपने ससुराल बेला में ही गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने मौका पाकर घर में चोरी वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित मोहम्मद तनवीर आलम ने बताया बुधवार की रात परिवार के साथ अपनी पत्नी के मायके गया हुआ था घर बंद था। इस बीच चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया मेरे घर में कुल तीन कमरे हैं, लेकिन अपराधियों ने सिर्फ उन्हीं कमरों को निशाना बनाया जिन कमरों में सोने चांदी के आभूषण और नगदी रखे थे। घटना के पीछे किसी जानने वाले का ही हाथ है फिलहाल घटना को लेकर बेलागंज थाने में इसकी शिकायत की है। इस संबंध में लॉ एंड आर्डर डीएसपी खुर्शीद आलम ने बताया। घटना की जानकारी उन्हें भी मिली है। बेलागंज पुलिस को चोरों को चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।





## तीन घरों से भीषण चोरी, एक ही गांव को चोरों ने बनाया निशाना

निज संवाददाता। गया



गया ज़िले के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव में एक साथ तीन अलग-अलग घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। घटना के वक्त इन घरों में घर का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। सभी अपने-अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होने को गए हुए थे। कोई गया शहर गया हुआ था तो कोई जिले से बाहर, इसी का फायदा चोरों को मिला। जिसके बाद इस चोरी की घटना को बड़े आराम से अपराधी अंजाम देकर चलते बने हैं। घरों से चोरी गए समानों में बेशकीमती सोने-चांदी के आभूषण समेत नगदी रुपए की चोरी कर ले भागे हैं। घर में चोरी होने की जानकारी घर के सदस्यों को तब लगी जब कोई घर पहुंचा तो किसी को पड़ोसियों ने फ़ोन पर बताया। इस तरह की जानकारी मिलते ही पीड़ित गृह स्वामी अपने-अपने घर को पहुंचे और घर का हाल देख इसकी जानकारी गुरुआ थाने की पुलिस को दी है। जानकारी मिलते ही गुरुआ थाने की पुलिस टीम सदलबल के साथ बिलौटी गांव पहुंचकर चोरी गई घरों में छानबीन कर कार्रवाई की बात बोल कर फिलहाल चली गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बिलौटी गांव निवासी विजय मिस्त्री के घर से लगभग 6 लाख रुपए मुल्य के सोने चांदी के आभूषण समेत एक लाख रुपए नगद,की चोरी कर ली गई। इसके अलावा जितेंद्र नारायण सिंह के घर से एक लाख के आभूषण समेत 70 हजार रुपए नगद तो नाथ सिंह के घर से नगद 29 हजार रुपए की चोरी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेशनल स्कूल के केंद्राधीक्षक पर प्राथमिकी दर्ज, चहारदीवारी फांद परीक्षार्थी केंद्र में घुसे थे

**नालंदा**। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षा नालंदा, मो. शाहनवाज ने बिहार थाना में नेशनल प्लस टू उच्च विद्यालय शेखाना के केंद्राधीक्षक फजलुर रहमान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। मालूम हो कि इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा के दौरान विगत 1 फरवरी को प्रथम पाली की परीक्षा में अभ्यर्थियों ने चहारदीवारी फांद कर निर्धारित समय 9 बजे के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश किया था। इसी आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी नालंदा के जारी पत्र और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के निर्देश के आलोक में यह प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। दरअसल परीक्षा केंद्र पर दीवार फांद कर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा नहीं लेना थी बावजूद इसके दिशा निर्देश की अवहेलना कर नेशनल उच्च विद्यालय शेखाना के केंद्राधीक्षक मो. फजलुर रहमान ने परीक्षा में शामिल होने का अवसर प्रदान किया। इसके बाद जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया और पूरे प्रकरण का वीडियोग्राफी के माध्यम से जांच कराई। जिसके बाद कार्रवाई का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में भी कार्रवाई की अनुशंसा भेजी गई थी। जिसके बाद आखिरकार प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।



### किराना दुकान में लगी आग, 6 लाख का नुकसान

**नालंदा**। नालंदा में बुधवार की रात किराना दुकान में आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। अगलगी की घटना बिहार थाना क्षेत्र के कागजी मोहल्ला स्थित अस्मत जेनरल स्टोर में हुई है। अगलगी के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। अस्मत जेनरल स्टोर के संचालक मोहम्मद अकरम ने बताया कि दुकान को बंद कर उनका भाई मो.असगर उन्हें छोड़ने बस स्टैंड आया। अचानक से उन लोगों को पता चला कि उनके दुकान से धुंआ निकल रही है। इसके बाद वे लोग आनन-फानन में अपनी दुकान के पास पहुंचे जहां देखा कि आग की तेज लपटे दुकान से निकल रही है स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नाकाफी साबित हुई। इसके बाद अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लगने की वजह बताई जा रही है। अगलगी कि इस घटना में करीब 6 लाख की संपत्ति का नुकसान हो गया है। दुकान के अंदर रखा फ्रिज, कॉफी मशीन, समेत सारा सामान जलकर खाक हो गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के उपरांत बिहार थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। बिहार थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह बताई जा रही है। पीड़ित संचालक क्षति के आकलन में जुटा हुआ है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।



### प्रखंडवार नवनियुक्त शिक्षकों का होगा थंब इंप्रेशन मिलान

**नालंदा**। नालंदा में बीपीएससी शिक्षकों का एक बार फिर से थंब इंप्रेशन का मिलान किया जाएगा। जिला मुख्यालय बिहार शरीफ स्थित जिला शिक्षा कार्यालय में प्रखंड बार थंब इंप्रेशन का मिलान किया जाएगा। नालंदा के जिला शिक्षा पदाधिकारी जियाउल होदा खां ने बताया कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय में नियुक्त किए गए शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान किया जाना है। गिरियक और हरनौत प्रखण्ड के नवनियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 22 फरवरी को, थरथरी और बिन्द प्रखंड के नवनियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 23 फरवरी को, कतरीसराय एवं नूरसराय प्रखंड के नवनियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 24 फरवरी को, सिलाव एवं इस्लामपुर प्रखंड के नव नियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 25 फरवरी को, अस्थावां और नगरनौसा प्रखंड के नवनियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 26 फरवरी को, रहुई एवं हिलसा प्रखंड के नवनियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 27 फरवरी को, बेन एवं एकंगरसराय प्रखंड के नवनियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 28 फरवरी को एवं राजगीर व कतरीसराय प्रखंड के नवनियुक्त शिक्षकों का थंब इंप्रेशन मिलान 29 फरवरी को होगा। डीईओ ने बताया कि नवनियुक्त शिक्षकों के थंब इंप्रेशन मिलान के दौरान संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहेंगे। नवनियुक्त शिक्षक अपने साथ बीपीएससी का एडमिट कार्ड, औपबंधिक नियुक्ति पत्र, विद्यालय योगदान का पत्र, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल और स्वयं की एक फोटो भी साथ में लाएंगे।

### 15 हजार में वारंटी को थाने से छोड़ा, इंस्पेक्टर ने खोल रखी थी अवैध वसूली की दुकान, होमगार्ड था कलेक्शन एजेंट

**गया**। गया के विष्णुपद थाने के पूर्व इंस्पेक्टर राम इकबाल यादव पर अवैध वसूली का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि राम इकबाल अपने इलाके में गिट्टी,बालू और शराब का धंधा करने वालों से 5- 5 हजार रुपए वसूली करते थे। यहां तक की कोर्ट की वारंटी लेकर थाने बुलाते और फिर उससे 15 हजार की रकम भी वसूलते थे। रकम मिलने के बाद उसे थाने से जाने देते थे। ये सब काम वो खुद नहीं बल्कि अपने थाने के होमगार्ड से करवाते थे। पूर्व इंस्पेक्टर की इस हरकत का खुलासा ASP पीएन शाहू की जांच में हुआ है। वहीं, मामले की जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारी को सौंप दी गई है। हालांकि, रिपोर्ट आने के बावजूद राम इकबाल यादव पर कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। इंस्पेक्टर का जांच के दौरान ही तबादला हो गया। तबादला सजा के रूप में नहीं बल्कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक सम्मान जनक प्रक्रिया के तहत किया गया है, लेकिन होमगार्ड का जवान अब भी थाने में ड्यूटी कर रहा है। इस मामले में एसएसपी आशीष भारती औपचारिक रूप से कुछ भी कहने से बच रहे हैं। उनका कहना है कि हमारी ओर से जो किया जाना था। वह किया जा चुका है। आगे की कार्रवाई विभाग को करना है। वहीं, इस मामले में आईजी छत्रनील सिंह से उनके दफ्तर में मिलने की कोशिश की गई तो वे दफ्तर में नहीं मिल सके। फोन किया गया तो सम्पर्क नहीं हो सका। वॉट्सऐप मैसेज किया गया तो उसका भी जवाब देर रात तक नहीं मिला। दरअसल, विष्णुपद थाने में ही तैनात दरोगा जैनेन्द्र कुमार ने अपने थाने में पसरे भ्रष्टाचार के खिलाफ व्हिसल ब्लोअर का काम किया था। उसी ने इंस्पेक्टर राम इकबाल यादव की शिकायत वरीय अधिकारियों से की थी। एसएसपी ने मामले की जांच एएसपी को दी थी। एएसपी ने दरोगा द्वारा की गई शिकायत के आधार पर जांच शुरू की तो एक आरोप को छोड़ कर सारे आरोप सही पाए गए। जैनेंद्र कुमार का आरोप था कि इंस्पेक्टर राम इकबाल यादव गिट्टी और छर्री वालों से महीने में पैसे वसूलते हैं। इस काम में होम गार्ड विनय पासवान मदद करता है। जांच में यह आरोप सही निकले। गार्ड ने सभी राज एएसपी के समक्ष उगल दिए। दूसरा आरोप एनबीडब्ल्यू के वारंटी को 15 हजार रुपए लेकर छोड़ना था। यह आरोप भी सही निकला। इस आरोप के प्रमाण थाने में लगे सीसीटीवी में मिल गए। खास बात यह भी कि जब एनबीडब्ल्यू के वारंटी विनोद श्रीवास्तव को छोड़े जाने की बात राम इकबाल से पूछी गई तो उन्होंने एएसपी को कहा था कि वह एनबीडब्ल्यू का वारंटी नहीं बल्कि उसके खिलाफ डीडब्ल्यू था जिसे थाने पर बुला कर पूछताछ कर छोड़ दिया गया। लेकिन जब एएसपी ने डीडब्ल्यू से जुड़ा कागज और कार्रवाई के साक्ष्य उनसे मांगा तो वह प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर एएसपी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है कि इंस्पेक्टर राम इकबाल यादव और होमगार्ड जवान दोनों मिलकर मासिक अवैध वसूली किया करते थे। होमगार्ड जवान का इलाके बालू गिट्टी छर्री के धंधेबाजों से साठ गांठ था और अवैध वसूली करता था और इंस्पेक्टर को हर महीने मोटी रकम लाकर देता था। यह खेल बीते ढाई वर्षों से चल रहा था। एएसपी ने अपनी रिपोर्ट 17 फरवरी को सम्मिट की है। खास बात यह भी कि भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले दारोगा जैनेन्द्र कुमार का भी ट्रांसफर हो चुका है।

## 24 फरवरी को तेजस्वी प्रसाद यादव आएंगे नालन्दा

निज संवाददाता। नालंदा

जन विश्वास यात्रा को लेकर राजद कार्यकर्ताओं ने तैयारी शुरू कर दी गई है। 24 फरवरी को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव जन विश्वास यात्रा के क्रम में नालंदा के एकंगरसराय पहुंचेंगे। जन विश्वास यात्रा को लेकर राजद पार्टी कार्यालय में बैठक कर रणनीति भी बना ली गई है।

**हसनपुर से तेजस्वी यादव को रिसीव किया जाएगा:** राजद के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार हिमांशु ने कहा कि नालंदा-नवादा के बॉर्डर हसनपुर से तेजस्वी यादव को रिसीव किया जाएगा। जहां से काफिला गिरियक, बकरा, कारगिल चौक, देवीसराय मोड़, नारी, परवलपुर होते हुए एकंगरसराय पहुंचेंगे। राजद जिला अध्यक्ष ने जन विश्वास यात्रा में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावे भाकपा माले, सीपीआई, कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने स्तर से प्रचार प्रसार शुरू कर दी है। एकंगरसराय के सुखदेव प्लस टू हाई स्कूल मैदान में शनिवार, 24 फरवरी को पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करेंगे। नालंदा से राजद के इकलौते विधायक राकेश कुमार रोशन भी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह होल्डिंग, बैनर एवं पोस्टर लगाने का निर्देश दिया गया है।



जन विश्वास यात्रा के दौरान एकंगरसराय में सभा को करेंगे सम्बोधित, नवादा के रास्ते पहुंचेंगे नालंदा

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी और बच्चा गंभीर, रिश्तेदार के यहां से लौट रहे थे सभी

निज संवाददाता। गया

गया के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत मटुआ नहर के समीप बाइक सवार दंपती को अज्ञात ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी है। टक्कर इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं, ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर साथ बैठी पत्नी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृत युवक की पहचान गुरुआ के चिलौर पंचायत के अकोथरा गांव के रहने वाला 25 वर्षीय दीपक पासवान के रूप में हुई है। वह पत्नी और बच्चे के साथ रात में किसी रिश्तेदार के यहां से लौट रहा था इसी क्रम में यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दंपती गुरुआ के मटूआ गांव से आगे बढ़े ही थे कि किसी अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार युवक और उसकी पत्नी और बच्चा सड़क पर गिर गए। जिसमें पत्नी को गंभीर चोट लगी है। वहीं, बच्चे के पैर में चोट आई है। हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोट पहुंची थी जिसके बाद उसकी मौत मौके पर ही हो गई। वही, स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन-फानन में पत्नी बच्चे को इलाज के लिए स्थानीय सीएससी अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:** इस संबंध में गुरुआ थाना के थानाध्यक्ष सरफराज इमाम ने बताया। उन्हें सूचना मिली की गुरुआ के मटुआ नहर के पास किसी अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवारी युवक की मौत हो गई है। वहीं, साथ में बैठी पत्नी और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मगध मेडिकल भेजा गया है। घटना में शामिल अज्ञात वाहन की तलाश पुलिस कर रही है। परिजनों से अभी लिखित शिकायत नहीं मिला है। लिखित शिकायत प्राप्त होते हैं कार्रवाई तेज कर दी जाएगी।






ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर

## सड़क हादसे में किशोर की मौत, तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार में मारी टक्कर

मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में गुरुवार को सड़क हादसे में किशोर की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा करते हुए बिहार शरीफ राजगीर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मामला नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिदुपुर गांव के समीप की है। मृतक की पहचान बिदुपुर गांव निवासी उपेंद्र यादव के बेटे विकास कुमार (12) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की शाम विकास कुमार साइकिल से नालंदा की ओर जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसके बाद उसे सिलाव पीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के क्रम में गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

**पारिवारिक लाभ के तहत 20 हजार का भुगतान:** मौत की पुष्टि के उपरांत परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद शव को लेकर परिजन गांव पहुंचे और मुख्य सड़क पर रख मुआवजे की मांग को लेकर जाम कर दिया। हंगामा की सूचना मिलने के उपरांत सिलाव बीडीओ, नालंदा थाना अध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशितों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। वहीं बीडीओ के द्वारा पारिवारिक लाभ के अंतर्गत 20 हजार की राशि, मृतक के स्वजन को दी गई। इसके बाद हंगामा शांत हुआ। नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।



## बोधगया में थाईलैंड के महावाणिज्य दूत ने की पूजा-अर्चना

निज संवाददाता। गया

महाबोधि मंदिर सलाहकार बोर्ड की बैठक के लिए विदेशी सदस्यों के आने का सिलसिला बुधवार की शाम से शुरू हो गया। थाईलैंड की महावाणिज्य दूत सिरीपोर्न तांतीपन्याथेप और उप महावाणिज्य दूत पियापन अतिपतिया के साथ कोलकाता से शाम को बोधगया पहुंचे गए हैं। दोनों 23 फरवरी को आयोजित होने वाले महाबोधि मंदिर सलाहकार बोर्ड की महवत्वपूर्ण बैठक में शरीक होंगे। सभी मेहमानों की मेहमानबाजी बीटीएमसी और जिला प्रशासन की ओर से की जा रही है। बोर्ड की बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रमुख बौद्ध देशों के सदस्य भी शामिल होंगे। बोधगया पहुंचने पर दोनों अतिथियों ने रॉयल थाई मंदिर के वरीय भिक्षु के साथ महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना की और पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे ध्यान साधना भी की। बीटीएमसी की ओर से बताया गया है कि महाबोधि मंदिर सलाहकार बोर्ड, महाबोधि मंदिर के संरक्षण, रखरखाव और प्रचार से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा और विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके सदस्य मन्दिर, उसके परिसर और बोधगया के विकास के लिए अहम निर्णय लेती है और विकास से जुड़े कार्यों की रूप रेखा तैयार कर उसे धरातल पर उतारती है।

**सम्मानित किए जा चुके हैं:** गौरतलब है कि सलाहकार बोर्ड के एक सम्मानित सदस्य के रूप में थाईलैंड के महावाणिज्य दूत को इस पवित्र स्थल की सुरक्षा के लिए चल रहे प्रयासों में योगदान देने के लिए सम्मानित किया जा चुका है। गौरतलब है कि महाबोधि मंदिर दुनियाभर के लोगों के अत्यधिक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है। महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध का दर्शन करने के बाद महावाणिज्य दूत और उप महावाणिज्य दूत और डीएम सह बीटीएमसी के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन के बीच बैठक चल रही है।

## न्याय यात्रा के संदेश को घर-घर पहुंचाने का संकल्प

निज संवाददाता। गया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विगत कई दिनों से जारी भारत जोड़ों न्याय यात्रा को घर-घर में पहुंचाने का काम कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता करेंगे। यह बातें गया टावर चौक पर कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता ने कही। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के दिशा-निर्देश में गया के 24 प्रखंड, 332 ग्राम पंचायत, सभी नगर निकायों के वार्ड और 3240 बूथ संगठन के सभी नेता, कार्यकर्ता युवा, महिला, किसान, मजदूर और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन तेज करेंगे।

**30 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं:** इस मौके पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, दामोदर गोस्वामी, विनोद उपाध्याय, श्रवण पासवान, शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, अमरजीत कुमार, मोहम्मद समद,अशरफ इमाम आदि नेता व कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी 45 वर्षों का रेकॉर्ड पर पहुंच गई है। केंद्र सत्कार के विभिन्न विभागों में 30 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं, वहीं सेना में चार वर्षों के लिए अग्नि वीर ठेका पर बहाली हो रहा है।



## लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की तैयारियां शुरू

### नक्सली मुद्दों पर झारखंड पुलिस के साथ विशेष रणनीति की गई तैयार

निज संवाददाता। गया

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गया पुलिस प्रशासन की तैयारियां शुरू हो गई है। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार-झारखंड के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार कर ली गई है। अपराधियों के धर पकड़ समेत शराब और नक्सली मुद्दों पर विशेष रणनीति तैयार की गई है। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं, गुप्त सूचनाओं के आदान-प्रदान आपसी तालमेल व अपराधियों के धर पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया।

**झारखंड के चार जिलों से से जुड़ा गया का बार्डर:** एसएसपी आशीष भारती ने बताया बिहार का गया ज़िला झारखंड राज्य के चार जिलों से बार्डर लगता है। इनमें कोडरमा, हजारीबाग, चतरा समेत डाल्टेनगंज शामिल हैं। उन्होंने ने बताया लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए झारखंड राज्य के चार जिलों के एसपी व एसएसपी के साथ बैठक कर रणनीति तैयार किया गया। आईजी और कमिश्नर के मार्गदर्शन में एक इंटर स्टेट बॉर्डर को-ऑर्डिनेशन बैठक किया गया था। जिसमें झारखंड राज्य के चार जिलों इनमें कोडरमा, हजारीबाग, चतरा समेत डाल्टेनगंज के पुलिस अधीक्षक समेत बिहार के गया जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। इंटर स्टेट बैठक के दौरान गया पुलिस के द्वारा रणनीति तैयार की गई है, कि किस तरह लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है।

**पुलिस को-ऑर्डिनेशन के तहत चला रही जांच अभियान:** एसएसपी आशीष भारती ने बताया लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंटर स्टेट से लेकर इंटर डिस्ट्रिक्ट मार्गों को चिह्नित किया गया है। इन चिह्नित किए गए मार्गों पर समय-समय करके विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी ने बताया गया पुलिस को-ऑर्डिनेशन के तहत भी जांच अभियान चला रही है। जैसे कुछ समय हम लोगों के द्वारा जांच किया जा रहा है तो कुछ समय झारखंड पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों की सूची का आदान प्रदान भी किया गया है। जिसमें वांछित कुख्यात अपराधी शामिल हैं। इन अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिनके खिलाफ वारंट कुर्की है उनपर हम लोग नजर बनाए हुए हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने के लिए विशेष चेकिंग अलग से चलाया जा रहा है। जो सूचना मिल रही है उस पर कार्रवाई कर रहे हैं। इसके अलावा हम लोग नक्सलियों के विरुद्ध भी कार्रवाई कर रहे हैं। हमलोग ज्वाइंट ऑपरेशन करके विशेष अभियान भी चला रहे हैं। एसपी ने कहा मुझे पूरा विश्वास है। गया में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### शराब बेचने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**कोईलवर**। अवैध शराब बेचने के पूर्व के एक मामले में चांदी पुलिस ने गिरफ्तार कर एक व्यक्ति को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति बिनोद यादव है जो ग्राम रूपचकिया का रहने वाला है।उन्होंने बताया कि पूर्व में शराब बेचने के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी सहित 29 गिरफ्तार

**आरा**। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आर्म्स एक्ट के आरोपी सहित कुल 29 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही पुलिस ने 95 लीटर देशी शराब , 10.575 लीटर अंग्रेजी शराब को जब्त करते हुए 290 लीटर महुआ पास को विनष्ट कर दिया। वाहन जाँच के क्रम में 495 वाहनों की जाँच कर 60,000 रूपया जुर्माना वसूला गया। गिरफ्तार आरोपियों में नवादा थाना की पुलिस ने परीक्षा अधिनियम की धारा 420 एवम 10 में दो छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौरी थाना की पुलिस ने 27 आर्म्स एक्ट एवं 37 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधि0 2022 में संलिप्त 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चरपोखरी थाना की पुलिस ने पॉस्को एक्ट में संलिप्त 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गड़हनी थाना की पुलिस ने 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नवादा थाना की पुलिस ने धारा-109 में संलिप्त 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक होंगे सम्मानित

**आरा**। शिक्षा विभाग मिशन दक्ष के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करेगा। शिक्षा विभाग ने प्रखंडवार वैसे 129 शिक्षकों की सूची तैयार की है। आरा में 12, उदवंतनगर, कोईलवर, पीरो , जगदीशपुर, बिहिया , तरारी, गडहनी, अगिआव और शाहपुर में 10-10, बड़हरा, संदेश व चरपोखरी आठ- आठ और सहार के 5 शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकरी अहसन ने बताया कि शिक्षकों को दक्ष में बेहतर कार्य करने के लिए 23 फरवरी को नागरिक प्रचारिणी में सम्मानित किया जाएगा। 129 शिक्षकों को प्रखंडवार चयनित किया गया है। शिक्षक सुधारानी गुप्ता, मांडवी, सबीहा नाज, सौफिया, गीतांजलि, जसवीर सिंह, सावित्री कुमारी, पूजा, आकांक्षा, अनामिका, सुनील कुमार, धनंजय कुमार, सोनू कुमार, अशोक वर्मा, अनीता कुमारी, शशि कुमार सिंह, खुशबू कुमारी, शिवांगी सिंह यादव, संगीदा अख्तर, सोनी, मोहम्मद जीशान आजम, श्रुति वर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, शकुंतला रवि रंजन कुमार राम, रीना यादव, कुमारी मान्या सिंह, गुंचा प्रवीन, उपेंद्र कुमार सिंह, आशीष कुमार उपाध्याय, जगनारायण सिंह, संतोष कुमार, रज्जू, खुर्शीद आलम संजय शर्मा, आरजू कुमारी, जैनेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, प्रीति श्रीवास्तव, अंकित पांडे, मनीषा, रामदयाल कुमार, दानिश साहब, संगीता यादव, कहकशा इमाम, सोनी कुमारी, नीरज कुमार, जमाल अशरफ, दीपाली कुमारी, खुशबू कुमारी, पूजा पांडे, रूपाली यादव, नीलू गुप्ता, अंजू अग्रवाल, मजीद इकबाल, हरेंद्र कुमार, धनंजय कुमार, मीनाक्षी कुमारी, पार्वती देवी, प्रतिभा, संगीता कुमारी, अभिषेक राज, रेणु कुमारी, साबिर अली, सोनी कुमारी, कमलेश कुमार पाल, रिंटू कुमारी, पूजा कुमारी, राहुल कुमार शोभा कुमारी, हर्ष नारायण, भगवान सिंह, सुनीता यादव, अमृता भारती, गरिमा सिंह, शमीम अहमद, जाह्नवी , आशीष उपाध्याय, रूपेश कुमार सिंह, अहमद, विनय सिंह, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार, मृत्युंजय कुमार, वेद प्रकाश, रंजन कुमार, रितेश कुमार, नीलम यादव, दिलीप कुमार, अंशु तिवारी, प्रीति कुमारी, रूपाली सिंह, अमित लाल, संतोष कुमार राय, भाग्यलक्ष्मी, रागिनी कुमारी, वंदना राजपूत, आकांक्षा, दुष्यंत, अभिनव शर्मा, रितु कुमारी, देवव्रत कुमार, श्रीमन नारायण राय, राजेश कुमार, किरण यादव, कृष्ण कुमार पांडे, कुमारी अंकित, पूजा, प्रभावती सिंह, शत्रुघ्न सिंह, गीता कुमारी, मंजू शुक्ला, सरिता कुमारी, बबिता कुमारी, खुशबू कुमारी, मृत्युंजय कुमार सिंह, राजू बरसी, बबीता कुमारी, अनिल कुमार, नितेश कुमार, सुमन बाला, कमलेश बैठा, आरती प्रजापति, विभा कुमारी एवं ऋतुराज पंडित शिक्षक को सम्मानित किया जाएगा।

### 10 लाख के लिए विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**बक्सर**। दहेज में दस लाख रुपए के लिए विवाहिता को मारपीट कर ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मामले को लेकर महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के स्व. नागेन्द्र कुमार की पुत्री संध्या की शादी 19 मई 2021 को यूपी के बलिया में रामजी तिवारी के पुत्र मनोज कुमार तिवारी के साथ हुई थी। विवाहिता के पिता सरकारी नौकरी से रिटायर हुए थे। रिटायर होने के कुछ दिनों के बाद ही उनकी मौत हो गई। मौत होने के कुछ दिनों के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में दस लाख रुपए के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। दहेज का पैसा नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने पिछले दिनों मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया।

### सीढ़ी से गिरकर कारपेंटर की मौत, काम से वापस लौटा था घर, पत्नी छत पर खाना खाने बुलाई थी

**आरा**। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में बुधवार की रात सात की ऊंचाई वाली सीढ़ी से गिरकर एक कारपेंटर की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वार्ड नंबर 12 निवासी स्व.महेंद्र शर्मा का 35 वर्ष से बेटे संजीत शर्मा है एवं वह पेशे से कारपेंटर था। इधर, मृतक की पत्नी मालती देवी ने बताया कि वह बुधवार की देर शाम काम से वापस घर लौटें और वह छत पर खाना बना रही थी। तभी उसने अपने पति को छत पर बुलाया। इसके बाद उसके पति छत पर जा रहे थे। उसी दौरान असंतुलित होकर छह फीट चढ़ने के बाद सातवें फिट सीढ़ी से सीधा नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी मालती देवी और दो बेटे अमरजीत, मंजीत एवं एक बेटी सोनी हैम घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी मालती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### उत्तर-पुस्तिका लेकर छात्र भागा

**कोईलवर**। कुल्हड़िया गांव के मानो बैजनाथ उच्च विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा देने गया एक युवक परीक्षा केंद्र से उत्तर-पुस्तिका लेकर भाग गया। पुलिस को सूचना मिलने पर परीक्षार्थी की खोजबीन शुरू की गई। सूचना के आधार पर छात्र को पुलिस ने पकड़क न्यायिक हिरासत में ले लिया। छात्र की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के खोराबर ग्राम के रहने वाला सोनू कुमार के रूप में की गई है।

### मछली मारने के क्रम में गंगा नदी में डूबा युवक

**आरा**। बुधवार को बड़हरा प्रखंड अंतर्गत पिपरपांती गंगा घाट पर मछली मारने के क्रम में एक युवक को गंगा नदी में डूब गया। युवक को गंगा नदी में डूबने की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के पिपरपांती गांव निवासी प्रमोद चौधरी पिता स्वर्गीय भरोसा चौधरी अपने पुत्र लवकुश के साथ मछली मारने के लिए गंगा नदी गया था। जहां पर पुत्र को गंगा घाट पर बैठा कर मछली मारने के लिए पानी में गया। लेकिन वापस नही आया। काफी देर इंतजार के बाद पुत्र ने घटना की सूचना परिवार वालो को दिया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग गंगा नदी के पास पहुच स्थानीय गोता खोर के माध्यम से खोजबीन शुरू किया। लेकिन देर शाम तक उक्त युवक का कही आता- पता नही चला। युवक अपने तीन भाईयो में सबसे बड़ा है। लापता युवक को एक लड़की खुशी और दो छोटे लड़के लवकुश एवं आदि है ।

# अज्ञात बदमाश ने बुजुर्ग किसान को मारी गोली

## किसान बोले- गोली किसने मारी नहीं देखा, अस्पताल में चल रहा इलाज



निज संवाददाता। आरा

- जख्मी बुजुर्ग को गोली दाहिने हाथ में बांह पर लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए
- घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव स्थित बधार में गुरुवार की दोपहर शौच करने गए एक बुजुर्ग को गोली लग गई। जख्मी बुजुर्ग को गोली दाहिने हाथ में बांह पर लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी बुजुर्ग कोईलवर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी स्व.रामाधारी राय के 65 वर्षीय पुत्र जवाहीर राय है एवं वह पेशे से किसान है। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। वहीं, घटना की सूचना मिलते हैं कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए है। इधर, बुजुर्ग ने बताया कि गुरुवार की दोपहर वह नारायणपुर बधार में शौच करने के लिए गए थे। तभी अचानक उनके दाहिने के बांह पर चोट लगने जैसा महसूस हुआ। जिसके बाद वह बिना शौच किए वापस घर लौट आए। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी अपने परिवार के अन्य सदस्यों को दी। जब परिजन ने उन्हें देखा तो उनके दाहिने बाहं से काफी खून बह रहा है और उनका कपड़ा खून से लतपथ था। जिसके बाद उन लोगों ने पहले ग्रामीण चिकित्सक को बुलाया और उसने देखा तो उसने बताया कि उन्हें गोली लगी है। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें फौरन इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी लाया गया। जहां, प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। वहीं दूसरी ओर जख्मी बुजुर्ग जवाहीर राय ने बताया कि उन्हें गोली कैसे लगी कुछ पता नहीं चल पाया। साथ ही उन्होंने गांव में अपने किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। इस मामले में कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## बाल हृदय योजना बच्चों के लिए वरदान

# तीन बच्चों को सर्जरी के लिए भेजा गया अहमदाबाद

## पैसे के अभाव में नहीं हो रहा था इलाज

निज संवाददाता। आरा




बिहार में जन्मजात हृदय रोगियों के लिए बिहार सरकार द्वारा लाई गई मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एक तरीके से वरदान साबित हो रहा है। इस योजना के तहत भोजपुर जिले के दो नवजात शिशु और एक 12 वर्षीय बालक का निःशुल्क इलाज किया जायेगा। तीनों हृदय रोगियों को पटना में स्क्रीनिंग के बाद उन्हें अहमदाबाद इलाज के लिए भेज दिया गया है। करीब दो साल पहले शुरू हुई इस योजना का लाभ दिल में छेद वाले बच्चों को मिल रहा है मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना का लाभ जिन हृदय रोगियों को मिला है उनमें जिले के करमन टोला निवासी पंकज कुमार है। उनकी एक साल की बेटी धनश्री कुमारी को बचपन से ही दिल में छेद है। जितौरा गांव के रहने वाले सुभाष चंद्र यादव के 12 वर्षीय बेटे अंकित कुमार और रौशन कुमार की 21 दिन की बेटी कृषा प्रकश है। ये दोनों के भी दिल में छेद है। इस योजना की वजह से इन सभी का दिल धड़कने लगेगा। वहीं, धनश्री के पिता ने बताया कि बेटी के जन्म के बाद से ही उसका चेहरा और हाथ नीला होने लगा था। उसके बाद हमलोगों ने उसका इलाज पटना में करवाया। वहीं पता चला की उसके दिल में छेद है। अंकित ने चाचा जीवन कुमार ने बताया कि बीमारी के बारे में नहीं पता चला था, तबियत बिगड़ने के बाद आरा शहर के इस डॉक्टर के पास दिखा रहे थे, उन्होंने कहा था कि बड़ा होगा तो खुद थी हो जायेगा, लेकिन दूसरे डॉक्टर के पास जाने पर पता चला उसके दिल में छेद है। आरबीएस कॉर्डिनेटर डॉक्टर पंकज ने बताया कि जन्मजात हृदय रोगियों को स्वास्थ्य विभाग सरकारी खर्चे पर पटना भेज कर स्क्रीनिंग करता है। जबकि अहमदाबाद स्थित सत्य श्री साई हॉस्पिटल में उनका समुचित इलाज कराया जाता है। अधिकारियों के अनुसार इस दौरान सारी व्यवस्थाएं निशुल्क होती है। चयनित रोगी और उनके अभिभावकों को किसी तरह का खर्चा नहीं देना होता है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत जन्मजात हृदय रोगियों का इलाज कराया जाता है। रोगियों की पहचान आरबीएसके की टीम द्वारा की जाती है। स्क्रीनिंग टीम में दो डॉक्टर,एएनएम एवं फार्मासिस्ट के टीम जिले के 14 प्रखंडों के स्कूल एवं आंगनबाड़ी में जाकर सभी 18 वर्ष के बच्चों की जांच की जाती है। लक्षण आने बाद में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा उक्त रोगियों को एंबुलेंस से सदर अस्पताल में लाया जाता है। इसके बाद गंभीर रोगियों को पटना के अलग–अलग मेडिकल कॉलेजों में भेजा जाता है। आईजीआईसी में कैंप लगाकर भी हृदय रोगियों की अहमदाबाद से आई डॉक्टरों की टीम द्वारा स्क्रीनिंग की जाती है। पॉजिटिव पाए जाने पर रोगियों को फ्लाइट के माध्यम से श्री सत्य साई हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेज कर उनका समुचित इलाज के साथ दवा,रहने का प्रबंध कराया जाता है। उसके बाद सभी चयनित लोगों को अहमदाबाद में सर्जरी होता है। यही नहीं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना के तहत जन्म से 18 वर्ष तक किसी भी गंभीर लक्षण वाले बच्चों की इलाज,सर्जरी एवं दवाइया बिहार सरकार एक द्वारा मुफ्त कराई जाती है।

**प्रमुख लक्षण** :- सांस फूलने एवं धड़कन तेज चलना, अत्याधिक रोना, शरीर, होंठ एवं जीभ का नीला पड़ना, वजन नहीं बढ़ना, रुक–रुक दूध पीना, अत्याधिक थकावट महसूस करना, पैर, पेट और आंख के पास फुल जाना।

# छज्जा के विवाद में आधा दर्जन की पिटाई, टूटे छज्जे को बना रहे थे पीड़ित परिवार

## पाटीदार तोड़ने की कर रहे थे जिद्द, विरोध में हुई मारपीट


निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सहिया गांव में बुधवार को छज्जे के विवाद को लेकर एक ही परिवार के महिला समेत आधा दर्जन लोगों की लाठी–डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के सुहियां गांव निवासी नंद बिहारी यादव,उनका पुत्र विकास यादव, तीन भतीजा कन्हैया यादव,मनीष यादव,सचिन यादव एवं भवाह प्रतिमा देवी शामिल हैं। इधर जख्मी नंद बिहारी यादव ने बताया की उनके घर का छज्जी पहले से ही निकला हुआ है। जिसको लेकर पट्टीदार से ही कुछ माह से विवाद चल रहा है। बुधवार को जब वह अपने उसी टूटे छज्जी को रिपेयरिंग कर रहे थे। तभी उक्त पट्टीदार के वहां आ गए और छज्जी तोड़ने के लिए कहने लगे।इसी बात को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई। जिसके बाद उक्त पट्टीदार के द्वारा सभी लोगों की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी और उक्त जख्मी नंद बिहारी यादव ने उक्त पट्टीदार के ही सर्वजीत सहित उनके साथ रहे अन्य लोगों पर सभी को मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रहे हैं।

# गंगा ब्रिज पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत, 3 किलोमीटर लगा जाम

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर वीर कुंवर सिंह गंगा सेतु पर गुरुवार की सुबह दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों ट्रकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद दोनों ट्रकों के चालक बाल-बाल बच गए। गंगा ब्रिज पर ट्रकों के बीच हुई टक्कर के बाद दोनों तरफ भयंकर जाम लग गया। सूचना पर आनन-फानन में पहुंचे NHAI की टीम भयंकर जाम को हटाने के प्रयास में जुट गए। जाम की समस्या से जूझ रहे छोटी वाहनों को पुराने पुल के रास्ते भेजा जा रहा है। नए पुल पर भी परिचालन बहुत जल्द शुरू होने की बात कही जा रही है। घटना गुरुवार की सुबह की है। बक्सर गंगा नदी पर बने नए ब्रिज के बाद इस पर भारी वाहनों का आवागमन बढ़ गया है। पुल पर थोड़ी रुकावट जाम का कारण बन जा रहा है। वहीं, अचानक पुल के रास्ते दोनों तरफ से आ रहे ट्रक ओवरटेक करने के चक्कर में एक दूसरे अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए। इसके कारण पुल पर जाम लग गया। पुल के दोनों तरह सैकड़ों छोटी बड़ी वाहनों की लंबी कतार लग गई। बक्सर के NH-922 पर 3 किलोमीटर से अधिक दूरी तक ट्रकों की लंबी जाम लग गई। टक्कर की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में NHAI की टीम पहुंची। दोनों ट्रकों को हटाकर परिचालन शुरू किया। ड्राइवर अमर सिंह द्वारा बताया गया कि इस टक्कर में दोनों ट्रक के ड्राइवर को चोट आई है। इनका निजी अस्पताल में इलाज किया गया। अब ठीक है। आगे बताया कि पुल पर एक लेन जाम सुबह से ही लगा हुआ था। थोड़ा सा जगह देख निकलने के प्रयास में सामने से आ रही ट्रक से जोरदार टक्कर हो गया।

### भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां महोत्सव में कलाकारों ने भरा रंग, अल्ताफ राजा के परदेसी गाने पर झूमे दर्शक

**बक्सर** । बक्सर के डुमरांव में बुधवार की देर शाम उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव मनाया जा रहा है। गीत नृत्य के माध्यम से बिहार की परंपरा, संस्कृति और लोक आस्था का महापर्व छठ की झांकियां प्रस्तुत की गई। यह महोत्सव कला संस्कृति एवं युवा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राज हाई स्कूल के खेल मैदान में चल रहा। सांसद अश्विनी चौबे ने कहा कि यह मेरा गर्व है कि में ऐसे जिले का नेतृत्व कर रहा हूं जिसने बिस्मिल्लाह खान जैसी महान विभूतियों को जन्मा है। एक छोटे से घर में पैदा हुए बिस्मिल्लाह खान ने अपनी उपलब्धियों से ही उस्ताद की पदवी प्राप्त की और उन्हें भारत रत्न सहित अन्य कई सम्मानों से नवाजा गया। डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि बिस्मिल्लाह खान के पैतृक गांव में बिस्मिल्लाह खान महोत्सव आयोजित होना, गर्व की बात है। जिस उस्ताद को पूरी देश दुनिया आज भी अपना आदर्श मानती है, उनकी जन्मभूमि पर सेवा दे पाना, यह अपने में अविस्मरणीय है। उस्ताद की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने समय में भारत रत्न, संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप,पद्म विभूषण, पद्म भूषण, इत्यादि कई सम्मान अपने नाम किए हैं। **छठ गीत पर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक**: कार्यक्रम की शुरुआत शिव तांडव से हुई, जिसके बाद लोक गायिका नीतू कुमारी नवनीत ने कजरा मोहब्बत वाला गीत से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रोबोट डांस, अईसन आपन ह बिहार, कांच ही बांस के बहंगिया, बच्चा नसीम कौसर की कव्वाली, मगध संगीत का डांस ग्रुप, नबेंदु भट्टाचार्य की गजल, बिस्मिल्लाह खां के परिवार के बेटे और बहू का शहनाई प्रदर्शन और अल्ताफ राजा के तुम तो ठहरे परदेसी साथ क्या निभाओगे' जैसे रंगारंग कार्यक्रमों से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों के प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से महफिल में एक अलग रंग का उत्साह भर दिया। बता दें कि कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद अश्विनी कुमार चौबे, डीएम अंशुल अग्रवाल, डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, एसडीएम कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया था।

# तेजस्वी यादव को देख, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**जगदीशपुर/भोजपुर**। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा को लेकर भोजपुर



जिले के राजद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। सभास्थल पर दोपहर एक बजे से ही पार्टी पदाधिकारी अपने-अपने समर्थक कार्यकर्ताओं के साथ नारा लगाते हुए पहुंचने लगे थे। तेजस्वी यादव का कार्यकर्ता बेसब्री से उनके सभा स्थल पर आने का इंतजार कर रहे थे। नेता प्रतिपक्ष श्री यादव संध्या 6:35 बजे सभास्थल पर पहुंचे। उनके सभास्थल पर पहुंचते ही कार्यकर्ता जोश से भर गए और नारे लगाने लगे। तेजस्वी यादव ने मंच पर पहुंच कर हाथ हिलाते हुए कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। उसके बाद मंच पर मौजूद पार्टी एवं महागठबंधन के नेताओं के पास जाकर उनसे हाथ मिलाया तथा अपार समर्थन के लिए सभी का आभार जताया। पार्टी कार्यकर्ता हाथों में छोटे-बड़े झंडा और पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह वाला टोपी पहने हुए थे। जैसे ही पूर्व डिप्टी सीएम विरोधियों पर हमला बोलते लोगों में जबर्दस्त शोर उभरता था। खूब तालियां बजतीं। इससे पहले सभा स्थल मंच से गायक श्री छोटू छलिया और गायिका नेहा सिंह निष्ठा ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव पर गाना गाकर कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। जबकि दोनो कलाकारों ने अपने गाने के माध्यम से नीतीश कुमार और पीएम मोदी पर तंज कसा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/455, दिनांक 20.02.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'–निविदा सं. : एसडीएसटीई/टेली/टी/26/23–24/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान**: सियालदह–कैनिंग–सोनारपुर–डायमंड हार्बर–लक्ष्मीकांतपुर शाखा में त्रुटिपूर्ण अंडर ग्राउंड बहुत पुराने 6 क्वाड केबल के प्रतिस्थापन के सिलसिले में टेलीकम कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.2,53,55,439.27, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,76,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** 9 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 06.03.2024, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 20.03.2024 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 20.03.2024 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** सिग्नलिंग और टेलीकम केबलों को खोदने, बिछाने और परीक्षण से सम्मिलित सिग्नल या टेलीकम के किसी भी कार्य को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-384/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

अग्निशमन की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

# दो दुकानों में लगी भीषण आग, 25 लाख से अधिक का हुआ नुकसान




निज संवाददाता

**समस्तीपुर**। समस्तीपुर जिले के पटोरी पटोरी बाजार में गुरुवार को हुई भीषण अगलगी कांड में बेकरी व शू स्टोर जलकर खाक हो गया। अगलगी की इस घटना में 25 लाख से अधिक के संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के कारण बाजार में अफरातफरी मच गई। घटना के संबंध में बताया है कि सुबह करीब 10 बजे पटोरी ओर आसपास के इलाके में हल्की बारिश हो रही थी, जिस कारण बाजार की अधिकतर दुकानें बंद थी। अचानक लोगों ने रंजीत कुमार की बेकरी और दिनेश कुमार के शू स्टोर से धुंआ उठता देखा। जब तक लोग कुछ समझ पाते दोनों दुकान धूं-धूं कर जलने लगा। इस दौरान आसपास के लोगों ने आग बूझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति नियंत्रित नहीं हो पाई। जिसके बाद लोगो ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पटोरी थाने से दमकल टीम मौके पर पहुंची। दमकल टीम को भी आग पर काबू पाने में करीब दो घंटे से अधिक समय लगा। उसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में बेकरी हाउस का सारा सामान पूरी तरह से जल कर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि आग पहले बेकरी हाउस में लगी थी। जिसके बाद शू स्टोर को भी अपने चपेटे में ले लिया। बेकरी हाउसे के दुकानदार रंजीत का कहना है कि इस घटना में करीब 20 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। जबकि शू स्टोर के दुकानदार दिनेश ने बताया कि उनके दुकान में 8-10 लाख का सामान बर्बाद हुआ है। पटोरी DSP रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। सूचना पर तुरंत दमकल टीम को भेजा गया था। आग पर काबू पा लिया गया है।

## बंद घर में 13 लाख की भीषण चोरी

निज संवाददाता



**पूर्णिया**। पूर्णिया में बेखौफ चोरों ने एक घर में घुसकर 13 लाख की भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। गृहस्वामी सपरिवार घर बंद कर पिता के श्राद्ध कर्म में शामिल होने गए थे। इसी का फायदा उठाकर बेखौफ चोर घर में घुसे। आलमारी में रखा 85 हजार कैश के अलावा सोने और चांदी के 12 लाख के जेवरात की चोरी कर ली। चोरी की वारदात की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है। चोरी की यह वारदात मरंगा थाना क्षेत्र के वार्ड 8 स्थित सुपरिम होंडा सर्विस सेंटर के समीप की है। पीड़ित गृहस्वामी की पहचान शहर के मरंगा थाना क्षेत्र के वार्ड 8 निवासी स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद यादव के बेटे राजेश भारती के रूप में हुई है। वहीं घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि वे मूल रूप से कटिहार जिले के कुरसेला के रहने वाले हैं। बीते 12 फरवरी को उनके पिता का देहांत हो गया था। जिसे लेकर वो परिवार के सभी सदस्यों के साथ श्राद्ध कर्म में शामिल होने कटिहार के कुरसेला गांव गए थे। 24 को श्राद्धकर्म होना था। हालांकि, इससे पहले ही उन्हें पड़ोसियों का फोन आया। कॉल पर पड़ोसियों ने घर के मेन डोर का ताला टूटे होने की बात बताई। जिसके बाद वे बिना श्राद्ध कर्म में शामिल हुए पैतृक गांव से सपरिवार पूर्णिया स्थित घर के लिए रवाना हो गए। घर पहुंचने पर मेन डोर का लॉक टूटा पाया। घर के अंदर प्रवेश करने पर सारा सामान इधर-उधर बिखरा देखा। घर के आलमारी और बक्सा में रखे 85 हजार कैश, 25 तोला सोने के जेवरात, 1 किलो चांदी के आभूषण करीब 12 लाख के जेवरात गायब थे। जिसके बाद फोन पर मरंगा थाना की पुलिस को चोरी की इस वारदात की सूचना दी गई। वहीं, घटना के संबंध में मरंगा थाना प्रभारी रूपक रंजन सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। पीड़ित की ओर से चोरी की इस वारदात को लेकर आवेदन मिला है। मामले की छानबीन की जा रही है।

## प्रीमियर लीग केपीएल सीजन दो का डीएम और एसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

निज संवाददाता



**किशनगंज**। किशनगंज प्रीमियर लीग (केपीएल) सीजन 2 का उद्घाटन डीएम तुषार सिंगला और एसपी डॉ इनामुल हक मेंगनू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके साथ ही खिलाड़ियों से मुलाकात की। डीएम तुषार सिंगला ने सबसे पहले केडीसीए के सेक्रेटरी और सभी मेंबर को बधाई दी। लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिला के बीच में मौजूद इस रूईधासा मैदान में शांति से खेल को देखे। वहीं केपीएल मैनेजमेंट कमेटी में सचिव परवेज आलम गुड्डू ने कहा कि हमने पिछले वर्ष सीजन वन का आयोजन किया था। जिसमें की लोगों का काफी सपोर्ट मिला था। इसलिए केपीएल सीजन 2 का आयोजन किया जा रहा है। इस सीजन में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही है। यहां पर एक महीने तक लगातार मैच खेले जाएंगे। ओपनिंग मैच किशनगंज सुपर किंग और किशनगंज टाइटंस के बीच 21 ओवरों का खेला जाएगा। इस सीजन का फाइनल 17 मार्च को खेला जाएगा। सुरक्षा को देखते हुए मैदान के चारों तरफ वॉलेंटियर्स मौजूद रहेंगे। बता दे कि दर्शकों की सुविधा के लिए भी विशेष व्यवस्था किया गया है। मौके पर चेयरमैन दीपक शर्मा, कोऑर्डिनेटर तारिक इकबाल, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार श्यामसुखा, जॉइंट सेक्रेटरी प्रमोद कुमार, एक्जीक्यूटिव मेंबर फैज आदि मौजूद थे।

## चोरों ने किया 60 हजार रुपए की चोरी, एक गिरफ्तार

**गोपालगंज (नि.सं.)**। गोपालगंज के गांधी कॉलेज मैदान में आयोजित जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों के जेब काटने का मामला सामने आया है। अपनी मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे बिजली कर्मियों के 60 हजार रुपए की चोरी कर ली गई है। एक चोर को भी रंगे हाथ बिजली कर्मियों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस मामले में बताया जा रहा है कि शहर के गांधी कॉलेज मैदान में जन विश्वास यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव का भाषण हो रहा था। तभी कुछ बिजली कर्मी तेजस्वी यादव से मिल कर आवेदन देना चाहते थे। अपने हाथों में तख्ती लेकर उन्होंने अपने ओर आकृष्ट करना चाहते थे। तभी चोरों ने मौके का फायदा उठाकर एक-एक कर करीब आधा दर्जन लोगो के पैकेट से पैसे निकाल लिए। इसी बीच एक कर्मी के पैकेट में जैसे ही एक चोर हाथ डाला। तभी उसने उसे पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया है। इस मामले में बिजली कर्मी ने बताया कि बिजली के बिल की वसूली कर अपने पैकेट में सभी कर्मी पैसे रखे थे। इसी बीच सभी लोग एकत्रित होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान चोर ने बरौली थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी राजीव कुमार सिंह के पास से 10 हजार, मांझा थाना क्षेत्र के डुमरिया गौसिया गांव निवासी अनिल कुमार सिंह के पास से 21580 रुपए, सिधवलिया थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी चंदेश्वर राम के पास से 11600, नवादा खास गांव निवासी राघो कुमार के पास से 3200, नेऊरी गांव निवासी शशिकांत सिंह के पास से 7200 रुपए की चोरी की गई। पीड़ितों ने बताया कि पकड़े जाने पर आरोपी ने अपने साथी को पैसे देने की बात कहा था। फिलहाल इस मामले में नगर थानाध्यक्ष ओपी चौहान ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है मामले की जांच की जा रही है।

## आईएएस के.के. पाठक पर मुजफ्फरपुर व्यवहार न्यायालय में मुकदमा दर्ज, चार मार्च को सुनवाई

निज संवाददाता



**मुजफ्फरपुर**। अधिवक्ता विनोद कुमार की ओर से दर्ज कराया गया है मुकदमा शिक्षकों के लिए आपत्तिजनक बयान देने के मामले में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के खिलाफ अपराधिक मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुजफ्फरपुर के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने बताया कि 21 फरवरी को शिक्षा विभाग के वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान के के पाठक ने शिक्षकों को सरेआम गाली देते हुए अपमानित किया। इससे सूबे के सभी शिक्षकों की भावनाएं आहत हुई है। इसको लेकर मुजफ्फरपुर के CJM कोर्ट में इस मामले पर आपत्ति जताते हुए एक परिवाद दर्ज कराया गया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया है। इस मामले में कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए अब इस मामले में सुनवाई के लिए 4 मार्च की तारीख निर्धारित की गई है।

इस मामले में परिवादी सह अधिवक्ता विनोद कुमार की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। शिक्षकों को गाली देने और उनको सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का आरोप लगाते हुए के के पाठक पर IPC की धारा 500 और 504 ए के तहत मुजफ्फरपुर के सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुजफ्फरपुर व्यवहार न्यायालय में इस मुकदमे की सुनवाई 4 मार्च को होगी।

## बालश्रम के दलदल से तीन बच्चे मुक्त

**पूर्णिया (नि.सं.)**। रूपौली में श्रम विभाग की टीम ने शहर के अलग-अलग दुकानों में बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 3 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। रूपौली और बिरौली बाजार में गहन छापेमारी अभियान चलाकर मोटरसाइकिल गैरेज में काम कर रहे बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। हालांकि मौके से दोनों गैरेज संचालक भागने में सफल रहा। श्रम विभाग की स्पेशल टीम की ओर से चलाए गए गहन छापेमारी अभियान के तहत रूपौली ब्लॉक गेट के समीप स्थित बाइक रिपेयरिंग गैरेज से एक बाल श्रमिक व रूपौली-पूर्णिया मेन रोड के किनारे स्थित बाइक गैरेज से दो बाल श्रमिक को मुक्त करवा कर छापेमारी टीम अपने साथ ले गई।

## लिट्टरा पब्लिक स्कूल के नए भवन का मौजीपुर में हुआ उद्घाटन, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

निज संवाददाता



**पटना**। लिट्टरा पब्लिक स्कूल पटना के प्रबंधन ने आईआईएम और आईएसबी पूर्व छात्रों द्वारा संचालित और प्रबंधित मौजीपुर, एनएच-31, विक्रमपुर, छपाक वाटर पार्क के पास, बख्तियारपुर रोड पटना स्थित नई शाखा का उद्घाटन और प्रवेश समारोह भव्य तरीक़े से आयोजित किया गया। उद्घाटन में अन्य सम्मानित अतिथि, कई स्कूलों के एचएम, जिला पंचायत अध्यक्ष, सरपंच, पंचायत सदस्य, भूमि दाता, स्कूल कर्मचारी, छात्र और स्थानीय लोग भी मौजूद थे। लिट्टरा पब्लिक स्कूल के प्रबंधन और अन्य अतिथियों ने अपने संक्षिप्त संबोधन में नए भवन के समय पर पूरा होने के लिए स्कूल के प्रति उनके निरंतर समर्थन के लिए सभी अभिभावकों की सराहना की। उन्होंने सभी से बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूल का समर्थन किया और आगे इस गुणवत्ता बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना से हुई। कार्यक्रम की प्रगति के दौरान अतिथियों को प्यार का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इस मौक़े पर लिट्टरा पब्लिक स्कूल के स्कूल शिक्षक और कर्मचारियों द्वारा एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस सम्मान में एक भव्य भोज का आयोजन किया गया। अंत में लिट्टरा पब्लिक स्कूल के प्रबंधन ने अतिथियों को धन्यवाद दिया और नवप्रवेशित सभी छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिएआशीर्वाद दिया। लिट्टरा पब्लिक स्कूल के नए भवन का उद्घाटन एक शानदार सफलता थी क्योंकि सभी अभिभावक और अतिथि लिट्टरा पब्लिक स्कूल के तहे दिल से स्वागत और आतिथ्य से बहुत प्रसन्न थे।

## इलाज के दौरान किशोर की मौत



निज संवाददाता

**लखीसराय**। लखीसराय के कबैया रोड के पास बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में चोटिल हुए किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह मंगलवार को अपने घर से किसी रिश्तेदार के यहां भोज में ई रिक्शा से जा रहा था तभी ई रिक्शा पलटने के कारण युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया गया। परिजनों ने उसे मंगलवार की देर रात डिस्चार्ज कराया और अपने घर ले गए। गुरुवार की सुबह फिर तबीयत बिगड़ने के बाद उसे अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कबैया थाना क्षेत्र अंतर्गत दाल पट्टी वार्ड नंबर 24 निवासी अशोक कुमार के 16 वर्षीय पुत्र अंकित के रूप में की गई है। परिजन संजीव कुमार ने बताया कि घटना में युवक को अंदरुनी चोट लग गई जिसकी वजह से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बेगूसराय में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छह महिलाएं झुलसी, हालत गंभीर

निज संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय में शिव चर्चा सत्संग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। हाई टेंशन तार की चपेट में आने से छह महिलाएं झुलस गईं। गंभीर हालत में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बखरी थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव की है। बताया जा रहा है कि मोहनपुर गांव में सत्संग कार्यक्रम चल रहा था। दोपहर करीब 2 बजे अचानक हाई टेंशन तार टूटकर गिर गिया। सत्संग में मौजूद महिलाएं करंट की चपेट में आ गईं। चारों ओर चीख-पुकार मच गई। आनन फानन में सभी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि करंट की चपेट में आने से महिलाएं बुरी तरह से झुलस गई हैं। हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही बखरी पुलिस और एंबुलेंस मौक पर पहुंची थी। बिजली विभाग की लापरवाही से ये हादसा हुआ है। इस संबंध में बखरी एसडीओ सनी कुमार ने बताया है कि शिव चर्चा करने के दौरान हादसा हुआ है। हाई टेंशन तार की चपेट में आने से 5 महिला घायल हो गईं हैं। फिलहाल सभी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ओपी पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत कई मामलों के तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**शेखपुरा**। केंवटी ओपी पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 3 लोगो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगो में एक अभियुक्त पिछले 5 और दूसरा 6 सालों से फरार चल रहा था। इन लोगो की गिरफ्तारी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर की है। ओपी अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि गंगटी गांव निवासी स्व चंद्रिका यादव का पुत्र अनिरुद्ध यादव हत्या के प्रयास मामले में साल 2018 से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई बार प्रयास किया था, लेकिन यह पुलिस को चकमा देकर भाग जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि वह दो दिनों से घर में छिपा हुआ है।

इस पर कार्रवाई की गई और गिरफ्तारी की गई। इसके घर में कुर्की जब्ती को लेकर इश्तहार चिपकाया जा चुका था। इसके अलावा पुलिस ने साल 2019 से फरार चल रहे भदर्थी गांव निवासी स्व नवल सिंह का पुत्र मंटू सिंह और शराब के मामले में कुसेड़ी गांव निवासी मिथिलेश मांझी को गिरफ्तार किया है। इन तीनों को पुलिस ने शेखपुरा जेल भेज दिया है।

## पुलिस ने नकली दरोगा को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता



**दरभंगा**। दरभंगा पुलिस ने एक नकली दरोगा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह ट्रैफिक दरोगा बनकर नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों वाहन मालिक को रोकता था और उनसे रुपए वसूल करता था। यह काम वह मिर्जापुर, दोनार आदि जगहों पर कर रहा था। पुलिस की गिरफ्त में न आ जाए इसके लिए वह हमेशा चेहरे पर मास्क लगाए रहता था। गिरफ्तार नकली दरोगा खुद को मनीगाछी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी विजय कुमार साहू का बेटा अशोक कुमार साहू बता रहा है। पुलिस ने उसे मिर्जापुर चौक से वसूली करते हुए रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस की पूछताछ में अशोक ने बताया कि दरोगा की परीक्षा में तीन बार फेल होने के बाद उसने ट्रैफिक दरोगा बनकर वसूली करना शुरू कर दिया। साथ ही ये भी कहा कि अब वह जेल में आराम से पढ़ाई करेगा। यातायात थानाध्यक्ष कुमार गौरव ने अशोक को नगर थाना को सौंप दिया है। आरोपी के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने कहा कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि कोई नकली दरोगा बनकर वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहा है। इसी सूचना पर उन्होंने यातायात प्रभारी कुमार गौरव को सत्यापन के लिए घटनास्थल पर भेजा था। उनके साथ दो और सिपाही थे। उसे हिरासत में लेकर नगर थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान पूरे मामले से पर्दा उठ गया। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक दरोगा बनकर अवैध वसूली करते नकली दरोगा अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया। नकली दारोगा अशोक ने बताया कि दारोगा के लिए तीन बार परीक्षा दी थी। जिसमें वह उत्तीर्ण नहीं हो सका। उसने बताया कि उसका सपना दारोगा बनने का था लेकिन वह दरोगा नहीं बन सका। पकड़ने जाने पर अशोक ने कहा अब जेल में पढ़ाई करेंगे। अशोक ने बताया कि पकड़ा न जाए इसलिए चेहरे पर मास्क लगाकर वह नो एंट्री का उल्लंघन करने वालों वाहन मालिक को रोकता था और रुपए वसूल कर लेता था। इस दौरान वह गश्ती गाड़ी को देखकर छुप जाता था। उसने बताया कि जेल जाकर पढ़ाई करेंगे और खूब पढ़कर इससे भी बड़ा पद हासिल करेंगे। इसके लिए बीपीएससी का परीक्षा देंगे। अशोक ने अपने परिवार वाले को भी अंधेरे में रखा था। उसने घर वालों को बता रखा था कि उसकी नौकरी पुलिस में लग गई है और वह यातायात पुलिस में दारोगा है।

## इंडो-नेपाल बॉर्डर से खाद की बड़ी खेप जब्त, एक गिरफ्तार



निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)**। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात इनरवा एसएसबी जवानों ने भारी मात्रा में तस्करी कर नेपाल ले जा रहे खाद को जब्त किए हैं। साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से जवानों ने चार साइकिल भी जब्त की। इनरवा एसएसबी में तैनात एसएसबी 47वीं बटालियन असिस्टेंट कमांडेंट सचिन ने बताया कि गुरुवार की अहले सुबह सूचना मिली कि पिलर संख्या 419/ 20 के रास्ते खाद की बोरियों को इनरवा के रास्ते नेपाली क्षेत्र में ले जाया जा रहा है। इंस्पेक्टर सर्वेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्रवाई की गई। इस दौरान 25 बोरा यूरिया खाद, चार बोरा डीएपी खाद और तीन बोरा अमोनियम सल्फेट खाद पकड़ा गया है। एसएसबी जवानों ने कार्रवाई के दौरान नेपाल के जानकी टोला नारायणी वार्ड नंबर 8 निवासी जदू राउत गद्दी को गिरफ्तार किया है। असिस्टेंट कमांडेंट सचिन ने बताया कि जब्त 32 बोरिया खाद ,चार साइकिल और खाद के साथ गिरफ्तार जदू राउत गद्दी को अग्रेतर कार्रवाई के लिए बेतिया कस्टम ऑफिस को सौंप दिया गया है। एसएसबी की इस कार्रवाई से खाद तस्करों में हड़कंप की स्थिति है। बता दें कि इनरवा और भंगहा में इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे खाद की अनुज्ञप्ति धारी दुकान हैं। वहां से खाद की तस्करी को अंजाम दिया जाता है।

## डबल मर्डर मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**भागलपुर**। बुधवार की देर रात नाथनगर रेलवे ट्रैक पर दो युवकों को गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस ने कुख्यात बदमाश मन्नू यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा,दो कारतूस समेत 70 हजार रुपए बरामद किए हैं। मामले को लेकर सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी ने बताया कि 24 जनवरी की देर रात नाथनगर रेलवे ट्रैक पर दो युवकों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संदर्भ में जीआरपी थाना द्वारा केस दर्ज कर मधुसुदनपुर थाने को सौंप दिया था। मामले की उद्बेदन के लिए एसएसपी के द्वारा सिटी एसपी के निगरानी में सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कांड के मुख्य आरोपी कुख्यात बदमाश मन्नू यादव को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आगे बताया कि कुख्यात मन्नू यादव की तलाश घटना के बाद से जारी था। गठित टीम के द्वारा कई ठिकानों पर छापेमारी भी की गई। इसी दौरान रहमत बाग गैस गोदाम के समीप मन्नू यादव के द्वारा कट्टा लहराने की पुलिस को सूचना मिला। जिसके बाद गठित टीम के द्वारा इलाके की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मन्नू यादव के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा दो जिंदा कारतूस एवं 70000 रुपए और उनका मोबाइल फोन जप्त किया है। पुलिस ने आगे बताया कि मन्नू यादव एक कुख्यात अपराधी रहा है जिनके खिलाफ जिले में ढेर दर्जन से अधिक आपराधिक मामला दर्ज है। अन्य अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी मन्नू यादव से पुलिस पूछताछ कर रही है। 26 जनवरी (बुधवार) की रात को नाथनगर रेलवे स्टेशन पर दो युवकों की गोली मार कर हत्या कर दी। रात 9:45 बजे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर खड़े मैट्रिक के छात्र ललमटिया थाना क्षेत्र के कुंडी टोला निवासी स्व बबलू साह के पुत्र प्रिंस कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। वहीं उसके साथ रहे नूरपुर निवासी युवक शेखर कुमार को भी गोली मार दी गयी थी। उसकी मायागंज में इलाज के दौरान मौत हुआ था। सूचना पर नाथनगर, ललमटिया व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### विमानन कंपनियों की लापरवाही और सफर में यात्रियों की मुश्किलें

मुंबई हवाई अड्डे पर अस्सी वर्ष के एक बुजुर्ग की मौत सिर्फ इसलिए हो गई कि वहां उसे समय पर पहिएदार कुर्सी मुहैया नहीं कराई गई, जबकि इसके लिए पहले ही अनुरोध कर दिया गया था। मगर संबंधित विमानन कंपनी का कहना है कि पहिएदार कुर्सी की किल्लत थी और बुजुर्ग को इंतजार करने के लिए कहा गया था, मगर वे पैदल ही चल पड़े। सवाल है कि न्यूयार्क से चल कर मुंबई पहुंचे बुजुर्ग ने अगर पहले ही इसके लिए बुकिंग कराई थी, तब उसे सही समय पर कुर्सी मुहैया कराना किसकी जिम्मेदारी थी? विमान यात्रा के दौरान हवाई अड्डे पर पहुंचने से लेकर हर स्तर पर अगर कोई यात्री जाने-अनजाने में नियम के विरुद्ध कोई व्यवहार करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी सक्रियता बरती जाती है। इसका मकसद होता है कि किसी भी तरह की अव्यवस्था न पैदा हो, क्योंकि विमान यात्रा बेहद संवेदनशील होती है और उसमें मामूली गलती भी बड़ा खतरा पैदा कर सकती है। इसका एक संदेश यह भी है कि विमान सेवाओं को संचालित करने वाले महकमे की ओर से भी कोई लापरवाही न बरती जाए। मगर आए दिन देखा जाता है कि अव्यवस्था की वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्यादा दिन नहीं हुए, जब एक यात्री विमान के शौचालय में गया और तकनीकी खराबी की वजह से उसी में बंद हो गया। उसे उसी में बंद रह कर यात्रा पूरी करनी पड़ी। इसके अलावा, खराब मौसम या अन्य वजहों से हवाई यात्रा में दस-बारह घंटे या इससे ज्यादा वक्त की देरी को भी सामान्य मान लिया जाता है। हाल ही में एक विमान के यात्री हवाई पट्टी पर ही उतर कर खाना खाने या वक्त काटने लगे। सुरक्षा जांच से गुजरने और उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी की वजह से विमान को आपात स्थिति में फिर से उतारने की घटनाएं भी सामने आईं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक बेहद छोटी खामी के चलते विमान यात्रियों के साथ क्या हो सकता है। यह सब भी अव्यवस्था के ही अंतर्गत दर्ज किया जाना और इसके लिए जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, नियमों के मुताबिक कार्रवाई होनी चाहिए। मुंबई हवाई अड्डे पर पहिएदार कुर्सी मुहैया न होने से बुजुर्ग की मौत एक सबसे व्यवस्थित मानी जाने वाली सेवा की कलई खोलती है।

# राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए किसानों की भावनाएं भड़काई गयी हैं

(उमेश चतुर्वेदी)

*हर राजनीतिक दल का सच अपना-अपना हो गया है। वह सार्वभौम या मूल सत्य पर नहीं टिका रहता। यही वजह है कि कांग्रेस किसानों को अपने दौर का सच नहीं बता रही है। उस सरकार में शामिल ममता और लालू यादव को भी यह सच पता है। लेकिन वे भी इसके मुताबिक अपनी राय ना रखते हुए सिर्फ और सिर्फ मौजूदा केंद्र सरकार को ही किसानों की बदहाली के लिए जिम्मेदार बता रहे हैं।*

स्वाधीन भारत में कई किसान आंदोलन हुए। बेशक हमारा देश अब औद्योगिक और सेवा क्षेत्र का बड़ा हब बनता जा रहा है, लेकिन अब भी देश की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। एक आंकड़े के मुताबिक अब भी ग्रामीण आबादी का 54 फीसद हिस्सा सिर्फ खेती और किसानी पर ही निर्भर है। खेती-किसानी की संस्कृति वाले अपने देश की विडंबना कहेंगे या फिर कुछ और...गुलाम भारत में बदहाल रही खेती-किसानी को लेकर आजाद भारत में भी क्रांतिकारी बदलाव नहीं आ पाया। राजनीति का खेल कहें या शासन व्यवस्था की नाकामी, आजाद भारत के सारे चुनावों में किसानों की स्थिति मुद्दा रही। वामपंथी धारा की राजनीति हो या राष्ट्रवादी धारा की, समाजवादी हों या मध्यमार्गी, हर राजनीतिक दल, सभी चुनावों में किसान, मजदूर और गरीब को ही मुद्दा बनाता रहा। लेकिन आजादी के पचहत्तर साल बाद भी संपूर्ण भारत भूमि को वैसी चमक हासिल नहीं हो पाई, जैसी औद्योगिक क्रांति के बाद के महज डेढ़ सौ सालों में ही यूरोप ने हासिल कर लिया। बेशक भारत आज दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर वह तेजी से अग्रसर भी है। लेकिन इस आर्थिक विकास का आनुपातिक हिस्सा गरीबों, मजदूरों और किसानों को नहीं मिल पाया है। मौजूदा किसान आंदोलन को लेकर अगर देश के एक बड़े वर्ग में सहानुभूति है तो इसकी एक बड़ी वजह हमारी व्यवस्था की नाकामी से उपजा असंतुलन ही है। किसानों को लेकर बनी सोच का ही नतीजा है कि दो साल पहले हुए किसान आंदोलन की हिंसा और हठधर्मिता के बावजूद देश का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रति हमदर्दी रखता रहा है। स्वाधीन भारत में कई किसान आंदोलन हुए। बेशक हमारा देश अब औद्योगिक और सेवा क्षेत्र का बड़ा हब बनता जा रहा है, लेकिन अब भी देश की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। एक आंकड़े के मुताबिक अब भी ग्रामीण आबादी का 54 फीसद हिस्सा सिर्फ खेती और किसानी पर ही निर्भर है। अपना देश विशाल है और स्थानीय स्तर पर लोगों की अपनी-अपनी समस्याएं भी रहती ही हैं। स्वाधीन भारत ने जिस ब्यूरोक्रेसी को अपनाया है, कई बार उसकी जड़ सोच की वजह से भी स्थानीय स्तर पर समस्याएं उपजती ही रहती हैं। उसकी वजह से स्थानीय स्तर पर हर समय देश के किसी ना किसी हिस्से में किसान आंदोलन होते ही रहते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में बड़े किसान आंदोलन अगर हुए हैं, उनमें प्रमुख रूप से तीन-चार के ही नाम गिनाए जा सकते हैं। पिछली सदी के अस्सी के दशक में भारतीय किसान यूनियन नेता महेंद्र सिंह टिकैत की अगुआई में हुआ आंदोलन इनमें सबसे ज्यादा उल्लेखनीय रहा है। शायद यह पहला मौका था, जब किसानों ने दिल्ली के वोट क्लब को घेर लिया था। जब नरसिंह राव ने उदारीकरण की नीतियां स्वीकार कीं, भारत जब विश्व व्यापार संगठन का हिस्सा बना, तब शेतकारी संगठन जैसे किसान संगठनों की अगुआई में खेती में विदेशी हस्तक्षेप और भारतीयता की परंपरा को खत्म करने की आशंकाओं के खिलाफ पिछली सदी के आखिरी दशक में लंबा आंदोलन चला। हरियाणा में बिजली बिल माफ करने की मांग को लेकर हुए आंदोलन को भी इस सूची में जोड़ सकते हैं। लेकिन अतीत के ये आंदोलन कभी हिंसक नहीं रहे। अगर किंचित हिंसा हुई भी तो उसके निशाने पर सार्वजनिक स्थल आदि ही रहे। लेकिन पिछले दो साल से हो रहे किसान आंदोलन को लेकर ऐसा नहीं कहा जा सकता। दो साल पहले साल 2021 की 26 जनवरी के दिन दिल्ली में जिस तरह अराजकता फैलाई गई, उसके बाद से सामान्य सहानुभूति के पात्र रहे किसानों को लेकर लोक विश्वास में दरार पड़ी। दिल्ली में नांगलोई के पास किसानों ने तब जिस तरह सामान्य नागरिकों को निशाना बनाया था, उससे किसान संगठनों के आंदोलन को लेकर लोगों की सोच बदली। रही-सही कसर पूरी कर दी 26 जनवरी 2021 के दिन हुई अराजकता ने पूरी कर दी। लाल किले पर कब्जे को लेकर हुई किसान हिंसा के बाद तो किसान आंदोलन को विदेश प्रेरित भारत विरोधी आंदोलन मानने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई। किसान संगठनों को यह मान लेना चाहिए कि भारतीय समाज के शहरी हिस्से के सरोकार खेती-किसानी से पहले वाली पीढ़ी की तरह रागात्मक नहीं रहे। शहरी समाज की अपनी चुनौतियां हैं और उनका जीवन संघर्ष भी अपनी तरह का है। दिल्ली जैसे शहर में नौकरी करने वाली बड़ी जनसंख्या दूर-दराज के इलाकों में रहती है। पिछले किसान आंदोलन के दौरान महीनों तक चली दिल्ली की घेरेबंदी के चलते उत्तर प्रदेश और हरियाणा की ओर से आने-जाने वाले लोगों को रोजाना जो दिक्कतें झेलनी पड़ीं, उसके बाद ही किसान आंदोलन को लेकर शहरी लोगों का नजरिया पूरी तरह बदल गया। शायद यही वजह है कि इस बार जारी आंदोलन को लेकर किसानों को लेकर पारंपरिक सहानुभूति नहीं दिख रही। इस आंदोलन को लेकर यह मानने वालों की भी कमी नहीं है कि इसके पीछे विदेशी ताकतें हैं और राजनीतिक स्तर पर इसे विपक्षी दलों की ओर हवा दी जा रही है। ऐन चुनावों से ठीक पहले आंदोलन का खड़ा होना, उसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा बार-बार सहयोग देना, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव द्वारा इस आंदोलन के बहाने सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करना लोगों की इस सोच को बढ़ावा ही दे रही है। किसान संगठनों के मौजूदा आंदोलन की प्रमुख मांग है, स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को लागू करना है। इसी सिफारिश के आधार पर सभी फसलों के लिए एमएसपी घोषित करने की मांग किसान संगठन कर रहे हैं। न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी अपनी हर सभाओं में इसका समर्थन कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि स्वामीनाथन समिति ने अपनी रिपोर्ट साल 2006 में दी थी। उसके पूरे आठ साल बाद तक केंद्र में कांग्रेस की अगुआई वाली ही सरकार थी। राहुल गांधी तब भी संसद के सदस्य रहे। तब किसानों को यह सहूलियत देने की राहुल और उनकी कांग्रेस को क्यों नहीं सूझा? आज के आंकड़ों पर ही भरोसा करें तो अगर सभी फसलों पर एमएसपी घोषित कर दी जाए तो भारत सरकार पर करीब 71 लाख करोड़ का दबाव बढ़ेगा। जबकि भारत का कुल बजट ही 47 लाख करोड़ का ही है। सवाल यह है कि अगर एमएसपी की मांग मान भी ली गई तो भारत 24 लाख करोड़ रूपए कहां से लाएगा। साफ है कि स्वामीनाथन समिति की सिफारिश को पूरी तरह लागू कर पाना ना तो कांग्रेस की अगुआई वाली सरकार के वश की बात थी और ना ही मोदी सरकार के लिए संभव है। चूंकि आज की राजनीति का लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ सत्ता प्राप्ति रह गया है।

# मणिपुर हिंसा की जड़ें और शांति के प्रयास

मणिपुर हिंसा को नौ महीने से ऊपर हो गए, मगर अभी तक कहीं से भी ऐसा नहीं लगता कि उस पर काबू पाने का कोई संजीदा प्रयास किया जा रहा है। आए दिन वहां हिंसा भड़क उठती है और लोग मारे जाते हैं। अब भी पुलिस थानों, विशेष बलों की चौकियों पर हमला कर भीड़ हथियार लूट ले जाती है और सुरक्षाबल उस पर काबू पाने में विफल नजर आते हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी इंफल जिले के विशेष बल के शिविर में घुस कर भीड़ ने कई अत्याधुनिक हथियार और गोले-बारूद लूट लिए। इस घटना के बाद सात सुरक्षाकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि लूटे गए हथियार और गोला-बारूद भी बरामद कर लिए गए हैं। निस्संदेह इससे सुरक्षाबलों की मुस्तैदी का पता चलता है, मगर इस घटना में उजागर हुए अन्य तथ्य ज्यादा चिंता पैदा करने वाले हैं। दरअसल, एक पुलिसकर्मी को एक उपद्रवी समूह में शामिल देखा गया था, जिसके चलते उसे निलंबित कर दिया गया। उसके निलंबन के खिलाफ भीड़ उग्र हो गई और थाने पर हमला कर दिया। वह उसका निलंबन वापस लेने की मांग कर रही थी। इससे एक बार फिर जाहिर हुआ है कि जिन लोगों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही उपद्रवियों का सहयोग कर रहे हैं। मणिपुर में इतने दिनों से चल रही हिंसा में अब वहां का समाज, यहां तक कि प्रशासन भी दो हिस्सों में बंट चुका है। मैतेई इलाकों में कुकी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती नहीं की जा सकती और न कुकी बहुल इलाकों में मैतेई सुरक्षाकर्मियों की। जब कुकी महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार और उन्हें नंगा घुमाने का वीडियो सामने आया था, तब भी यह तथ्य उजागर हुआ था कि उन महिलाओं को सुरक्षाकर्मियों ने ही भीड़ के बीच ले जाकर छोड़ दिया था। सुरक्षाकर्मियों के भीतर से जब इस तरह किसी समूह की हिंसा को समर्थन मिलने लगे, तो वहां शांति प्रयासों को गति मिलना मुश्किल हो जाता है। मणिपुर में भी यही हो रहा है।

# सड़क पर क्यों भटक रहे गोवंश

(अक्षय शुक्ला)

घर की बालकनी में बैठकर अखबार पढ़ते वक्त रोज़ सुबह एक दृश्य दिखाई देता है। सड़क किनारे बैठे गाय के झुंड के पास हर थोड़ी देर में एक कार या दोपहिया आकर रुकता है। हाथ में पॉलिथीन लिए लोग उतरते हैं, उसमें से बची हुई रोटियां, ब्रेड या खाने का अन्य सामान निकालकर गाय को देते हैं और खाली पन्नी वहीं फेंककर निकल जाते हैं। इनमें से कुछ लोग तो पन्नियों से खाना निकालने की भी ज़हमत नहीं उठाते, पूरा पैकेट ही वहां रखकर चल देते हैं। गाय उस पॉलिथीन की थैली समेत ही अंदर का सामान निगल जाती हैं। बल्कि बगल में फेंकी हुई पन्नियों में बचा खुचा कुछ मिलने की आस में उन्हें भी निगल लेती हैं। गोमाता को अन्न देकर पुण्य कमाने की आस रखने वाले ये लोग सड़क किनारे गंदगी और प्रदूषण तो बढ़ा ही रहे, साथ ही इन मवेशियों की सेहत के साथ भी बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। खाना देने के बाद लोग पॉलिथीन अपने साथ ही ले जा सकते हैं और कहीं कूड़ेदान में डाल सकते हैं। लेकिन यह सिविक सेंस आज भी बहुत कम लोगों में दिखता है। अभी चार दिन पहले ही फरीदाबाद से आई एक खबर से तो ऐसे लोगों की आंखें खुल जानी चाहिए। वहां एक गाय के पेट से 31 किलो कचरा निकला। इस गाय को सड़क पर कराहते देख एक संस्था पशु चिकित्सक के पास ले गई। उसका पेट फूला हुआ था और दर्द से बेहाल थी। सर्जरी के दौरान गाय के पेट से ढेर सारा प्लास्टिक, कीलें, स्क्रू, नट बोल्ट, सिक्के और पत्थर निकले। ये इंसानों का ही फेंका हुआ कचरा था, जिससे इस बेजुबान की जान पर बन आई। इस गाय की जान तो बचा ली गई लेकिन तीन साल पहले इसी शहर में ऐसे ही हाल में मिली एक गर्भवती गाय इतनी भाग्यशाली नहीं थी। उसके पेट से 70 किलो से अधिक प्लास्टिक और लोहे का कचरा निकला था। कुछ साल पहले गुजरात के अहमदाबाद में भी एक गाय के पेट से सौ किलो से अधिक कचरा निकला था। वह गाय भी गर्भवती थी और उसकी भी जान नहीं बचाई जा सकी थी। अलग-अलग राज्यों से इस तरह की खबरें हर थोड़े दिन में आती रहती हैं। खुले में घूमते मवेशियों के साथ ऐसे हादसों से सवाल उठता है कि आखिर देश के हर शहर में, हर सड़क पर इतने आवारा पशु क्यों हैं? जब अनेक राज्यों में गायों के संरक्षण और कल्याण के लिए गोसेवा आयोग हैं और दुर्बल, अनउत्पादक, बूढ़े या छोड़ दिए गए मवेशियों को प्रश्रय देने के लिए सैकड़ों गोशालाएं बनाई गई हैं, उसके बावजूद छुट्टा पशुओं की यह समस्या कम होने के बजाय बढ़ती क्यों जा रही है? जबकि इन्हें अच्छी खासी सरकारी मदद मिलती है। और इनका काम है कि कोई भी गोवंश सड़क पर भटकता न मिले। दरअसल, जैसे ही कोई गाय दूध देना बंद कर देती है या कोई सांड काम का नहीं रहता, इनके मालिक इनसे छुटकारा पा लेते हैं। पेट भरने के लिए ये मवेशी इधर-उधर भटककर खाना ढूंढते रहते हैं। इनका मुख्य भोजन तो चारा, घास, फलियां और हरे पत्ते हैं लेकिन सड़क पर तो जो मिला, वही खा लेते हैं। वहीं से इनके पेट में हर तरह का कचरा पहुंच जाता है। मेन रोड से लेकर गलियों तक में घूमते ये मवेशी कई बार खतरनाक भी हो जाते हैं। बीच सड़क पर सांडों की झड़प की खबरें आए-दिन आती रहती हैं। इनकी चपेट में आकर कितने ही राहगीर अपनी जान गंवा चुके हैं। दो साल पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में तो छुट्टा जानवर एक बड़ा मुद्दा बन गए थे। बुंदेलखंड समेत कई जगह इनसे फसलों को नुकसान पहुंचने की शिकायतें लगातार आ रही थीं। किसानों को रात-रात भर जागकर खेतों की रखवाली करनी पड़ रही थी। विपक्ष, खासकर समाजवादी पार्टी तो इस मुद्दे पर सरकार को आज भी घेरती रहती है। यूपी सरकार ने सीएम खेत सुरक्षा योजना शुरू करने के साथ ही पिछले साल के अंत में सड़कों को आवारा पशु मुक्त करने का अभियान भी चलाया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5289

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5288

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 5289

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | ■ | ■ | 11 | | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | ■ | | ■ |
| 14 | ■ | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | 18 |
| 19 | | ■ | 20 | | 21 | ■ | |
| | ■ | 22 | | | | ■ | |
| ■ | 23 | | | ■ | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. पुर्तगाल और इस देश का बॉर्डर दुनिया की इकलौती ऐसी बॉर्डर है जहां जिप लाईन के जरिए एक देश से दूसरे देश जा सकते है (2)
3. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (4)
6. सम्राट को यह भी कहते है (5)
8. एकत्रित, इकट्ठा किया हुआ (2)
10. मस्तक, माथा (3)
11. श्रृंगार, इस अभिनेत्री की पहली फिल्म थी हलचल (1971)(सिर्फ आरंभिक नाम)(3)
12. सनिश्चय नहीं (3)
15. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)
17. कुलीन स्त्री, हेमामालिनी की अभिनेत्री पुत्री (सिफ नाम) (2)
19. मुस्लिम रीति से विवाह करवाने वाला (2)
20. हमारे प्रथम प्रधानमंत्री की पत्नी (सिर्फ नाम) (3)
22. शिरोमणि, सबसे अच्छा (4)
23. मनोरंजन कर्म, विलास पर्यटन (3)
24. सूती महीन तागा, द्वार को अंग्रेजी में यह कहते है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. विशिष्ट, किसी खास व्यक्ति के लिए (3)
2. स्नान करवाना, तरबतर करना (4)
3. धन संपत्ति, जादू प्रभाव (2)
4. दोस्त, मित्र, उपपति (2)
5. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (5)
7. याद करने के लिए बार-बार दोहराना (3)
9. शिकस्त, पराजय, शतरंज की एक चाल (2)
13. हिंदुओं में एक संस्कार जिसमें बालक का नाम रखा या स्थिर किया जाता है (5)
14. नभ, गगन, पंच तत्वों में से एक (3)
16. माता का वह दुलार जो उसकी संतान पर होता है (3)
18. तड़क-भड़कदार, भव्य दृश्तापूर्ण (4)
21. शर्म, हया (2)
22. बराबर, तुल्य, वह संख्या जिससे भाग देने पर शेष कुछ न बचें (2)

### वर्ग पहेली 5288 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ला | हा | बा | द | बैं | क | ■ |
| त | ल | ■ | रू | म | ■ | ल | घु |
| ना | च | कू | द | ■ | श्या | म | ल |
| ■ | ■ | ल | ■ | ■ | म | ल | ना |
| सा | ब | र | म | ती | ■ | गा | ■ |
| ह | द | ■ | स्त | र | ■ | ना | ते |
| सि | ल | ना | ■ | ■ | भा | ■ | ज |
| क | ना | ग | त | ■ | त | प | स्वी |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन मिलाजुला रहेगा। आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। किसी नये कार्य में निवेश करना पड़े तो अवश्य करें।

### वृष
आज का दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपको काफी भागदोड़ करनी पड़ सकती है। पांव में चोट लगने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा। आपके रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी। किसी काम में आपको धन का निवेश करना पड़े तो दिल खोलकर करें, आगे चलकर आपको पूरा लाभ होगा।

### मिथुन
आज ज्ञान प्राप्त होगा और आज आपके भाग्य में वृद्धि होगी। आपके मन में परोपकार की भावना विकसित होगी। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा और आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। सांयकाल से लेकर रात्रिपर्यन्त पेट के विकार होने की संभावना है।

### तुला
आज संभलकर चलने की जरूरत है। आज आप फिजूल के खर्चे से बचें। आपके कष्ट में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में कोई बाधा आ सकती है। कुछ अकस्मात लाभ होने से आपकी धर्म, आध्यात्म के प्रति रुचि सुदृढ़ होगी। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। शाम से लेकर रात तक आपको सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेना पड़ेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ में बीतेगा। आप में निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। अपने माता-पिता का सुख सहयोग मिलेगा और आपको लाभ होगा। पत्नी के बीमार होने से आप पत्नी को शरीर कष्ट से कुछ खिन्नता रह सकती है।आप मन से लोगों का भला सोचेंगे किन्तु लोग इसको आपकी मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे। व्यापार में धनलाभ होगा।

### धनु
आज आर्थिक लाभ होगा और आज भाग्य की दृष्टि से दिन उत्तम रहेगा। आपको मेहनत का फल मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा और आपके लाभ में वृद्धि होगी। आज ननिहाल पक्ष से प्रेम एवं विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खरचा करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे।

### कर्क
आज का दिन शानदार है। आज आपको सम्मानित किए जाने की संभावना है। आपके बैंक बैलेंस में इजाफा होगा। आज किसी प्रकार का लोन लेने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा एवं अच्छे मित्र भी बढ़ेंगे। पत्नी पक्ष से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपका बहुत समय से लटका कार्य पूर्ण होगा। किसी विवाद का हल निकल आएगा। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा और आज आप कुछ अलग हटकर करने के बारे में सोचेंगे। ससुराल के लोगों के साथ धन का लेनदेन न करें।

### कन्या
आज भाग्य साथ देगा। आज का दिन बुद्धि विवेक से नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित और आवश्यकतानुसार व्यय करें तो कोई परेशानी नहीं होगी। परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो सकता है।

### मकर
आज लाभ का दिन है। आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। आपके धन के मामले में लाभ होगा। आप अपने गुरु का सम्मान करेंगे और आपको लाभ होगा। आज नए कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कुंभ
आज तनाव में बीतेगा और आप मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। शाम को आपको कोई अशुभ सूचना मिलने से मन परेशान रहेगा और काम करने में मन नहीं लगेगा। धैर्य और प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई विवाद लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

### मीन
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता की वजह से आपके तनाव में वृद्धि होगी। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष के लोगों से आप नाराज हो सकते हैं। मधुरवाणी का प्रयोग करें, अन्यथा संबंधो में कटुता आ सकती है। नेत्रों से संबंधित कोई विकार हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### पंचानन उरांव ने संभाला पूर्वी सिंहभूम के डीपीआरओ का पदभार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** पंचानन उरांव (झा.सू.से.) ने पूर्वी सिंहभूम के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। स्थानांतरित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार ने उन्हें पदभार सौंपा। उरांव हजारीबाग में इसी पद पर पदस्थापित थे जबकि रोहित कुमार भी स्थानांतरित होकर वहीं गए हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थापित डीपीआरओ उरांव ने अपने कार्यालय कक्ष में जनसंपर्क के कर्मियों से मिले व कार्यों की आगामी रूपरेखा पर चर्चा की।

### जिला परिषद मैदान में स्वाभिमान स्वदेशी मेला 28 से

**धनबाद, एजेंसी।** राष्ट्रीय चेतना संघ स्वयंसेवी संस्था की ओर से हीरापुर के जिला परिषद मैदान में 28 फरवरी से 10 मार्च तक स्वाभिमान स्वदेशी मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बुधवार को गांधी सेवा सदन में प्रेस वार्ता कर बताया कि मेले में लगभग 80 स्टॉल लगाए जाएंगे। झारखंड, बिहार, बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों के स्टॉल धारक अपने-अपने उत्पाद लेकर आएंगे। बताया कि मेले में खादी के वस्त्र, भागलपुरी सिल्क, कथा की साड़ी, गृह सज्जा की सामग्री, घरेलू उपयोग के सामान के साथ खाने-पीने के लजीज व्यंजन उपलब्ध होंगे। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए जंपिंग, मिकी माउस, वाटर पार्क आदि की भी व्यवस्था है। साथ ही स्कूली बच्चों के लिए संध्या के समय प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में धर्मजीत चौधरी, मुकेश सिंह, छोटू चार्ली, बृज कुमार राय व रमेश गांधी सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रत्येक छात्र में विशिष्ट क्षमता विद्यमान: डीसी

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्वी क्षेत्र विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में ओवरऑल चौथे स्थान व झारखंड में पहले स्थान पर रहने वाले बीबीएमकेयू धनबाद के छात्र-छात्राओं का बुधवार को शानदार स्वागत हुआ। विवि कैंपस में आयोजित स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि डीसी वरुण रंजन, कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार ने छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण-पत्र वितरित किया। डीसी वरुण रंजन ने कहा कि युवाओं को संबोधित करना अपने आप को रिचार्ज करना है। सफलता संसाधन का मोहताज नहीं होता है। दृढ़ संकल्प तथा कठिन एवं सतत प्रयास द्वारा पूरे विश्व पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। वर्क एथिक्स तथा एट्टीट्यूट विकसित करना जरूरी है। प्रत्येक छात्र में विशिष्ट क्षमता विद्यमान होती है। उसे विकसित कर सफलता पाई जा सकती है। टैलेंट नाम की कोई चीज होती ही नहीं है। इंद्रियों पर नियंत्रण कर असंभव को भी संभव में परिवर्तित किया जा सकता है। बताते चलें कि पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव का आयोजन ओडिशा के बहरामपुर में 16 से 20 फरवरी तक हुआ। 21 फरवरी को टीम वापस लौटी। कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कम समय व अल्प संसाधन में छात्रों ने शानदार जीत हासिल की है। अब विजेता छात्र राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ पुष्पा कुमारी, रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार, डॉ मासूफ अहमद, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ जयगोपाल मंडल समेत अन्य शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे।

### रांची में सनसनीखेज वारदात, घर में घुसकर पति-पत्नी को गोलियों से भूनकर हत्या

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची में बेखौफ अपराधियों का तांडव जारी है। रांची के पिस्कामोड़ देवी मंडप रोड (जनकनगर रोड नंबर-चार) में बुधवार की देर शाम अपराधियों ने घर में घुसकर एक दंपति को गोलियों से भून डाला। वारदात को अपराधियों ने उस समय अंजाम दिया, जब पति-पत्नी घर में खाना बनाने की तैयारी में थे। गोली लगने से बिरसा उरांव और उसकी पत्नी सोनी मुंडा की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश में हत्या की बात सामने आयी है। मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि हिरासत में लिया गया युवक चश्मदीद है। पूछताछ की जा रही है। बिरसा और उसकी तीसरी पत्नी अपने घर में खाना बनाने की तैयारी में थे। उसी दौरान दो अपराधी पैदल पहुंचे। पहले बिरसा को गोली मारी। इसके बाद उसकी पत्नी सोनी की गोली मारकर हत्या कर दी। इस दौरान अपराधियों ने आठ राउंड फायरिंग की।

# छात्र, बुजुर्ग और दिव्यांगों को मुफ्त बस सेवा, झारखंड में शुरू हुई ग्राम गाड़ी योजना

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने ग्रामीण क्षेत्रों से अनुमंडल व जिले तक आवागमन सुविधा को सुलभ और सुगम बनाने के लिए बुधवार को रांची के मोरहाबादी मैदान से 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत 83 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले चरण में जल्द ही 250 से अधिक गाड़ियां ग्रामीण इलाकों से शहर तक दौड़ेंगी। मौके पर सीएम ने कहा कि ग्राम गाड़ी योजना के तहत इन गाड़ियों में विद्यार्थी, आंदोलनकारी, दिव्यांग, वृद्धजन, विधवा माता-बहनें और एचआईवी संक्रमित लोग मुफ्त में यात्रा कर सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी से विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी।

सीएम ने अबुआवा आवास स्वीकृति पत्र वितरण के दौरान कहा कि वर्ष 2027 तक उनकी सरकार राज्य के 20 लाख आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान देगी। आने वाले तीन माह में नौ लाख लोगों को अबुआ आवास का लाभ देने का लक्ष्य है। मोरहाबादी मैदान के मंच से रांची, लोहरदगा और गुमला जिले के 24 हजार से ज्यादा की संख्या में लाभुक परिवारों को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। पहली किस्त की राशि 72 करोड़ रुपये भी डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है।




मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा और केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। कहा कि केंद्र से झारखंड के जरूरतमंदों के लिए आवास योजना स्वीकृत करने का कई बार आग्रह किया, लेकिन केंद्र ने झारखंड के गरीब परिवार को 80 हजार रुपये किश्त नहीं देकर भेदभाव किया। चंपाई ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के जरूरतमंद और वंचितों के हक के लिए आवाज बुलंद की तो केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर साजिशन उन्हें जेल भेज दिया गया।

सीएम ने कहा कि चुनाव नजदीक आया तो भाजपा के नेता गांव जा रहे हैं, लेकनि, वे चाहे जिस गांव-घर चले जाएं, वहां उन्हें पहले से हेमंत सोरेन की योजनाएं पहुंचीं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022 तक सबको पक्का मकान देने की घोषणा की थी। 2024 में भी यह नहीं हो पाया। केंद्र ने यहां के आदिवासी-मूलवासियों के साथ धोखा किया। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन ने राज्य के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित हर वर्ग की जरूरत को गांव-गांव जाकर समझा और इनके सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक विकास की योजनाएं लेकर आए। रोटी, कपड़ा के बाद आवास सबसे बड़ी मांग के रूप में सामने आई। केंद्र ने मंजूरी नहीं दी तब हेमंत सोरेन ने यह फैसला किया कि अपने संसाधन के बल पर राज्य के हर जरूरतमंद को तीन कमरों वाला अबुआ आवास देंगे।

## हीमोफीलिया मरीजों को महीने में आठ बार फैक्टर लेने से निजात दिलाएगा मिमिक

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में हीमोफीलिया के मरीजों की परेशानी अब कम होने वाली है। झारखंड के करीब 950 हीमोफीलिक मरीजों को इसका लाभ मिलेगा। रांची के सदर अस्पताल में अब फैक्टर आठ मिमिक मरीजों के लिए जल्द ही उपलब्ध हो जाएगा। इसके उपलब्ध हो जाने से मरीजों को फैक्टर लेने के लिए सप्ताह में दो बार अस्पताल जाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि महीने में सिर्फ एक बार ही मिमिक ले लेने से समस्या का समाधान हो जाएगा।

हीमोफीलिया सोसाइटी के सचिव संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि वर्तमान में फैक्टर लेने के लिए मरीजों को हर सप्ताह दो बार आना पड़ता है। वहीं इसकी उपलब्धता को लेकर रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात ने बताया कि टेंडर किया जा चुका है। पैसे की मांग विभाग के स्तर से की गई है और जल्द ही इसकी खरीदारी कर ली जाएगी। बता दें कि मिमिक की सुविधा देश के विभिन्न राज्यों में मरीजों को पहले से ही दी जा रही थी। झारखंड में अब इसकी शुरुआत होगी।

सिविल सर्जन डॉ. प्रभात ने बताया कि हीमोफीलिया के मरीजों को मिमिक की सुविधा मिलने से काफी राहत मिलेगी। महीने में सिर्फ एक बार ही लेना होगा, साथ ही इसे नस में लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि मरीजों को नस में फैक्टर आठ देने से कई बार नसें ब्लॉक हो जाती हैं, नस खोजने से भी नहीं मिलता ऐसे में परेशानी होती है।

हीमोफीलिया सोसाइटी के सचिव ने बताया कि मिमिक की उपलब्धता हो जाने से हीमोफीलिया ग्रसित मरीजों का जीवन समान्य हो सकेगा। उन्हें बार-बार अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसा होने से वे समान्य लोगों की तरह अपना काम कर सकेंगे। बच्चे रेगुलर स्कूल जा सकेंगे। ड्रॉपऑउट की स्थिति नहीं बनेगी। कामकाजी लोग भी अपना काम सही से कर सकेंगे।

रांची के सिविल सर्जन डॉ. प्रभात के अनुसार, हीमोफीलिया के मरीजों को फैक्टर बतौर दवा दी जाती है। फैक्टर आठ अब तक दी जाती रही है। फैक्टर आठ मिमिक एडवांस वर्जन है जिसे इंसुलिन के तौर पर दिया जाएगा।

# महिला किसान ग्रामीणों को बता रहीं मोटे अनाज के सेवन के फायदे

**साहिबगंज, एजेंसी।** झारखंड के साहिबगंज जिले की महिला किसान अब खेतीबारी करने के अलावा ग्रामीणों को हेल्थ टिप्स भी दे रहीं हैं। महिला किसान लोगों को मोटा अनाज खाने से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दे रहीं हैं। साहिबगंज जिले के 75 महिला किसानों को यहां के कृषि विज्ञान केंद्र में खासतौर पर प्रशिक्षित किया गया है। दो सप्ताह के प्रशिक्षण में मोटे अनाज की खेती के तरीके एवं इससे होने वाले फायदे को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने के भी टिप्स दिए गए हैं।

दरअसल, मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार अभियान चला रही है। जिले में इस साल खरीफ वर्ष 2023-24 में मोटे अनाज की 1390 हेक्टेयर में खेती करने का लक्ष्य तय किया गया था। हालांकि लक्ष्य से कम खेती हुई। आने वाले समय में इससे अधिक हेक्टेयर में मोटे अनाज की खेती का लक्ष्य रखा गया है। साहिबगंज के प्रेमनगर की किसान खीरा देवी ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण के बाद उन्हें मोटे अनाज की खेती की अच्छी



जानकारी मिली है। वे अब मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देंगी। समाज के लोगों को इसके सेवन से होने वाले फायदे बता रही हैं। इसी प्रकार बड़ा जिरवाबाड़ी की किसान शीला देवी मोटे अनाज की खेती कर कोई भी किसान स्वावलम्बी बन सकता है। इसकी खेती करना अपेक्षाकृत आसान और सस्ता होता है। इसका नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है। कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण के बाद अब वे लोगों को इसे लेकर जागरूक कर रही हैं।

**मोटे अनाज की खेती कर बनेंगी स्वावलंबी :** जिले में मोटे अनाज की बड़े पैमाने पर खेती होगी। इसके लिए जिला कृषि विभाग ने योजना तैयार की है। अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 में आठ मोटे अनाज को शामिल किया गया है। इनमें ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, कंगनी, कोदो और चना है।

**आसान है इसकी खेती :** कम वर्षा वाले क्षेत्र में भी मोटे अनाज की खेती संभव है। इसे जलोढ़ या लोमी मिट्टी में उगाया जा सकता है। किसानों को मोटे अनाज की खेती के लिए कम खर्च करने पड़ते हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. माया कुमारी ने बताया कि मोटे अनाज की खेती के लिए जिले के 90 किसानों को खासतौर पर प्रशिक्षित किया गया है। इनमें 75 महिला किसान हैं। ये महिला किसान मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के अलावा अपने-अपने समाज में लोगों को इसके सेवन से सेहत को होने वाले फायदे के बारे में जागरूक करेंगी।

## झारखंड के कारण चमके दिल्ली-यूपी और गुजरात : चंपई सोरेन

**रांची, एजेंसी।** चंपई सोरेन ने केंद्र सरकार पर झारखंड के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। मोरहाबादी मैदान में ग्राम गाड़ी योजना के शुभारंभ और अबुआ आवासों के स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि झारखंड के खनिज की बदौलत ही दिल्ली, उत्तर प्रदेश और गुजरात में रौनक है।

उन्होंने कहा कि हमारा झारखंड पिछड़ा हुआ है। पहले केंद्र सरकार ने कहा था कि 2022 तक सबको पक्का मकान दिया जाएगा। 2024 आ गया, लेकिन लोगों को पक्का मकान नहीं मिला। सीएम ने आगे कहा कि प्रदेश के आदिवासियों और मूलवासियों के साथ बड़ा धोखा हुआ। जब गरीब को घर बनाने नहीं दिया तब हेमंत बाबू ने कहा कि हरेक गरीब को तीन कमरों का पक्का मकान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों-मूलवासियों के धार्मिक स्थलों का सरकार सौंदर्यीकरण कराएगी। उन स्थलों को सुरक्षा भी प्रदान किया जाएगा। इनकी आस्था के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। हेमंत सोरेन ने जो दो वर्षों में किया, वैसा भाजपा 25 वर्ष में भी नहीं कर सकती। ये लोग सरकार के काम पर सवाल उठाते हैं। हम 20 लाख लोगों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली दे रहे हैं।

कोरोना के दौरान हेमंत बाबू ने किसी को तकलीफ नहीं होने दी। जब डबल इंजन की सरकार थी तो राज्य के किसी अस्पताल में एक वेंटिलेटर तक नहीं था। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये लोग अबुआ आवास को बबुआ आवास कहते हैं। उन्हें शर्म करना चाहिए। भाजपा के लोग सबसे लंबे समय तक सत्ता में रहें। उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने राज्य के क्या किया। इन लोगों ने सीएनटी एक्ट में छेड़छाड़ किया तो जनता ने इन्हें गद्दी से नीचे उतार दिया।

अब वे लोकतांत्रिक तरीके से बनी हुई सरकार को कमजोर करने की कोशिश में हैं। ऐसा करने के लिए ये जांच एजेंसियों का सहारा ले रहे हैं। इन्होंने झारखंड की क्या हालत कर दी थी, यह भी किसी से छिपा नहीं है। चुनी गई हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने के लिए जांच एजेंसी का सहारा लिया जा रहा है। हेमंत बाबू का नाम तो किसी खाता-बही में नहीं है। केंद्रीय एजेंसी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है।

## धनबाद से जाने वाले यात्री ध्यान दें, कल से कई ट्रेनों का बदल जाएगा रूट

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद से पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल मार्ग पर सोन नगर में चल रहे यार्ड रिमाडलिंग व दोहरीकरण के कारण परिवर्तित मार्ग से चल रही ट्रेनें 23 फरवरी से अपने पुराने मार्ग पर लौट जाएंगी। शुक्रवार को चलने वाली हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस, सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस धनबाद होकर चलेंगी। कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस 24 फरवरी से धनबाद के रास्ते चलगी। अभी यह ट्रेनें आसनसोल से जसीडीह, झाझा व पटना होकर चल रही हैं।

हावड़ा से नई दिल्ली जानेवाली पूर्वा एक्सप्रेस व कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस गुरुवार गुरुवार को भी धनबाद नहीं आएंगी। दोनों ट्रेनें आसनसोल से जसीडीह, किउल, पटना होकर चलेंगी।

धनबाद से सासाराम जानेवाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 23 फरवरी तक गया तक जाएगी और वहीं से लौटेगी। 24 फरवरी से इस ट्रेन का परिचालन सासाराम तक होगा। 16 फरवरी से ही ट्रेन गया तक चल रही है।

पुरी से नई दिल्ली जानेवाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस गोमो के बदले मूरी, बरकाकाना,



चोपन व चुनार होकर चल रही है। 22 फरवरी तक दोनों ओर से चलने वाली ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी। 23 से दोनों ओर से अपने निर्धारित मार्ग से चलेगी।

राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस की स्लीपर श्रेणी में लंबी प्रतीक्षा सूची को ध्यान में रख कर गुरुवार को चलने वाली ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। अन्य दिनों की प्रतीक्षा सूची भी समीक्षा की जा रही है। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कोच जुड़ेगा।

वहीं घने कोहरे के कारण रद्द हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस एक मार्च से फिर मथुरा तक चलेगी। वापसी में मथुरा से हावड़ा तक चार मार्च से चलेगी। रेलवे ने हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस को एक दिसंबर से 23 फवरी तक आगरा कैंट तक चलाने की घोषणा की थी।

# अयोध्या धाम को अपनी पेंटिंग से राममय कर रही चक्रधरपुर की टीम

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के उत्सव को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है। चक्रधरपुर के अमित आर्ट एंड ग्रुप के अमित मिस्त्री और ललित मिस्त्री द्वारा यहां बड़ी-बड़ी इमारतों पर प्रभु श्री राम के बड़े बड़े मनमोहक चित्र बनाए जा रहे हैं।

इसे लोग दूर से देखकर ही प्रशंसा करते नहीं थक रहे। इनके दल में कुल सात कलाकार हैं। इनमें छह चक्रधरपुर एवं एक पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया का है। दल के सभी लोग मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में काम करते हैं। अमित वहां असिस्टेंट आर्ट डायरेक्टर हैं।

चक्रधरपुर जैसे छोटे शहर के कलाकारों को जो मौका श्री राम के स्वागत के लिए योगदान देने का मिला है, उससे ये कलाकार काफी उत्साहित हैं। अमित ने फोन पर बताया कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें प्रभु श्रीराम जी के उत्सव कार्यक्रम की तैयारियों के लिए काम करने का अवसर दिया जा रहा है।



अमित आर्ट की टीम में अमित कुमर मिस्त्री, ललित कुमार मिस्त्री, मनोज शील, सुधांशु कुंडू, रोहित कुंडू, रहमान, रवि कुमार, सुमन कुमार, देवेंद्र मिश्रा व अफजल शामिल हैं। पूरी टीम प्रति दिन पूरी लगन के साथ अयोध्या धाम को अपनी कला व कौशल से सजाने और संवारने के कार्य में लगी है।

उन्हें भगवान श्रीराम के नाम से ही इतनी ऊर्जा और शक्ति मिल रही है कि काम के दौरान उन्हें थकान का भी अहसास नहीं हो रहा है। उन्हें भी 22 जनवरी के दिन का इंतजार है, जब अयोध्या धाम पूरी तरह से सज धज कर तैयार होगा और प्रभु श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण जी सहित हनुमान जी अयोध्या में पधारेंगे।

इधर, चक्रधरपुर के अमित आर्ट और उनकी पूरी टीम की कला कौशल, लगन और कार्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी देख स्थानीय लोग भी काफी खुश हैं और अमित आर्ट टीम के कार्य की सराहना कर रहे हैं।

श्री राम की नगरी में अपनी कला से चक्रधरपुर की छाप छोड़ने वाले कलाकारों पर चक्रधरपुर वासी भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अमित ने बताया कि उन्हें काम करते अभी 11 दिन हो गए हैं।अब फिर 25 से उन्हें कार्य आरंभ करने को कहा गया है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट की दीवारों पर भी चित्र बनाए जाएंगे। सभी चित्र प्रभु श्रीराम के या उनसे संबंधित होंगे।

## अगवा युवक की पटना के मरीन ड्राइव में मिली लोकेशन, पुलिस ने झटपट की घेराबंदी

**साहिबगंज, एजेंसी।** पटना से 19 फरवरी को अपहृत जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी पोखरिया निवासी प्रदीप सिंह को पुलिस ने छापामारी कर पटना से बरामद कर लिया। कुछ अपहर्ता भी पकड़े गए हैं। पुलिस उनसे पटना में ही पूछताछ कर रही है। देर रात तक सभी को यहां लेकर लौटने की उम्मीद है।

केलाबाड़ी पोखरिया निवासी संदीप सिंह ने बुधवार को जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी प्रणीत पटेल को अपने भाई प्रदीप कुमार सिंह के अपहरण की सूचना दी थी। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की।

एएसआइ नवीन सिंह के नेतृत्व में एक टीम को बुधवार की शाम पटना भेजा। गुरुवार की सुबह पुलिस ने वहां छापामारी कर अपहृत को बरामद कर लिया और अपहर्ताओं को भी धर दबोचा।

संदीप सिंह ने पुलिस को बताया था कि अपहर्ता उससे फिरौती के रूप में 30 लाख रुपये मांग रहे हैं। अपहर्ता प्रदीप सिंह के मोबाइल नंबर से ही उसके स्वजनों को कॉल भी कर रहे थे। बताया जाता है कि प्रदीप सिंह किसी एनजीओ में काम करता था। इस सिलसिले में वह अक्सर पटना जाता आता था।

17 फरवरी की रात वह पटना के लिए निकला था। 19 फरवरी को प्रदीप सिंह के नंबर से ही कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम उत्सव आनंद बताया और कहा कि तुम्हारा भाई मेरे कब्जे में है। उसे छुड़ाने के लिए 30 लाख रुपया देना होगा।

अपहर्ताओं ने कई बार संदीप सिंह को कॉल किया। जमीन बेचकर या किसी तरह से भी पैसे का इंतजाम कर देने को कहा। बुधवार की शाम जब पुलिस ने उक्त मोबाइल नंबर का लोकेशन निकाला तो वह पटना का मेरिन ड्राइव बता रहा था। हालांकि, कॉल करने वाले ने अपने को उत्तर प्रदेश में होने की बात कही थी और कहा था कि वह प्रदीप सिंह को लेकर गुजरात जा रहा है।

# क्रिकेट की दीवानगी तो देखिए ! ऑस्ट्रेलिया से मैच देखने आई सुपरफैन, रोहित-विराट को लेकर कही बड़ी बात

**रांची, एजेंसी।** भारत व इंग्लैंड के बीच होने वाले चौथे टेस्ट मैच की तैयारी पूरी हो चुकी है। देश-विदेश से टेस्ट मैच का टिकट लेने खेल प्रेमी स्टेडियम पहुंच रहे हैं। बुधवार को आस्ट्रेलिया से शेरेन जैक्शन रांची पहुंची। शेरेन अपने पूरे परिवार को साथ इंग्लैंड टीम को सपोर्ट करने रांची पहुंची।

शेरेन जैक्शन का कहना है कि वह इंग्लैंड की रहने वाली है और वर्तमान में आस्ट्रेलिया में अपने पति के साथ रहती हैं। वह क्रिकेट की बहुत बड़ी फैन हैं। जहां भी इंग्लैंड टीम का मैच होता है वह वहां जरूर देखने पहुंचती हैं।

इसके साथ ही शेरेन का कहना है कि भारतीय खिलाड़ियों में भी वह रोहित शर्मा, विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ियों को पसंद करती हैं। पूरे पांच दिन परिवार के साथ



टेस्ट मैच देखने का प्लान है। इसके लिए टिकट भी ले लिया है।

इधर, रांचीवासियों में भी क्रिकेट को लेकर उत्साह है। लेकिन प्रशंसक ऑफलाइन के बजाए ऑनलाइन ही टिकट कटा रहे हैं। बुधवार को भी स्टेडियम के बाहर चार काउंटर पर भी टिकटों की बिक्री हुई।

लेकिन काउंटर पर दिनभर गिन-चुने ही लोग दिखे। छोटे-छोटे समूह में लोग आ रहे हैं और टिकट लेकर जा रहे हैं। काउंटर पर खास भीड़ नहीं उमड़ रही है।

बता दें कि पश्चिमी गेट पर बने टिकट काउंटर पर 20 से 22 फरवरी तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक उपलब्ध है। जिसमें चार काउंटरों को चालू किया गया है।

23 से 27 फरवरी तक मैच के दौरान भी प्रशंसक टिकट ले सकते हैं। इस दौरान टिकटों की खरीद के एक काउंटर चालू होगा। एक व्यक्ति अधिकतम 6 टिकट खरीद सकता है। काउंटर से टिकट लेते समय उसी व्यक्ति का फोटो पहचान पत्र जरूरी है।

स्टेडियम की ओर आने-जाने वाली सड़क को रंग रोगन कर खूबसूरत बनाया जा रहा है। इसके साथ सुरक्षा के मद्देनजर जवानों की भी प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। स्टेडियम के बाहर काउंटर पर बैरिकेडिंग कर दी गई है।

जेएससीए अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत-इंग्लैड की टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा टेस्ट मैच खेलेगी। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत 2-1 मुकाबला आगे है। चौथा टेस्ट मैच रांची में 23 से 27 फरवरी को जेएससीए में खेला जाएगा। 28 फरवरी को दोनों टीमें रांची से धर्मशाला के लिए रवाना हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गोकुल में पार्किंगकर्मियों की गुंडई: जबरन काटते रसीद, पैसे न देने पर श्रद्धालुओं पर बरसाए लाठी-डंडे और बेल्ट

**मथुरा , एजेंसी।** तीर्थनगरी मथुरा के गोकुल में पार्किंग ठेकेदारों की गुंडई का वीडियो सामने आया है। यह जबरन गाड़ियों की पार्किंग रसीद काटते हैं। पैसे न देने पर श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसाते हैं। ऐसा ही एक वीडियो बुधवार को सामने आया। इसमें पार्किंग ठेकेदारों की गुंडई देखी जा सकती है। वह श्रद्धालुओं पर लाठी-डंडे बरसा रहे हैं। घटना महावन थाना क्षेत्र के गोकुल नगर पंचायत की है। यहां लोहवन गांव के समीप स्थित जमुना विहार कालोनी निवासी रूपम पाठक अपने भाई संतोष पाठक के साथ कार से रमणरेती आश्रम जा रहे थे। वह मुरलीधर घाट के रास्ते से निकल रहे थे। गोकुल में पार्किंगकर्मियों ने उनकी कार रोक ली। जबरन पार्किंग की रसीद कटवाने के लिए कहने लगे। इस पर उन्होंने कहा कि हम रमणरेती आश्रम जा रहे हैं। हमें गोकुल में नहीं रुकना है। इस पर पार्किंगकर्मी जबरन रसीद काटने लगे। इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते पार्किंगकर्मीयों ने दोनों भाइयों को गाड़ी से बाहर खींच लिया। इसके बाद उन पर लाठी-डंडे और बेल्ट बरसाना शुरू कर दिया।

**हमलावरों की पहचान में जुटी पुलिस-** किसी ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दिया। कुछ ही समय में वीडियो वायरल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर हमला करने वाले गुंडे भाग गए। थाना प्रभारी आशा चौधरी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। वायरल वीडियो के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।

### मरीज-एंबुलेंस माफिया के एक और गिरोह का भंडाफोड़, संचालक समेत सात गिरफ्तार

**गोरखपुर , एजेंसी।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज से मरीज को प्राइवेट नर्सिंग होम में बेचे जाने के मामले में डॉक्टर समेत आठ लोगों को जेल भेजने के बाद पुलिस ने एक और गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह में शामिल बिना डॉक्टर के संचालित यूनिवर्सल हॉस्पिटल के संचालक उमेश कुमार, मेडिकल कॉलेज के दो वार्ड ब्वाय, एक सिक्योरिटी गार्ड समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि मेडिकल कॉलेज के पूछताछ केंद्र के कुछ कर्मचारी भी गिरोह का हिस्सा हैं, जिनके भूमिका की जांच की जा रही है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए आरोपियों के बारे में जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि सीएमओ व एसीएमओ द्वारा यूनिवर्सल हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज रोड के पंजीकरण एवं मानकों की जांच की गई। इस दौरान तीन मरीज भर्ती मिले थे, लेकिन डॉक्टर कोई भी नहीं था। पता चला कि जिसके नाम पर पंजीकरण हुआ था, वह डॉक्टर चार महीने पहले ही छोड़ चुके हैं। हॉस्पिटल में उमेश, परसवा, संतकबीरनगर मिले, जिनकी स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कोई डिग्री नहीं थी। जिनके द्वारा बताया गया उक्त हास्पिटल को बड़े भाई महेश कुमार द्वारा संचालित किया जाता है। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने बताया कि तीनों मरीज पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने गए थे, जहां पर आरोपियों द्वारा मिलकर बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधाओं की न होने की बात कहकर झांसे में लेकर निजी अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया गया। तीमारदारों को बरगलाकर मरीजों को यूनिवर्सल हॉस्पिटल तथा अन्य प्राइवेट अस्पतालों में अच्छी व्यवस्था की झांसा देकर निजी एंबुलेंस से भर्ती कराया गया।

#### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने संतकबीरनगर के कोतवाली के मरीजगंज, परसवा निवासी उमेश कुमार, कुशीनगर के पड़रौना थाना क्षेत्र के कुरमौल निवासी बिट्टू यादव, चिलुआताल के फतेहपुर निवासी मोहम्मद असलम, गुलरिहा के मोगलहा निवासी शद्गहेंद्र, बिहार के महरौली, हाल पता चिलुआताल, डिटहवा निवासी शहनवाज, गुलरिहा के मोगलहा निवासी उमेश भारती, गुलरिहा के भकटोलिया निवासी दीनदयाल के रूप में हुई है।

**6 किमी सड़क बनवाने के लिए किसानों ने 5 घंटे तक किया प्रदर्शन**

# बोले- रोड नहीं तो टोल नहीं




**वाराणसी** वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के 16 किलोमीटर अधूरे हिस्से को पूरा बनवाने की मांग को लेकर बुधवार को किसानों ने बलरामगंज टोल प्लाजा पर पांच घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया। कहा कि सड़क निर्माण पूरा कराकर टोल टैक्स वसूला जाए। प्रदर्शनकारियों ने एनएचएआई के आरओ को पत्र सौंप कर चंदवक पुल चालू कराने की भी मांग की। बलरामगंज टोल प्लाजा पर डोभी, जौनपुर, वाराणसी के दर्जनों महिला और पुरुष किसान हाथ में हल लेकर पहुंचे और प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि टोल प्लाजा गलत तरीके से बनाया गया है। वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर जौनपुर और आजमगढ़ के बीच 16 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ है।

अधूरी सड़क पर टोल टैक्स वसूलना ठीक नहीं है। कहा कि चंदवक-जौनपुर पुल को निर्माण पूरा होने के बाद भी बंद किया गया है, जिससे कई गांवों के किसानों को बनारस एयरपोर्ट, कैंट स्टेशन, हॉस्पिटल, विद्यालय जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

चोलापुर थाना प्रभारी अतुल सिंह, एसीपी सारनाथ धनंजय मिश्रा पीएसी बल के साथ पहुंच गए। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाया, लेकिन वे एनएचएआई के बड़े अधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े थे। इसके बाद एनएचएआई के आरओ एसबी सिंह मौके पर पहुंचे किसानों की बात सुनी। कहा कि उनका पत्रक मंत्रालय भेजा जाएगा। उन्होंने चंदवक पुल को शीघ्र चालू कराने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों में किसान नेता अजीत सिंह, अरविंद पांडे, रामेश्वर सिंह, सतीश सिंह, मोहन सिंह, राजू सिंह आदि मौजूद रहे।ड्ड

**जमीन विवाद**

## सिपाही बोला- 200 रुपये में मिलती है गोली... मार दूंगा

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने रामबाग चौकी पर तैनात कथित सिपाही विवेक त्यागी के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करने के साथ एक ऑडियो क्लिप भी भेजी है। इसमें आरोपी सिपाही 200 रुपये में गोली खरीदकर पीड़ित को मारने की धमकी दे रहा है।

इस संबंध में आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने जवाब देते हुए लिखा है कि पूर्ण दस्तावेज सहित संबंधित थाने में लिखित शिकायत दीजिए। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अमिताभ ठाकुर ने शिकायत में लिखा है कि विवेक त्यागी द्वारा सिंभावली, हापुड़ निवासी विजय त्यागी को जमीन विवाद में गोली मारने की धमकी दिए जाने के आरोपों की जांच की जाए।

**जांच करके कार्रवाई की मांग की**

उन्होंने 12 सेकंड की बातचीत की रिकॉर्डिंग की ऑडियो क्लिप भी भेजी है। बातचीत में एक व्यक्ति दूसरे से 200 रुपये में गोली मिलने और गोली मारने की बात सुनाई दे रही है। अमिताभ ठाकुर ने पुलिस कमिश्नर से जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### टाइम बम मामला: रिमांड पर लेकर इमराना व जावेद से पूछताछ शुरू, बारूद सप्लायर के घर लेकर पहुंची पुलिस

**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मुजफ्फरनगर से पांच दिन पहले टाइमर बोतल बम बरामदगी के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने जावेद व इमराना को दो दिन के रिमांड पर लिया है। आईबी व शहर कोतवाली पुलिस टीम दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। शहर कोतवाली पुलिस बारूद सप्लाई करने वाले मीरापुर निवासी रिश्तेदार के घर जावेद को लेकर पहुंची। शहर कोतवाली पुलिस व एसटीएफ टीम ने मिमलाना रोड निवासी जावेद को चार टाइमर बम बरामद कर पकड़ा था। बाद में जावेद के बयान के आधार पर प्रेमपुरी निवासी इमराना को पकड़ा था। इमराना पर बम बनाने का ऑर्डर देने का आरोप था। इस मामले में कई बिंदुओं पर एसटीएफ, आइबी व एटीएस टीम ने जांच पड़ताल की थी, लेकिन इमराना से कुछ हासिल नहीं हुआ था। सोमवार शाम एनआइए टीम ने भी शहर में पहुंच कर जावेद व इमराना के घरों की भी तलाशी ली थी। शहर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को जावेद व इमराना को दस दिन के लिए रिमांड पर लेने को कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। दो दिन का रिमांड मिलने पर बुधवार सुबह दस बजे दोनों को कोतवाली लाया गया। बम बनाने के लिए इमराना से किसने कहा था, कहां सप्लाई होने थे आदि सवालों की जानकारी करने के लिए बार फिर दिल्ली से आईबी की टीम ने भी आकर इमराना व जावेद से पूछताछ की है। शहर कोतवाली पुलिस टीम भी पूछताछ में जुटी है। उधर, एसटीएफ की जांच में जावेद के पांच बम बनाना व एक खराब होना सामने आया था। चार बम बरामद हुए थे। जावेद मीरापुर निवासी रिश्तेदार से बारूद लेकर आया था। इसी के चलते बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस जावेद को मीरापुर लेकर पहुंची थी। उसके परिजनों से पूछताछ की। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने बताया कि दो दिन का रिमांड मिला है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। रिमांड पूरा होने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ने पति के साथ हवन-पूजन के बाद किया गृहप्रवेश

**उज्जैन से बुलाए गए थे ब्राह्मण**




**अमेठी , एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने हवन पूजन के बाद बृहस्पतिवार को अपने नए घर में गृह प्रवेश किया। इस मौके पर उज्जैन से आए विद्वान ब्राह्मणों द्वारा गृह प्रवेश की पूजा संपन्न कराई गई। जिसके बाद सांसद ने अपने आवास में गृह प्रवेश किया। सांसद के साथ उनके पति जुबिन ईरानी भी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुरेश पासी, जिलाधिकारी निशा अनंत, एसपी डॉ इलमारन जी समेत भाजपा जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 11 बिस्वा जमीन पर बना है आवास

केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी ने 2021 में गौरीगंज तहसील के मेदन मवई गांव में 11 बिस्वा जमीन खरीदी थी। इसी जमीन पर सांसद का आलीशान मकान बनकर तैयार हो गया जिसमें सांसद स्मृति ईरानी ने गृह प्रवेश किया है। स्मृति ईरानी ने पहली बार 2014 में अमेठी से चुनाव लड़ा था। हालांकि, पहली बार में उन्हें हार मिली थी। इसके बाद भी उन्होंने लोकसभा क्षेत्र में आना नहीं छोड़ा और 2019 के चुनाव में जीत हासिल की। उनकी पहचान एक जुझारू नेता की है। अब उन्होंने अमेठी में अपना घर बना लिया है। बीते दिनों उन्होंने यहां के पूर्व सांसद राहुल गांधी को फिर से अमेठी में चुनाव लड़ने की चुनौती दी। हवन-पूजन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोहद्दीपुर ओवरब्रिज के समानांतर बनेगा एक और ब्रिज



**गोरखपुर , एजेंसी।** मोहद्दीपुर ओवरब्रिज के समानांतर एक और ब्रिज बनेगा। इसके बनने के बाद ओवरब्रिज भी फोरलेन हो जाएगा। इससे आने-जाने के लिए अलग लेन हो जाएगी। ब्रिज कार्पोरेशन अब इसका सर्वे कराने की तैयारी में है। वहीं असुरन से मोहद्दीपुर तक की सड़क को फोरलेन बनाने के प्रस्ताव पर कैबिनेट की मुहर लग गई है। 2275 मीटर लंबे इस फोरलेन के निर्माण पर 278.89 करोड़ खर्च होंगे। सड़क के फोरलेन और नया ओवरब्रिज बनने से पिपराइच से होकर देवरिया-कुशीनगर जाने वाले लोगों को आसानी होगी। उन्हें जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा।

असुरन से मोहद्दीपुर तक फोरलेन बनने के बाद मोहद्दीपुर ओवरब्रिज पर जाम की समस्या खत्म होगी, क्योंकि ओवरब्रिज से उतरने के बाद भी सड़क फोरलेन है। इसे देखते हुए अब नया ओवरब्रिज बनाने की तैयारी है। लोक निर्माण विभाग के अभियंता के मुताबिक, फ्लाईओवर का निर्माण ब्रिज कारपोरेशन कराएगा।

वहीं, असुरन से मोहद्दीपुर तक सड़क की चौड़ाई 26 मीटर होगी। फोरलेन के निर्माण के लिए रेलवे कॉलोनी का भवन और वहां पर बनी पानी की टंकी को भी तोड़ा जाएगा। इसमें अधिकतर जमीन रेलवे की होगी, उसका मुआवजा लोक निर्माण विभाग, रेलवे को देगा। इस संबंध में रेलवे के उप मुख्य इंजीनियर गोरखपुर क्षेत्र एनई रेलवे, तहसील प्रशासन एवं पीडब्ल्यूडी की ओर से सर्वे किया जा चुका है।

प्रस्ताव के मुताबिक, पेड़ों के मुआवजे के लिए वन विभाग को 2.57 करोड़ और बिजली विभाग व जल निगम को भी पोल, तार व पाइप लाइन हटाने के लिए लगभग 33 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा। सभी औपचारिकताओं को पूरी करने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### आरटीआई में जानकारी न देने पर मिली अनाथ बच्चों को भोजन कराने की सजा, यूपी सूचना आयोग का फैसला

**वाराणसी , एजेंसी।** सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत बिजली बिल से जुड़े मामले में सूचना न देने पर वाराणसी सर्किल सेकंड के अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा, नगरीय विद्युत मंडल तृतीय के अधिशासी अभियंता आरके गौतम, मैदागिन के तत्कालीन एसडीओ रवि आनंद और चौक एसडीओ सर्वेश यादव को दो अनाथालय के बच्चों को एक वक्त का भोजन कराने का दंड मिला है। अफसर 24 फरवरी को अनाथालय के बच्चों को भोजन कराएंगे। खाने की कीमत 25 हजार रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। यह दंड राज्य सूचना आयोग ने सांकेतिक तौर पर दिया है। इससे पहले आयोग ने संबंधित अफसरों के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था। मच्छोदरी क्षेत्र के सप्तसागर निवासी उपभोक्ता उमाशंकर यादव के पिता बसंतू यादव के नाम से 1959 में बिजली कनेक्शन हुआ था। इसे बाद में पीडी (कनेक्शन विच्छेद) करा दिया गया।

## छात्र की ट्राला से कुचलकर मौत

**परिजनों व ग्रामीणों ने लगाया जाम, एसडीएम ने दिया कार्रवाई का आश्वासन**

**महोबा, एजेंसी।** महोबा जिले के झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नहदौरा गांव के पास हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे छात्र को ट्राला ने टक्कर मारकर कुचल दिया। छात्र की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। तीन घंटे तक जाम लगा रहने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की कतारे लग गईं। सूचना पर पहुंचे एसडीएम और सीओ ने ट्राला चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवाया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका। थाना खन्ना के कुलकुआं गांव निवासी नरेश तिवारी का पुत्र हिमांशु तिवारी (17) चौधरी सुंदर सिंह इंटर कॉलेज बरबई में हाईस्कूल का छात्र था। उसका परीक्षा केंद्र मानव कल्याण सेवा समिति इंटर कॉलेज नहदौरा में था। गुरुवार को हिंदी का पेपर होने के चलते वह अपने छोटे भाई सत्यम के साथ पेपर देने नहदौरा कॉलेज गया था। छोटा भाई सड़क के उस पार चाय-पान की गुमटी में बैठ गया जबकि हिमांशु कॉलेज चला गया।



**गिट्टी लदे ट्राला ने छात्र को टक्कर मार दी-** गेट सर्च के दौरान घड़ी पहने मिलने पर शिक्षक ने घड़ी उतारकर कक्ष में आने की बात कही। तब वह चाय-पान की गुमटी में बैठे छोटे भाई को घड़ी देकर सड़क पार कर कॉलेज की ओर आने लगा। तभी कबरई की ओर से आ रहे गिट्टी लदे ट्राला ने छात्र को टक्कर मार दी और कुचलते हुए निकल गया।

**ट्राला को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया-** इससे हिमांशु की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। वहीं घटना को अंजाम देकर भाग रहे ट्राला को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। जाम लगाए आक्रोशित ग्रामीण ट्राला चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

**तीन घंटे बाद खुल सका जाम-** जाम सुबह आठ बजे से 11 बजे तक लगा रहा, जिससे सैकड़ों की संख्या में वाहन फंसे रहे। सूचना पर एसडीएम जितेंद्र कुमार व सीओ दीपक दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को कड़ी कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। तब तीन घंटे बाद जाम खुल सका।

**शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा-** मृतक के माता-पिता अहमदाबाद में काम करते हैं। जिन्हें घटना की सूचना दी गई है। थानाध्यक्ष कबरई वीरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि ट्राला को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है।

### पत्नी की तेरहवीं के दिन पति की गला काटकर हत्या, खेत के पास पड़ा मिला शव

**सीतापुर , एजेंसी।** सीतापुर जिले की महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक वृद्ध की हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार को उसकी पत्नी की तेरहवीं थी। सुबह वह घर से नित्यक्रिया के लिए निकला था। घर से 400 मीटर दूरी पर खेत के पास उसका शव पड़ा पाया गया। जिसका सर धड़ से अलग था। क्षेत्र के गांव सायपुर मजरा चंदनपुर निवासी अवध राम यादव (65) सुबह के समय नित्य क्रिया के लिए निकला था। उसका शव गांव के 400 मीटर दूरी पर खेती किनारे पड़ा मिला।जिसका सिर धड़ से अलग था। देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि धारदार हथियार से उसकी गर्दन को काटा गया है। मृतक की बहन नीतू पत्नी संदीप यादव का आरोप है कि उसके भाई संजीवन व संजीवन की पत्नी ने मिलकर ही हत्या कर दी है।

बहन का आरोप है कि 16 बीघा जमीन थी जिसमें आधी जमीन संजीवन के पास थी। उसे शंका थी कि मृतक आधी जमीन नीतू को न दे दे। नीतू ने बताया की जब उसकी मां की तबीयत खराब थी तब मृतक पिता इलाज के लिए एक पेड़ बेचना चाहते थे। लेकिन आरोपी संजीवन ने पेड़ बेचने से मना कर दिया। वह विरोध करने पर बांका लेकर पिता को मारने के लिए भी दौड़ा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भजनलाल सरकार एक्शन में, सीएम फ्री योजना की 15 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन ने विभिन्न 15 दवाओं के नमूने अमानक पाये जाने पर निशुल्क दवा योजना के तहत 14 दवा कम्पनियों को इन दवाओं की आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है। आरएमएससी की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि ने बताया कि मै. जेपीईई ड्रग्स को विटामिन-ए पीडियाट्रिक ओरल सॉल्यूशन (विटामिन-ए कॉन्सेंट्रेट ऑयल), मै. एंजीप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड को कैथेटर, साइज-10, मै. इन स्विफ्ट लिमिटेड (यूनिट-तृतीय) को कैल्शियम विद विटामिन-डी टैबलेट यूएसपी/कैल्शियम एण्ड कोलेकैल्सीफेरॉल टैबलेट बीपी/कैल्शियम एण्ड विटामिन-डी3 टैबलेट (एलिमेंटल कैल्शियम 500 मिलीग्राम, विटामिन-डी3-250 आईयू), मै. एलायन्स बायोटेक को लिवोसेटिरिज़िन टैबलेट-5एमजी के नमूने अमानक पाये जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया गया है। इसी प्रकार मै. अस्तम हैल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड को एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलैनेट टैबलेट-500 एमजी प्लस 125 एमजी, मै. मेरिल डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड को एंटी बी ब्लड ग्रुपिंग सीरम (एंटी बी मोनो क्लोनल सीरम), मै. कैडिला फार्मास्यूटिकल्स को बाइफैसिक आइसोफेन इंसुलिन इंजेक्शन-40 आईयू/एमएल(आर-डीएनए ऑरिजन), मै. विंग्स बायोटेक और मै. स्कॉट एडिल फार्मेसिया लिमिटेड को मेटफोर्मिन एचसीएल और ग्लिमेपिराइड टैब मेटफॉर्मिन एचसीएल-500 मिलीग्राम, ग्लिमेपिराइड-1 मिलीग्राम तथा मै. मेडिपोल फार्मास्यूटिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को डोम्पेरिडोन ओरल ड्रॉप्स-10एमजी/एमएल (10एमएल) के नमूने अमानक पाये जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया गया है। श्रीमती गिरि ने बताया कि मै. अलायन्स बायोटेक को क्लोमीफीन टैब-50 एमजी, रीवप्रा फोरम्यूलेशन प्राइवेट लिमिटेड को कफ सिरप/एक्सपेक्टरेंट(50) एमआई, मर्करी लेबोरेट्रीज लिमिटेड को पैरासिटामोल टैब-500 एमजी, मै. आईओएन हैल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड को पैंटोप्राज़ोल-40 मिलीग्राम एण्ड डोमपरिडोन-30 मिलीग्राम एवं मै. एगरोन रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड को विटामिन डी टैबलेट कैल्शियम यूएसपी/कैल्शियम और कोलेकैल्सीफेरॉल टैबलेट बीपी/कैल्शियम एण्ड विटामिन-डी3 टैबलेट के नमूने जांच में अमानक पाये जाने पर इनकी आपूर्ति के लिए प्रतिबंधित किया है।

### अब साल में दो बार होगी दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की सरकार अब दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा को साल में दो बार कराने जा रही है। प्रदेश में बोर्ड परीक्षा को दो बार कराने को लेकर व्यवस्था बनाई जा रहा है। साल 2025 से इस नई व्यवस्था की शुरूआत की जाएगी। बच्चों के मानसिक तनाव को खत्म करने के लिए यह व्यवस्था कारगर साबित होगी। बतादें कि साल 2024 में 1 मार्च से छत्तीसगढ़ में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होने वाली है। इस साल बोर्ड परीक्षा में करीब सवा छह लाख छात्र परीक्षा देंगे। इसके बाद सत्र 2025-26 से नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बदल जाएगा। दो बार बोर्ड परीक्षा कराने को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नए सत्र 2025-26 से बोर्ड परीक्षा को लेकर नई व्यवस्था बनाई जा रही है। अब छत्तीसगढ़ में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस तरह की व्यवस्था से बच्चों और उनके परिजनों का मानसिक तनाव कम होगा। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में नई व्यवस्था लागू होने से छात्रों को इसका फायदा मिलेगा। इस व्यवस्था से बोर्ड एग्जाम को लेकर छात्रों का मानसिक तनाव कम होगा। इसमें कोर्स को अलग-अलग दो हिस्सों में बांटा जाएगा, जिससे छात्रों को फायदा होगा। बता दे की शिक्षण सत्र 2024-25 सिंगल बोर्ड परीक्षा का आखिरी सत्र होगा, इसके बाद बोर्ड परीक्षा को दो भागों में बांटा जाएगा। बताया जा रहा है कि कुछ इस तरह की व्यवस्था सीबीएसई बोर्ड भी करने जा रहा है। जिसको लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बच्चों को परीक्षा के ऑप्शन देते हुए इस बात का संकेत भी दिया था।

# सशक्त महिलाओं के सहारे चुनौती वाले राज्यों में पैठ बढ़ाती भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार की योजनाएं और प्रयास देशभर में समान रहे, जिसका परिणाम भी सामने है कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। मगर, राज्यवार आंकड़ों पर गौर करें तो परिणाम भाजपा के रणनीतिकारों को सुखद संकेत दे सकते हैं कि तुलनात्मक रूप से जिन राज्यों में भाजपा के लिए अधिक चुनौतियां हैं, वहां लखपति दीदियों की संख्या कहीं अधिक है, जो कि वहां भाजपा की पैठ बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रामीण अर्थतंत्र की ब्रांड एंबेसडर साबित हो सकती हैं।

बीते दस वर्षों में मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता में रखा। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो उनके जीवन स्तर में बदलाव लाने वाली रही हीं, इसके साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका




मिशन भी शुरू किया।

इसके तहत सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ना शुरू किया। यहां गौर करने वाली बात है कि यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा बेहद सीमित था।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि एनडीए सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया।

केंद्रीय मंत्री का दावा है कि मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि उन्हें आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध भी कराई। एचएचजी की 5.63 करोड़ महिलाओं को पीएम जीवन ज्योति योजना और 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा।

मंत्रालय द्वारा इन समूहों के लिए 800 करोड़ रुपये के खाद्य प्रसंस्करण प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों का एनपीए यूपीए शासनकाल की तुलना में 9.58 प्रतिशत से घटकर मात्र 1.65 प्रतिशत रह गया।

इस योजना ने भी भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है। यही कारण है कि महिलाओं को प्राथमिकता वाली जाति बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय कर दिया है। गिरिराज सिंह के मुताबिक, एक करोड़ महिलाओं को लखपति बनाया जा चुका है यानी उनकी वार्षिक आय एक लाख या उसके पार पहुंच चुकी है।

अब मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए लखपति दीदी के आंकड़ों को देखने पर संकेत मिलता है कि उन राज्यों में सशक्त महिलाओं की संख्या मोदी सरकार ने ज्यादा बढ़ाई है, जहां उसके लिए विपक्ष की ओर से चुनौतियां अधिक हैं। मसलन, आंध्र प्रदेश इस सूची में अव्वल है तो जदयू के सहारे सत्ताधीन बिहार दूसरे स्थान पर।

## द्वारका की हाईराइज बिल्डिंग में भीषण आग, चौथी मंजिल से कूदीं दादी-पोती; बुजुर्ग की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
द्वारका सेक्टर-10 स्थित छह मंजिला इमारत की चौथी मंजिल में बुधवार दोपहर को भीषण आग लग गई। बचने के लिए 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी पोती के साथ चौथी मंजिल से कूद गई। इसमें वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 30 वर्षीय पोती की हालत स्थिर बनी हुई है। द्वारका साउथ थाना पुलिस के अनुसार फ्रिज में विस्फोट होने से आग लगने की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पैसिफिक सोसायटी की चौथी मंजिल पर 65 वर्षीय महेश आनंद अपनी बुजुर्ग मां जसुली देवी के साथ रहते हैं। आईडीबीआई बैंक से रिटायर महेश आनंद की पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। उनकी बेटी पूजा पंत सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और जापान में रहती है। दादी और पिता से मिलने के लिए वह जनवरी में दिल्ली आई और यहीं से वर्क फ्रॉम होम कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोपहर 11 बजे महेश आनंद पार्क में धूप सेकने चले गए। वह जाने से पहले दरवाजे का सेंट्रल लाक लगाकर गए थे। इसकी एक चाबी उनकी बुजुर्ग मां के पास रहती है। इसी दौरान फ्रिज के कम्प्रेसर में शॉर्ट सर्किट के कारण विस्फोट हो गया और तीन कमरों के फ्लैट में आग लग गई। वह पोती के साथ बालकनी पर पहुंच गई और लोगों से जान बचाने की गुहार लगाने लगीं। परिजनों ने बताया कि पूजा पंत की हालत स्थिर बनी हुई है। उनकी सॉफ्टवेयर इंजीनियर योगेश भट्ट से शादी हुई है। वे दोनों जापान में रहते हैं। कोविड के दौरान पूजा की मां की मौत हो चुकी थी। एक दुर्घटना में पूजा की बहन की भी मौत हो गई थी। अब इस हादसे में उन्होंने दादी को खो दिया।



## सरकारी स्कूलों में एक मार्च से शुरू होंगे एडमिशन?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नर्सरी से पहली कक्षा में दाखिले की प्रक्रिया एक मार्च से शुरू होगी। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय की स्कूल शाखा की उप शिक्षा निदेशक डॉ. अनीता वत्स ने सर्कुलर जारी किया है। दिल्ली में रहने वाले बच्चे ही आवेदन के पात्र होंगे। सर्कुलर के अनुसार, दाखिले के लिए आवेदन फॉर्म स्कूल से मिलेंगे। इसे जमा करने के अंतिम तिथि 15 मार्च है। सुबह और सामान्य पाली के स्कूलों में सुबह साढ़े आठ से साढ़े 11 बजे और शाम की पाली वाले स्कूलों में दोपहर ढाई से शाम साढ़े पांच बजे तक आवेदन फॉर्म मिलेंगे। अभिभावकों को आवेदन फॉर्म भरकर और संबंधित दस्तावेज को स्कूल में लगे ड्रॉप बॉक्स में डालना होगा। आवेदन में कमी होने पर उसकी सूचना 19 मार्च को नोटिस बोर्ड पर दी जाएगी। इन कमियों को दूर करने के लिए अभिभावक 19 और 20 मार्च को स्कूल में संपर्क कर सकेंगे। जरूरत पड़ने पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और अभिभावकों की उपस्थिति में 21 मार्च को ड्रॉ का आयोजन होगा। चयनित छात्रों की सूची नोटिस बोर्ड पर सुबह के स्कूलों में 22 मार्च को सुबह 11 बजे और शाम की पाली वाले स्कूलों में दोपहर तीन बजे चस्पा की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों के दाखिले 23 मार्च से एक अप्रैल तक होंगे।

## उत्तर भारत में अभी रहेगी ठंड! जारी हुआ बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सुबह आसमान में हल्के बादल छाए रहे। स्काईमेट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में बारिश की कम आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर भारत में अगले कुछ दिनों तक मौसम सुहाना बना रहेगा। वही, उत्तराखंड के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। उप-हिमालयी में बर्फबारी का अनुमान जताया गया है। वहीं, बिहार और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में आज बारिश होने की उम्मीद है। वहीं, बंगाल में आज तेज हवाओं के साथ बारिश की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान चंडीगढ़ के कुछ जिलों में भी बारिश की उम्मीद जताई जा रही है। बात करें पूर्वोत्तर भारत की तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में आज बारिश की स्थिति रहेगी। इसके अलावा, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में आज बारिश की संभावना जताई जा रही है।

# डीएमआरसी ने बनाया नया कमांड सेंटर; यात्रा को बनाएगा आसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली मेट्रो फेज चार का पहला चरण जुलाई से शुरू हो सकता है। जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम कॉरिडोर पर करीब तीन किलोमीटर का हिस्सा खोला जाएगा। डीएमआरसी ने मेट्रो फेज चार के कॉरिडोर पर परिचालन सेवा की निगरानी और नियंत्रण के लिए नए परिचालन नियंत्रण कक्ष (ओसीसी) तैयार कर लिया है। मेट्रो प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने बुधवार को इसका उद्घाटन किया। इससे तीन कॉरिडोर के अलावा रेड लाइन (रिठाला से नया बस अड्डा गाजियाबाद) और येलो लाइन (गुरुग्राम से समयपुर बादली) कॉरिडोर पर परिचालन का भी नियंत्रण होगा।

दिल्ली मेट्रो फेज चार में कुल 65.20 किलोमीटर के कुल तीन कॉरिडोर मौजपुर से मजलिस पार्क, एयरोसिटी से तुगलकाबाद और जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम का निर्माण हो रहा है। इनमें



अभी तक कुल 42 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। तीनों कॉरिडोर को 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मेट्रो फेज चार के लिए मेट्रो भवन में तीसरे तल पर बने नए ओसीसी से येलो और रेड लाइन का परिचालन किया जाएगा। अभी तक इसका परिचालन छठे तल पर बने ओसीसी से किया जाता था। इसके अलावा नए ओसीसी से मेट्रो फेज चार के तीन निर्माणाधीन कॉरिडोर की निगरानी होगी। इसके अलावा भविष्य में फेज चार के तीन कॉरिडोर जिन्हें मंजूरी नहीं मिली है, उसका काम पूरा होने के बाद भी उसकी निगरानी भी इसी से होगी।

एक एकीकृत ओसीसी स्थापित करने का मकसद केंद्रीकृत निगरानी और नियंत्रण सुनिश्चित करना है। मेट्रो नेटवर्क के 40 इंटरचेंज स्टेशनों के साथ, लाइन में खराबी के समय त्वरित निर्णय लेने में भी मदद करती है। किसी घटना के त्वरित समाधान की सुविधा प्रदान करती है। ओसीसी में मुख्य नियंत्रक, यातायात नियंत्रक, ट्रैक्शन पावर नियंत्रक, सिग्नलिंग नियंत्रक और सहायक प्रणाली नियंत्रक कार्यरत है, जो 24 घंटे काम करेगा।

### मजलिस पार्क तक 44 फीसदी काम हुआ

दिल्ली मेट्रो फेज चार में कुल 65.20 किलोमीटर के कुल तीन कॉरिडोर मौजपुर से मजलिस पार्क, एयरोसिटी से तुगलकाबाद और जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम का निर्माण हो रहा है। इनमें अभी तक कुल 42 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। मौजपुर से मजलिस पार्क के 12 किलोमीटर कॉरिडोर का 44 फीसदी से अधिक काम पूरा हो चुका है। तीनों कॉरिडोर को 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

## चोरी करना था कार, पर नींद हो गई सवार; गाड़ी में सोते हुए पकड़ा गया चोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद में कार चोरी करने आया एक चोर नींद की वजह से पकड़ा गया। एक स्कूल वैन को चोरी करने के लिए वह पूरा इंतजाम कर चुका था। लॉक तोड़कर ड्राइविंग सीट तक पहुंच गया था। लेकिन ऐन वक्त उसे ऐसी नींद लगी कि वहीं सो गया। सुबह वैन मालिक जब आया तो उसने सोते हुए चोर को पकड़ लिया। मामला फरीदाबाद के कल्याणपुरी का है। यहां एक घर के बाहर खड़ी वैन के गेट का लॉक तोड़कर चोर अंदर दाखिल हो गया। लेकिन इससे पहले की वह कार को स्टार्ट करता और कहीं ले जाता उसकी आंखों पर इस कदर नींद हावी हुआ कि वह वहीं सो गया। सुबह वैन मालिक ने उसे देखा तो पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। पुलिस के अनुसार कल्याणपुरी में रहने वाला रवि ने स्कूल के लिए वैन चलाता है। वह बच्चों को रोज स्कूल से लेकर आता-जाता है। रात को वैन घर के सामने खड़ी की थी। सुबह जब वह वैन लेकर जाने की तैयारी कर रहा था तो अंदर देखा एक युवक को सीट पर लेटा देखा। गाड़ी के अंदर पार्ट्स खुले हैं। शक था कि युवक चोरी करने आया था। अत्यधिक नशा होने की वजह से वह अंदर सीट पर ही सो गया।

## मणिपुर में 12वीं बोर्ड परीक्षा में छात्रों की संख्या में गिरावट, पिछले साल से 5 हजार कम छात्र दे रहे परीक्षा

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा के बीच आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा में इस बार परीक्षार्थियों की संख्या में कमी आयी है। एक अधिकारी ने बताया कि करीब पांच हजार छात्रों की संख्या में गिरावट आई है, 31 हजार छात्र परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल राज्य के 120 केंद्रों पर काउंसिल आफ हायर सेकेंडरी स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीओएचएसईएम) में 36 हजार से अधिक छात्र उपस्थित हुए थे। सीओएचएसईएम के अध्यक्ष टी ओजीत सिंह ने कहा कि मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण पिछले साल की तुलना में इस साल छात्रों और परीक्षा केंद्रों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि 111 केंद्रों पर लगभग 31 हजार छात्र परिषद की परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। मणिपुर सरकार ने चूडचंद्रपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार ने चूडचंद्रपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है। अत्यधिक बल प्रयोग करने के विरोध में बुधवार को वकीलों ने इंफाल पश्चिम जिले में चीराप अदालत परिसर के सामने धरना दिया। सुरक्षा बलों ने हथियार लूट के मामले में छह लोगों की गिरफ्तारी के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन कर रही महिलाओं पर चीराप अदालत परिसर के अंदर कथित तौर पर आंसू गैस के गोले दागे थे।

## गलत ऑपरेशन के चलते निकलवानी पड़ी आंख, अस्पताल पर आरोप; 12 लाख रुपये हर्जाने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा के नालेज पार्क स्थित एक निजी अस्पताल पर एक व्यक्ति ने पिता की आंख का गलत उपचार करने का आरोप लगाकर उपभोक्ता फॉर्म से शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि डॉक्टर द्वारा उसके पिता का गलत तरीके से इलाज किया गया है। जिसके चलते उनके पिता की आंख को निकलवाना पड़ा है। वकील के जरिए अस्पताल को नोटिस भिजवाया है, जिसका कोई जवाब नहीं मिला।

कृष्णपाल सिंह मूलरूप से जिला बदायूं के निवासी है। वह फिलहाल हबीबपुर गांव में रहते हैं। वह सुरक्षाकर्मी की नौकरी करते हैं। कुछ दिनों से कृष्ण की आंखों में परेशानी हो रही थी। जिसकी जांच कराने के लिए वह एक निजी अस्पताल में गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मोतियाबिंद बताकर ऑपरेशन करने के लिए बोला। बेटे योगेश ने बताया कि छह दिसंबर 2023 को आपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती किया।

ऑपरेशन के पैसे 51.79 हजार रुपये हेल्थ कार्ड से काटे गए। आरोप है कि ऑपरेशन करने के बाद आंख में संक्रमण हो गया। जिसके बाद दादरी के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अपने पिता की जांच कराई। जहां डाक्टरों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज गलत तरीके से किया है। जिसके बाद



पीड़ित ने फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में जाकर आंख का ऑपरेशन करवा कर उसे बाहर निकलवाया। पीड़ित ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है उसने अस्पताल प्रबंधक को वकील के जरिए नोटिस भी भिजवाया था, जिस पर आज तक जवाब नहीं दिया गया। इलाज में आए खर्च के साथ कुल 12 लाख रुपये की मांग की है।

# लगातार बेटियां होने से परेशान महिला का खौफनाक कदम, दो बच्चियों को चौथी मंजिल से फेंका; खुद भी कूदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा के बरौला गांव स्थित मकान में किराये पर रहने वाली महिला ने बुधवार दोपहर एक बजे के करीब अपनी दो बेटियों को चौथी मंजिल की छत से नीचे फेंका और महज एक मिनट बाद खुद भी कूद गई। एक बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला ने उपचार के दौरान एक घंटे बाद दम तोड़ दिया। घटना में घायल एक अन्य बेटी तीन वर्षीय दिव्या का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि हाथरस के बोगा गांव का मनोज वर्तमान में बरौला गांव स्थित जितेंद्र शर्मा के मकान में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। वह सेक्टर-49 थानाक्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल की कैंटीन में काम करता है। बुधवार को साढ़े नौ बजे वह घर से खाना खाने



के बाद कैंटीन आ गया। इस दौरान उसकी सात साल की बड़ी बेटी स्कूल चली गई। घर पर मनोज की पत्नी 32 वर्षीय सरिता और पांच साल की बेटी कृतिका और तीन साल की बेटी दिव्या थीं। दोपहर एक बजे के करीब पड़ोसियों ने मनोज को सूचना दी कि उसकी पत्नी सरिता दोनों बेटियों को छत से धक्का देने के बाद खुद भी नीचे कूद गई है। कृतिका की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आनन-फानन में मनोज घर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल सरिता और दिव्या को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान सरिता की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही एसीपी और थाना प्रभारी मय पुलिसबल मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक की टीम भी इस दौरान घटनास्थल पर पहुंच गई। टीम ने वहां से सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने और लगातार बेटियां पैदा होने से सरिता परेशान हो गई थी। गुरुवार को महिला और उसकी बेटी का अंतिम संस्कार होने की बात कही जा रही है। सरिता की मौत के बाद मनोज ने स्कूल गई अपनी सबसे बड़ी बेटी को अस्पताल बुलाया। बेटी ने जैसे ही मां को मृत अवस्था में देखा वह चीख-चीखकर रोने लगी। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने किसी तरह बेटी को संभाला। इस दौरान खून से सनी टीशर्ट पहने मनोज भी एक कोने में फूट फूट कर रो रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि मनोज को पड़ोस में रहने वाले सभी लोग अच्छे व्यवहार के कारण प्यार करते हैं। दो बेटियों को छत से नीचे फेंकने के बाद खुद भी छलांग लगाने वाली महिला सरिता ने पांच महीने पहले अपनी चौथी बेटी को जन्म दिया था। महिला जिस स्थान पर कूदी, वहां दो इमारतों के बीच गलियारा है। वहां मौजूद तार के जाल में सरिता फंस गई, लेकिन तार टूटने के बाद वह दोबारा नीचे गिरी। उसके सिर में गंभीर चोट लगी। उसे आईसीयू में भर्ती किया गया, लेकिन कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया।

## शादी के 48 घंटे बाद मां बनी दुल्हन ने बेटे को दिया जन्म

**मैनपुरी, एजेंसी।** मैनपुरी में शादी के 48 घंटे बाद ही दुल्हन ने बेटे को जन्म दे दिया। दुल्हन ने बेटे को जन्म दिया तो दूल्हा और उसके परिवार के लोगों के होश उड़ गए। दूल्हे और उसके परिजनों ने बेटे को अपनाने से इनकार किया तो हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रबंधन को बताए बिना दूल्हा पक्ष दुल्हन को छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग प्रसूता और बेटे को लेकर चले गए। बच्चा बेचने की अफवाह फैली तो अस्पताल प्रशासन ने फोन कर दोनों पक्षों को बुला लिया। बाद में मामला निपटा दिया गया।

मामला से जुड़ी कहानी कुसमरा क्षेत्र के एक गांव की है। यहां के निवासी युवक की शादी अपने बड़े भाई की साली के साथ दो दिन पहले हुई थी। बारात और दुल्हन लेकर युवक घर आ गया। घर में रिश्तेदार भी थे। मंगलवार की रात नाच-गाने के दौरान दुल्हन के पेट में दर्द शुरू हो गया। दूल्हा पक्ष के लोग उसे आनन फानन में सौ शैया अस्पताल ले आए। रात 2:20 बजे उसे भर्ती किया गया और 2:22 बजे दुल्हन ने सामान्य डिलीवरी के तहत एक पुत्र को जन्म दे दिया। बच्चा पैदा हुआ तो दूल्हा और उसके घरवाले हैरान रह गए और दुल्हन, बच्चे को छोड़कर भाग निकले। इसी बीच खबर मिली तो दुल्हन के घरवाले अस्पताल पहुंच गए और वे भी अस्पताल प्रबंधन को जानकारी दिए। बिना दुल्हन व नवजात को अपने साथ ले गए।

समाजसेविका ने समझाया तो मान गया दुल्हा पक्ष

बुधवार की सुबह अफवाह फैल गई कि अस्पताल से बच्चे को बेच दिया गया है। इस सूचना पर सीएमएस डा. एसके उपाध्याय ने फोन करके दोनों पक्षों को अस्पताल बुला लिया। सूचना पाकर वरिष्ठ समाजसेविका आराधना गुप्ता भी पहुंच गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper




भारत-इंग्लैंड

# रांची में भी 2 तेज गेंदबाज के साथ उतरेंगे बेन स्टोक्स

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत-इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच रांची में शुक्रवार, 23 फरवरी से खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम ने एक बार फिर टेस्ट मैच शुरू होने से पहले ही प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड की प्लेइंग 11 में 2 बदलाव हुए हैं। हालांकि, बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम राजकोट की तरह रांची में भी 2 तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी। इंग्लैंड की टीम की बल्लेबाजी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। गेंदबाजी में 2 बदलाव हुए हैं। रेहान अहमद और मार्क वुड को ड्रॉप किया गया है। शोएब बशीर और ओली रॉबिन्सन का मौका दिया गया है। 41 साल के जेम्स एंडरसन लगातार तीसरा टेस्ट खेलेंगे। उन्हें हैदराबाद में नहीं खिलाया गया। इसके बाद वह विशाखापत्तनम और राजकोट में खेले। वह रांची में भी खेलने को तैयार हैं। शोएब बशीर ने विशाखापत्तनम टेस्ट में डेब्यू किया। उन्हें राजकोट में आराम दिया गया था। रेहान अहमद की जगह उन्हें रांची टेस्ट में मौका मिला है। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की बात करें तो ओपनर जैक क्रॉली और बेन डकेट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हैदराबाद में 196 रन की पारी के बाद ओली पोप का बल्ला कुछ खास नहीं चला है।

इंग्लैंड के सिरदर्द जो रूट और जॉनी बेयरस्टो की फॉर्म है। रूट ने छह पारियों में अब तक 77 रन बनाए हैं। वहीं बेयरस्टो केवल 102 रन बना सके हैं। हालांकि, रूट गेंदबाजी से भी योगदान दे रहे हैं। बता दें कि इंग्लैंड की टीम सीरीज में 1-2 से पीछे चल रही है। पहला टेस्ट जीतने के बाद उसे दूसरे और तीसरे टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के लिए सीरीज का चौथा मैच काफी महत्वपूर्ण है।

यह मैच हारने पर टीम सीरीज गंवा देगी। बैजबॉल दौर में यानी बेन स्टोक्स के कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद इंग्लैंड की टीम अभी तक कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। ऐसे में रांची में उसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### रांची टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, बेन फोक्स, टॉम हार्टले, ओली रॉबिन्सन, जेम्स एंडरसन और शोएब

# शमी नहीं खेलेंगे आईपीएल 2024

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट के कारण आईपीएल 2024 से बाहर हो गए है। सूत्रों के अनुसार शमी चोट की सर्जरी करवाने लंदन जाएंगे। मोहम्मद शमी गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं और



पिछले दो सीजन में टीम की सफलता में उनका अहम योगदान रहा है। मोहम्मद शमी गुजरात टाइटंस के लीडिंग विकेट-टेकर रहे हैं. पिछले सीजन में तो इस खिलाड़ी ने 17 मैचों में 28 विकेट अपने नाम किए थे और टीम फाइनल तक पहुंची थी। 2022 में इस तेज गेंदबाज ने 20 विकेट हासिल कर गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था. साफ है इस सीजन में गुजरात टाइटंस को शमी की कमी खलने वाली है।

# इंडियन वेल्स खिताब का डिफेंड करने कोर्ट पर लौटेंगे चोटिल अल्कराज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोट से जूझ रहे कार्लोस अल्कराज टेनिस के शिखर पर जाने के लिए बेताब हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि वो इंडियन वेल्स खिताब का डिफेंड करने के लिए जल्दी फिट हो जाएंगे। कार्लोस अल्कराज ने अपने सोशल मीडिया पर चोट की अपडेट शेयर की है। मंगलवार को थियागो मोंटियरो के खिलाफ रियो डी जनेरियो में अपने पहले मैच में अल्कराज चोटिल हो गए थे, इसके बाद उन्हें मैच को बीच में ही छोड़ना पड़ा। पूर्व विश्व नंबर 1 ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, इस चोट के बाद मेरे टखने का एमआरआई हुआ। मेरे डॉक्टर और फिजियोथेरेपिस्ट ने जांच के बाद बताया कि यह एक ग्रेड सेकेंड मोच है। इसके कारण मुझे कुछ समय के लिए कोर्ट से बाहर रहना पड़ेगा ! लास वेगास और इंडियन वेल्स में मिलते हैं ! इंडियन वेल्स में मौजूदा चैंपियन के रूप में अल्कराज को एटीपी मास्टर्स 1000 का बचाव करने के लिए विश्व नंबर 2 रैंकिंग के लिए जैनिक सिनर की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# आकाश दीप कर सकते हैं रांची टेस्ट में डेब्यू



**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की रोमांचक टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट मैच रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। भारत इस वक्त सीरीज में 2-1 से आगे है। वहीं बीसीसीआई ने हाल ही में चौथे टेस्ट से पहले अपने स्क्वाड में बदलाव किया। अनुभवी गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत चौथे टेस्ट से आराम दिया गया है और उनकी जगह मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया गया है। वहीं केएल राहुल भी चौथे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। अब सवाल उठता है कि बुमराह की जगह खेलेगा कौन? आइये आपको बताते हैं।

### आकाश दीप ले सकते हैं जसप्रीत बुमराह की जगह

चौथे टेस्ट में बिहार के रहने वाले तेज गेंदबाज आकाश दीप जसप्रीत बुमराह की जगह ले सकते हैं। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अपनी गेंदबाजी से सबका दिल जीता था। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ आकाश ने 2 मैचों में 13 विकेट झटके थे। वहीं ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि चौथे टेस्ट में आकाश दीप भारत के लिए डेब्यू कर सकते हैं।

### आकाश दीप का फर्स्ट क्लास करियर

27 साल के आकाश दीप ने अब तक अपने फर्स्ट क्लास करियर में कुल 30 मैच खेले हैं। उनके नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कुल 104 विकेट हैं। वहीं उनका औसत 23.58 का है। इतना ही नहीं बल्कि आकाश दीप आईपीएल भी खेल चुके हैं। वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं।

# क्या विराट कोहली पांचवें टेस्ट के लिए करेंगे भारतीय स्क्वॉड में वापसी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए जब स्क्वॉड का ऐलान किया गया था, तब विराट कोहली इसका हिस्सा थे। इसके बाद उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से पर्सनल लीव मांगी और पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए। आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए स्क्वॉड के ऐलान से पहले लगातार चर्चा हो रही थी कि क्या विराट की वापसी होगी?

विराट ने अपनी छुट्टी बढ़ाई और वह बचे हुए तीन टेस्ट मैचों से भी बाहर हो गए। विराट कोहली दूसरी बार पिता बने हैं, 15 फरवरी को अनुष्का शर्मा ने बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम अकाय कोहली रखा गया है। सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाना है और इसमें विराट की वापसी मुश्किल है, लेकिन अब खबर ये आ रही है कि वह पांचवें टेस्ट में स्क्वॉड में वापसी कर सकते हैं। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाना है।

क्या विराट कोहली धर्मशाला टेस्ट मैच खेलने के लिए टीम में वापसी करेंगे? आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए स्क्वॉड का ऐलान पहले ही हो चुका है और विराट ने सीरीज के बचे हुए सभी टेस्ट मैचों से बाहर रहने का फैसला लिया। ऐसे में धर्मशाला टेस्ट मैच में उनकी वापसी काफी मुश्किल है।



# एबी डिविलियर्स ने अश्विन के लिए कही बड़ी बात

## कहा-जितना श्रेय मिलना चाहिए था उतना नहीं मिला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन की गिनती भारत के महान खिलाड़ियों में होती है। उन्होंने अपने दम पर भारतीय टीम के लिए कई मैच जिताए हैं। अश्विन भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनकी कैरम बॉल का कोई सानी नहीं हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में 500 विकेट पूरे किए हैं। अब साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स ने अश्विन की तारीफ की है।

### अश्विन से पहले ये गेंदबाज कर चुके कमाल

रविचंद्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में दूसरे सबसे तेज 500 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। पहले नंबर पर मुथैया मुरलीधरन हैं। अश्विन से पहले मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न,जेम्स एंडरसन, अनिल कुंबले, स्टुअर्ट ब्रॉड, ग्लेन मैक्ग्रा, कर्टनी वाल्श, नाथन लायन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट का आंकड़ा पार कर चुके हैं।

### ऐसा रहा है अश्विन का करियर

रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम के लिए साल 2011 में टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने अभी तक टीम इंडिया के लिए 98 टेस्ट मैचों में 501 विकेट हासिल किए हैं। इसके अलावा वह निचले क्रम पर उतरकर बेहतरीन बल्लेबाजी भी करने में माहिर हैं। उन्होंने भारतीय टीम के लिए अभी तक 3308 रन बनाए है, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। अश्विन ने भारतीय टीम के लिए 116 वनडे मैचों में 156 विकेट और 65 टी-20 मैचों में 72 विकेट अपने नाम किए हैं।

### एबी डिविलियर्स ने कही ये बात

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रविचंद्रन अश्विन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस भारतीय ऑफ स्पिनर को जितना श्रेय मिलना चाहिए था उतना नहीं मिला। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि क्या शानदार उपलब्धि है। बधाई अश्विन। आप उन खतरनाक गेंदबाजों में शामिल हो जिनके खिलाफ मैं खेला हूं। आप बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में भारतीय क्रिकेट टीम की अमूल्य संपत्ति हो। उन्होंने कहा कि वह इस खेल का दिग्गज खिलाड़ी है लेकिन उन्होंने जो प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में जो भूमिका निभाई उसका उन्हें पर्याप्त श्रेय नहीं मिला।



# बेटियों ने एशियाई जूनियर साइक्लिंग में जीता सोना, भारत ने पहले दिन जीते चार पदक

## साइक्लिंग चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीनियर और जूनियर वर्ग में हो रही पेरिस ओलंपिक क्वालिफाइंग इस चैंपियनशिप में 18 देश शिरकत कर रहे हैं। पैरा टीम स्प्रिंट में अरशद शेख, जलालुद्दीन अंसारी, बासवाराज की टीम को फाइनल में मलयेशिया से हार का सामना करना पड़ा। बेटियों ने एशियाई साइक्लिंग चैंपियनशिप में भारत को स्वर्णिम शुरुआत दिलाई।

आईजी स्टेडियम वेलड्रोम में बुधवार को जूनियर वर्ग में सरिता कुमारी, निया सेबेस्टियन, जायना मोहम्मद अली पीरखान और सबीना ने स्प्रिंट इवेंट में मजबूत कोरिया को हराकर चैंपियनशिप में देश का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने चैंपियनशिप के पहले दिन एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारत ने एक रजत पैरा टीम स्प्रिंट इवेंट में, दूसरा रजत पुरुषों की जूनियर टीम स्प्रिंट इवेंट में जीता, जबकि कांस्य पदक लड़कियों की जूनियर टीम परस्यूट इवेंट में मिला।




### अंतिम रेस में कोच ने बदला रायडर

स्प्रिंट टीम के कोच राहुल के मुताबिक उन्होंने रणनीति के तहत तीसरी और अंतिम रेस में सबीना की जगह पर जायना को उतारा, जिसका फायदा मिला। जायना थकी हुई नहीं थीं, जिसके चलते भारत ने 53.383 सेकंड का समय निकाला, जो कोरियाई रायडरों से बेहतर था।

राहुल के मुताबिक उन्होंने पहली दो रेस में सरिता, निया और सबीना को उतारा था। तीसरी रेस में कोरिया रायडर के फाल्स स्टार्ट का भी भारतीय टीम को फायदा मिला। केरल की निया ने कहा कि एशिया की सबसे मजबूत टीम को हराना किसी सपने के सच होने जैसा है। सीनियर और जूनियर वर्ग में हो रही पेरिस ओलंपिक क्वालिफाइंग इस चैंपियनशिप में 18 देश शिरकत कर रहे हैं। पैरा टीम स्प्रिंट में अरशद शेख, जलालुद्दीन अंसारी, बासवाराज की टीम को फाइनल में मलयेशिया से हार का सामना करना पड़ा।

जूनियर वर्ग की पुरुष टीम स्प्रिंट में नारायण महतो, सैयद खालिद बागी, एम वताबा मितेई की तिकड़ी ने 47.93 सेकंड का समय लिया, लेकिन कोरियाई टीम ने उनसे बेहतर समय निकालकर स्वर्ण जीता। जूनियर परस्यूट में हर्षिता जाखड़, सुहानी कुमारी, जेपी धन्याधा, भूमिका ने ताइवान को हराकर कांस्य जीता। द. कोरिया ने स्वर्ण और कजाखस्तान ने रजत जीता।

# नो बॉल को लेकर अंपायर पर भड़के वानिंदु हसरंगा




**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आखिरी मुकाबला उस समय विवादों में आ गया, जब स्क्वॉयर लेग अंपायर ने श्रीलंका की पारी के आखिरी ओवर में एक नो बॉल को लीगल डिलीवरी करार दिया। गेंद को देखकर आसानी से कहा जा सकता था कि ये हाइट की नो बॉल थी, लेकिन अंपायर ने इसे लीगल करार दिया और खामियाजा श्रीलंका ने भुगता, क्योंकि टीम को तीन रनों से हार मिली।

वहीं, मैच के बाद श्रीलंका की टी20 टीम के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने अंपायर पर निशाना साधा और उनको नई जॉब तलाशने के लिए कहा। वानिंदु हसरंगा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अंपायर लिंडन हैनिबल को दूसरी नौकरी ढूंढनी चाहिए, क्योंकि दांबुला में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 में रोमांचक मोड़ पर खड़े मैच के आखिरी ओवर के दौरान हैनिबल ने हाई फुलटॉस को लीगल डिलीवरी माना था।

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज वफादार मोमंद की गेंद कामिंदु मेंडिस की कमर के ऊपर से गई थी। बल्लेबाज ने थोड़ा सा आगे निकलकर खेलने की कोशिश जरूर की, लेकिन आईसीसी की प्लेइंग कंडीशन्स के मुताबिक, अगर वे पोपिंग क्रीज में सीधे भी खड़े होते तो भी गेंद नो बॉल ही दी जानी थी।

यदि यह (कमर की ऊंचाई के करीब) होता, तो कोई समस्या नहीं हो, लेकिन जो गेंद इतनी ऊपर जा रही है... अगर वह थोड़ी ऊपर जाती तो बल्लेबाज के सिर पर लगती।

## एक नजर

### देसी शराब हुआ बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (कां सं.)।** नवीनगर के माली थाना क्षेत्र के चरण बाजार के पास पुलिस गश्ती के दौरान थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के द्वारा लावारिस हालत में बाइक समेत झारखंड निर्मित 180 एमएल का 18 बोतल टनाका देसी शराब बरामद किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक और देसी शराब को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शराब के नशे में दो शराबी हुआ गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (कां सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के रतन करमा गांव निवासी अभय सिंह और मुकेश सिंह को पुलिस गश्ती के दौरान एसआई मदन उपाध्याय एवं सशस्त्र बल के द्वारा चनौखर गांव के पास शराब के नशे में पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि रेफरल अस्पताल में मेडिकल जांच के दौरान दोनों के शराब पीने की पुष्टि होने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वारंटी गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (कां सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के देवराज बिगहा निवासी लल्लू सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान एसआई पिंकी कुमारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा घर से पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उसके खिलाफ एनबीडबल्यू वारंट निर्गत था। वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### भारतीय प्रशासनिक सेवा के 17 अधिकारियों को प्रोन्नति

**पटना (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के बिहार कैडर के 17 अधिकारियों को प्रोन्नति दी गयी है। गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। इन्हें विशेष सचिव स्तर में प्रोन्नत किया गया है। ये सभी अधिकारी बिहार प्रशासनिक सेवा से प्रोन्नति द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) में 2023 में नियुक्त हुए हैं और नियुक्ति बैच 2011 है। इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा में योगदान की तिथि अथवा 1 जनवरी 2024 की तिथि, इनमें जो बाद में हो उससे प्रोन्नति प्रदान की गई है। प्रोन्नत किए गए आईएएस अधिकारियों में निदेशक भू-अर्जन सुशील कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव किशोरी चौधरी, राज्य निर्वाचन प्राधिकार के सचिव पुरुषोत्तम पासवान, ग्रामीण कार्य विभाग के अपर सचिव उज्वल कुमार सिंह, पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय, कटिहार के बंदोबस्त पदाधिकारी नरेश झा, लखीसराय के जिलाधिकारी एवं समाहर्ता रजनीकांत, राज्यपाल सचिवालय के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार, जल संसाधन विभाग के अपर सचिव शशांक शेखर सिन्हा, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव मुकेश कुमार सिन्हा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अपर सचिव निर्मल कुमार, मधेपुरा के बंदोबस्त पदाधिकारी ब्रजेश कुमार शामिल हैं।

पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रमुख का दो दिवसीय दौरा सम्पन्न

# पीएनबी का हर कदम राष्ट्रहित एवं विकास के लिए : सुधांशु शेखर दास





- महिलाओं के बीच वित्त स्वीकृति पत्र का हुआ वितरण
- ग्राहकों से रूबरू हुए अंचल प्रमुख, लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

बैंकिंग प्रणाली को सहजतापूर्ण ग्राहकों तक पहुंचाना पंजाब नैशनल बैंक का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही समाज के अंतिम पंक्ति में सहायता की बाट जोह रहे लोगों तक सरकार की बैंकिंग तथा वित्तीय संबंधित सभी लाभकारी योजनाओं को पहुंचना हमारा परम कर्तव्य है। उक्त बातें पंजाब नैशनल बैंक के पटना स्थित अंचल कार्यालय प्रमुख सुधांशु शेखर दास ने अपने दो दिवसीय दौरा के तहत औरंगाबाद पहुंचने पर कहीं। बता दें कि औरंगाबाद मंडल में उनका आगमन गत मंगलवार को हुआ जहां उन्होनें औरंगाबाद मंडल, अधीनस्थ कार्यालयों एवं शाखाओं की समीक्षा की तथा कर्मियों-अधिकारियों को निष्ठापूर्वक कार्यनिष्पादन के प्रति मार्गदर्शित किया। इस दौरे का उद्देश्य शाखाओं में सरल ग्राहक सेवा प्रदान करना, लाभकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करवाना तथा कर्मियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। अंचल प्रमुख ने कहा कि पीएनबी का हर कदम राष्ट्रहित, समाज हित एवं देश के विकास के लिए समर्पित है। देश को वित्तीय मामलों में सहायता प्रदान कर हम सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहायक है और प्रत्येक पीएनबी बैंकर को गर्व की अनुभूति होती है कि बैंकिंग प्रणाली को हम सुदृढ़तापूर्वक मजबूती प्रदान करते आ रहे हैं।

### आरसेटी औरंगाबाद का किया निरीक्षण

इस दौरे के बीच अंचल प्रमुख ने आरसेटी औरंगाबाद एवं आरसेटी नोखा में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा आरसेटी द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उनके द्वारा सर्वप्रथम पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद में बिजनेस कोरेस्पोंडेन्ट बैच एवं सेलफोन रिपेयरिंग व सर्विस के सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रबंधक ने अभ्यर्थियों को तन्मयता एवं निष्ठा के साथ व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया तथा साथ ही बैंक द्वारा दी जाने वाली हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। आरसेटी औरंगाबाद में चल रहे कपड़ा सिलाई (महिला) एवं घरेलू अगरबती निर्माण कार्यक्रमों के अभ्यर्थियों से पारस्परिक चर्चा की एवं उन्हें प्रशिक्षणोपरांत आत्मनिर्भर बनने व अपना स्वरोजगार स्थापित कर समाज के इस बदलते दौर में अपनी पहचान स्थापित करने की सलाह दी एवं उनका मनोबल बढ़ाया। अंचल प्रबंधक ने आरसेटी औरंगाबाद का निरीक्षण भी किया एवं इसके प्रबंधन, माहौल तथा प्रशासन की सराहना की। उन्होंने भविष्य में इस संस्थान को मॉडल आरसेटी के रुप में विकसित करने हेतु मार्गदर्शन एवं शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक राजकुमार सिंह सहित सभी कार्यालय कर्मचारी व 110 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। उनके साथ पीएनबी औरंगाबाद के मंडल प्रमुख विश्वजित विशवाल, डीडीएम नाबार्ड सुशील कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक उपेन्द्र चतुर्वेदी, मंडल कार्यालय से मुख्य प्रबंधक अजित हर्षवर्धन एवं प्रबंधक अनिल कुमार शामिल थे। अंचल प्रमुख ने आरसेटी नोखा में स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के बीच वित्त स्वीकृति पत्र का वितरण किया और उनसे उनकी उपलब्धि की कहानियां सुनी। अंचल प्रमुख का यह दौरा औरंगाबाद के माननीय मंडल प्रमुख, श्री विश्वजीत विश्वाल की अगुवाई में सम्पन्न हुआ।

### नवीकृत परिसर का हुआ उद्घाटन

वहीं इस दौरान अंचल प्रमुख ने बिक्रमगंज, दावथ एवं सासाराम शाखा के नवीकृत परिसर तथा रोहतास अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय एवं बभनी शाखा के नए परिसर का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में शाखाओं के ग्राहकों को भी आमंत्रित किया गया जिनसे अंचल प्रमुख रुबरु हुए तथा शाखाओं में ग्राहक सेवा के स्तर का जायजा लिया। मंडल कार्यालय एवं इसके अधीनस्थ अन्य कार्यालयों एवं शाखाओं के कर्मचारियों की समीक्षा बैठक हुई जिसमें अंचल प्रमुख द्वारा सभी को बैंक के लिए समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी गई। इसी कड़ी में कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले शीर्ष शाखाओं एवं कर्मचारियों की तस्वीरों वाली वॉल ऑफ फेम का उद्घाटन अंचल प्रमुख द्वारा किया गया।

# 13 गांवों के सरकारी स्कूलों को एनएसटीपीएस ने दिए बेंच-डेस्क

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** एनटीपीसी लिमिटेड की इकाई नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन(एनएसटीपीएस) ने नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत पावर प्लांट के आसपास के 13 गांवों के सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए बेंच-डेस्क उपलब्ध कराया है। बेंच-डेस्क उपलब्ध कराए जाने के बाद एनएसटीपीएस के मुख्य महाप्रबंधक चंदन कुमार सामंता ने गुरुवार को स्कूलो का दौरा कर नए बेंच डेस्को से उन्नत कक्षाओं का उद्धघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्टूडेंट्स का मौखिक मार्गदर्शन भी किया। गौरतलब है कि एनएसटीपीएस ने स्कूलों की यह मदद नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत की है। विद्यालयों को दिए गए सारे बेंच-डेस्क गोदरेज कंपनी से ख़रीदे गए है। इनकी कुल कीमत 30 लाख रूपए हैं। इसके अलावा भी एनटीपीसी, नवीनगर क्षेत्र के कई गांवों में सड़क, खेल मैदान एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य करा रही है। साथ ही स्कूलों की समस्याओं का समाधान करने में भी कार्यरत है। एनटीपीसी, नबीनगर के इस प्रयास से ग्रामीण विद्यालयो में बच्चो की कक्षा में उपस्थिति बढ़ेगी एवं शिक्षा के स्तर में भी सुधार आएगा। डेस्क-बेंच वितरण के बाद बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। बच्चों ने एक सुर मे कहा कि वे और भी मन लगा कर पढ़ाई करेंगे। इस मौके पर एनएसटीपीएस के सीजीएम चंदन कुमार सामंता के अलावा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) थॉमस रॉय, अपर महाप्रबंधक (आर एंड आर) एके पासवान, प्रबंधक(आर एंड आर) दीपक कुमार भी मौजूद रहे।

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का होगा भव्य स्वागत, तैयारी पूरी

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जन विश्वाश यात्रा के तहत आज औरंगाबाद के गांधी मैदान में जन सभा को संबोधित करेंगे। लौटने के क्रम में उनका गोह में भव्य स्वागत किया जायेगा। जानकारी देते हुऐ हसपुरा प्रखंड के राजद प्रवक्ता रविन्द्र यादव ने बताया कि जन विश्वास यात्रा को सफल बनाना हम सभी कार्यकर्ता की प्राथमिकता है। तेजस्वी यादव इस यात्रा के माध्यम से जनता का दिल और विश्वास जीतने के लिए निकले हैं, जो काम 17 साल में एनडीए के सरकार में नहीं हुआ 17 महीना में महागठबंधन की सरकार ने करने का काम किया है। श्री यादव ने कहा कि 17 महीने में 5 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का महागठबंधन की सरकार ने काम किया है। बिहार के आम एवं अपने नेता को आशीर्वाद देने के लिए और बिहार की गद्दी पर बिठाने के लिए तेजस्वी यादव के स्वागत के लिए सब लोग सड़क पर उतरे हैं।

## नशे का इंजेक्शन देकर झोलाछाप डॉक्टर ने किशोरी से किया दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा नशे का इंजेक्शन देकर एक 16 वर्षीया नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड में कासमा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मामले में पीड़िता के परिवार ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर औरंगाबाद महिला थाना की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। प्राथमिकी में डॉ. प्रदीप साव को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक किशोरी की तबीयत ख़राब थी। परिजनों के अनुसार डॉक्टर किशोरी का इलाज करने उनके घर पर आया था लेकिन घर में किशोरी को अकेली देख कर उसकी नियत खराब हो गई। उसने नशे का इंजेक्शन देकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। फिर मौक़े से फरार हो गया। वही होश आने पर किशोरी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की। मामले में औरंगाबाद महिला थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि आरोपी पेशे से झोलाछाप डॉक्टर है। वह बुखार, सर्दी, खासी आदि छोटे रोगों का प्राथमिक उपचार करता है। तबीयत खराब होने पर वह किशोरी का इलाज करने उसके गया था। इसी दौरान घर में अकेली देखकर डॉक्टर ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

## 11000 वोल्ट के बिजली तार के चपेट में आने से विद्युत कर्मी घायल, रेफर



निज संवाददाता

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज में 11000 वोल्टेज तार के चपेट में आने से एक बिजलीकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल नीतीश कुमार सासाराम के अगरेर थाना के अगरेर गांव निवास सहदेव चौधरी का पुत्र है। घायल का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। डॉ. विनोद कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। घायल ने बताया कि 11000 वोल्टेज तार में काम कर रहे थे। इसी दौरान करंट लगने से घायल हो गए। स्थानीय लोगो ने आनन फानन में बाईक से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। वही सूचना मिलते ही रफीगंज थाना के एसआई कविता कुमारी ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। परिजनों को सूचना के लिए अगरेर थाना को खबर किया।

## बाइक की टक्कर से सेवानिवृत्त शिक्षक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बाइक की टक्कर से एक सेवानिवृत्त शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद बाइक छोड़ सवार फरार हो गया। मामला शहर के महाराणा प्रताप चौक के समीप की हैं। जहां यह हादसा हो गई। मृतक की पहचान शहर के कथरुआ मोहल्ला स्थित वार्ड नंबर एक निवासी रामेश्वर सिंह के पुत्र अक्षयवर सिंह के रूप में हुई है। वैसे मृतक का पैतृक गांव नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मंगिया गांव है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि अक्षयवर सिंह किसी काम से एलआईसी कार्यालय गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान जैसे ही महाराणा प्रताप चौक के समीप पहुंचे तभी एक अनियंत्रित एक बाइक सवार ने रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बुजुर्ग को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर थाना लायी है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर चीत्कार कर उठे। परिजनों की चीत्कार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। इधर पुलिस ने शव को कब्जे के लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अक्षयवर सिंह एक महीने पूर्व ही शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। मृतक के दो बेटा व एक बेटी है। एक बेटा पवन गया में रेलवे अधिकारी है। वहीं दूसरा बेटा दिल्ली के एक निजी कंपनी में जॉब करता है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाइक दुर्घटना में एक सेवानिवृत एक शिक्षक की मौत हो गई। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को ले जिला जज ने की बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक


- बैठक में जिला जज ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। जज ने कहा कि आने वाले 09 मार्च को औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय एवं दाउदनगर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर गुरूवार को सभी इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में इंश्योरेंस कंपनियों के अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, अरूण तिवारी, धनंजय शर्मा, अरविंद सिंह, रामनरेश यादव, नेशनल इंश्योरेंस के प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार, ओरिएंटल इंश्योरेंस के प्रबंधक निखिल गुप्ता तथा न्यू इंडिया इंश्योरेंस के प्रबंधक अजित कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए निष्पादन से ज्यादा वादो का निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वसन दिया। बैठक में जिला जज ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। जज ने कहा कि आने वाले 09 मार्च को औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय एवं दाउदनगर अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। कहा कि बीमा से संबंधित सभी मामलों का निस्तारण औरंगाबाद के व्यवहार न्यायालय में ही होगा। इसके लिए अब समय काफी कम रह गया है और अब वादों के निष्पादन कराने हेतु सभी को अधिक तत्परता के साथ कार्य करना होगा तभी राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व की भांति सफल हो पाएगा। इसके लिए जिला जज ने इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित अधिवक्ताओं से राष्ट्रीय लोक अदालत में सहभागिता तथा सहयोग के लिए अनुरोध किया।

## पांच ओवरलोड ट्रैक्टर जब्त



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के कासमा थाना की पुलिस ने थाना के पास वाहन चेकिंग के दौरान दो बालू लदा ओवरलोड ट्रैक्टर व तीन ओवरलोड मिट्टी लदा ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पांच ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया है। ओवरलोडिंग को लेकर माइनिंग पदाधिकारी को बुलाया गया। उनके द्वारा चालान काटा गया। चालान माइनिंग कार्यालय में जमा करने के बाद रिलीज़ आर्डर प्राप्त होने पर वाहन को मुक्त किया जाएगा।

## सभी निर्वाचित सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई : जिला जज



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को जिला विधिक संघ औरंगाबाद में नवनिर्वाचित कार्यसमिति (2024-2026) का 27 सदस्यीय टीम का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि अशोक राज जिला एवं सत्र न्यायाधीश औरंगाबाद, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सत्य भूषण आर्य, उपभोक्ता अदालत के न्यायाधीश संजय कुमार सहित अधिकांश न्यायधीश उपस्थित थे, कार्यक्रम के अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह ने किया, संचालन अधिवक्ता प्रमेन्द्र मिश्रा ने किया, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह ने अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव पद पर जगनरायण सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष पद पर उदय कुमार सिन्हा, क्षितिज रंजन, नश्याम ठाकुर, इम्तेयाज अंसारी,संजय कुमार को प्रमाण पत्र देकर शपथ ग्रहण कराया।

बिहार सरकार
भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार, पटना
राजस्व नक्शों की डोर स्टेप डिलीवरी सेवा
अपने गाँव का राजस्व नक्शा प्राप्त करने के लिए आप निदेशालय के पोर्टल www.dlrs.bihar.gov.in के अतिरिक्त अपने पड़ोस के कॉमन सर्विस सेंटर या वसुधा केंद्र की मदद ले सकते हैं। वसुधा केंद्र से नक्शा मंगाने के लिए निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त 10 रुपये का भुगतान करना है। नक्शे की एक शीट के लिए निर्धारित शुल्क 150 रूपये है। पैकिंग एवं डाक शुल्क इसके अतिरिक्त है। वसुधा केंद्र में बुकिंग करने पर डाक द्वारा आपके दरवाजे तक राजस्व नक्शों की डिलीवरी की जाती है।
PR No.- 018058 (Revenue)D. 2023-24
